माघ मास, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 278, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 28 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - संस्कृति के उद्गाता पं विद्यानिवास मिश्र



अन्दर : अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार के बाद भावुक हुईं सानिया मिर्जा

# टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन और तनाव पर छात्रों को मोदी 'सर' ने दिए टिप्स

## तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा, परीक्षा में कभी न अपनाएं शॉर्टकट, नकल से आखिरकार होता है नुकसान, बोर्ड परीक्षा के बाद बच्चों को यात्रा के लिए पैसे दें, कड़ी मेहनत से जीवन में मिलेगी तरक्की नकल करने से बचें, मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से बचें, पेरेंट एग्जाम के अंकों के आधार पर शेखी बघारने से करें परहेज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा कि वे जीवन में कभी भी शॉर्टकट का रास्ता ना अपनाएं। उन्होंने नकल के प्रति भी छात्रों को आगाह किया और कहा कि इससे उन्हें अल्पकालिक लाभ तो हो सकता है लेकिन दीर्घकालिक नुकसान ही होगा। राजधानी स्थित तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा वार्षिक संवाद के छठे संस्करण के दौरान छात्रों से संवाद में मोदी ने कहा कि छात्रों को अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए।

बता दें कि परीक्षा पे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं. इस कार्यक्रम में पीएम तनाव और परीक्षा से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करते हैं। पीएम मोदी ने छठे संस्करण के दौरान छात्रों द्वारा कैलकुलेटर, मोबाइल जैसे तमाम गैजेट्स के अधिक इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त किया और कहा कि छात्रों को अपनी बुद्धिमत्ता पर भरोसा करना चाहिए ना कि अपने मोबाइल फोन पर। प्रधानमंत्री ने छात्रो को टेक्नोलॉजी से विचलित न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बातचीत के लिए जब आप मोबाइल फोन का उपयोग करें तो इसके लिए एक अलग समय तय करें।

प्रधानमंत्री ने परीक्षाओं में अनुचित प्रथाओं के उपयोग के खिलाफ भी दृढ़ता से बात की और छात्रों को सलाह दी कि वे इस बात पर गर्व न करें कि तनाव से बचने के लिए उनकी परीक्षा कितनी अच्छी रही। उन्होंने कहा कि नकल से किसी को एक या दो परीक्षा में तो मदद मिल सकती है लेकिन लंबे समय में जीवन में नहीं। शॉर्टकट कभी भी न अपनाने की सलाह देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि छात्रों द्वारा की गई कड़ी मेहनत ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा मदद करेगी। छात्रों को कई बार उन पर पड़ रहे दबाव का विश्लेषण करना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि कहीं वे अपनी ताकत को कम तो नहीं आंक रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं होना स्वाभाविक है लेकिन अगर वह समाज में दिखावे के लिए ऐसा करते हैं तो गलत है। उन्होंने कहा कि तनाव के कारणों में से एक यह है कि हमने अपनी परीक्षा में कितना अच्छा प्रदर्शन किया, इस बारे में शेखी बघारने लगते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे में माता-पिता बच्चों की बातों पर विश्वास करने लगते हैं और यह बात अपने आसपास के लोगों को बताने लगते हैं।

परीक्षा में अपने प्रदर्शन के बारे में गलत धारणा बनाने से बचें। छात्रों द्वारा अपने दायरे का विस्तार करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने माता-पिता को सलाह दी कि वे अपने बच्चों को कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के बाद कुछ स्थानों की यात्रा करने के लिए कुछ पैसे दें और उन्हें इसके बारे में लिखने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को घर के भीतर बंद नहीं रखना चाहिए और उन्हें उन गतिविधियों को करने की अनुमति दी जानी चाहिए जो वे समाज में करना चाहते हैं।

उन्हें समाज के विभिन्न लोगों से मिलने देना चाहिए। छात्रों को बंधनों में नहीं बांधना चाहिए। उन्हें उनका दायरा बढ़ाने की अनुमति दी जानी चाहिए। *एजेंसी*

## पार्टी मुख्यालय में भाजपा सीईसी की बैठक जारी, उम्मीदवारों के नाम पर लग सकती है मुहर




**नई दिल्ली।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक पार्टी मुख्यालय में जारी है। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीईसी के अन्य सदस्य सहित त्रिपुरा कोर ग्रुप के नेता भी मौजूद हैं। इस दौरान त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के लिए पार्टी मुख्यालय पहुंचे। बीते दिन हुई भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अहम बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और शीर्ष नेता मौजूद थे। बैठक में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, भाजपा के राज्य प्रभारी महेश शर्मा और राज्यसभा सांसद बिप्लब देब भी शामिल हुए थे।

***माकपा 43 और कांग्रेस 13 सीटों पर लड़ेगी चुनाव***

त्रिपुरा की मुख्य विपक्षी पार्टी माकपा ने 43 सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा की और 13 सीटें कांग्रेस के लिए आरक्षित रखीं। वाम मोर्चा के संयोजक नारायण ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है। इस बार 60 सीटों में से 43 सीटों पर माकपा, 13 पर कांग्रेस, 1 पर भाकपा, 1 सीट पर आरएसपी और 1 पर फॉरवर्ड ब्लॉक, जबकि एक सीट पर एक उम्मीदवार निर्दलीय चुनाव लड़ेगा।

***16 फरवरी को मतदान होगा***

60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा में 16 फरवरी को मतदान होगा। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। मतगणना दो मार्च को होगी। 2018 में भाजपा ने सीपीआई (एम) के 20 साल के शासन को समाप्त करते हुए त्रिपुरा में पहली बार सरकार बनाई थी।

## तहजीब के शहर में कटी जुबानः लखनऊ में रूठी पत्नी ने दांत से काटी पति की जीभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज मामला सामने आई है। यहां के ठाकुरगंज इलाके के राधाग्राम मुहल्ले में पति-पत्नी के बीच इस कदर लड़ाई हुई कि पत्नी ने पति की जुबान (जीभ) दांत से काट ली। और जुबान कटकर गिर गई। आनन-फानन से परिजनों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विकास राय के अनुसार महिला का विवाह तीन साल पहले तकिया में रहने वाले मुन्ना के साथ हुआ था। मुन्ना मजदूरी करता है। एक साल से दोनों के बीच अनबन चल रहा है और अलग रह रहे हैं। इनके दो बच्चे मुन्ना के घर पर रहते हैं। सलमा और मुन्ना गुरुवार को बच्चों से मिलने गए थे। इस बीच दोनों का विवाद हो गया। विवाद के दौरान मारपीट शुरू हो गई। सलमा ने मुन्ना की जुबान दांत से काट ली। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़े उन्होंने बीच जबाव कर दोनों को अलग किया।

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से मांगा गया संपत्ति का विवरण

### पूर्व आईपीएस को सरकार ने दे दी थी 2021 में अनिवार्य सेवानिवृति, नहीं देना होता इस तरह का कोई विवरण



**लखनऊ।** पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से संपत्ति का विवरण मांगा गया है। यह विवरण गृह मंत्रालय की तरफ से संचालित स्पैरो सॉफ्टवेयर सिस्टम से संदेश भेज कर मांगा गया है। जबकि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को इस तरह का कोई विवरण नहीं देना होता है। दरअसल, केवल आईपीएस अधिकारियों को सेवा में रहते समय ही अपने संपत्ति का विवरण देना होता है। संपत्ति का विवरण हर साल देना होता है, लेकिन पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से साल 2023 में वार्षिक संपत्ति का विवरण देने के लिए कहा गया है। जबकि भारत सरकार ने पूर्व आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर को मार्च 2021 में अनिवार्य सेवानिवृति दे दी थी। सामाजिक कार्यकर्ता नूतन ठाकुर ने बताया है कि सेवानिवृत्त होने के लगभग 2 साल बाद स्पैरो सॉफ्टवेयर सिस्टम ने अमिताभ को यह मेसेज भेजा है,मैसेज में कहा गया है कि उनका 1 जनवरी 2023 को प्रेषित किया जाने वाला वार्षिक संपत्ति विवरण अभी नहीं मिला है। अतः उन्हें शीघ्रता करते हुए अपना संपत्ति विवरण प्रत्येक दशा में 31 जनवरी तक भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएस अफसरों को सेवा में रहते समय प्रत्येक वर्ष अपना संपत्ति विवरण देना होता है लेकिन रिटायर होने के बाद यह बंद हो जाता है, इसके बाद भी स्पैरो सिस्टम एक सेवानिवृत्त अफसर से उसका संपत्ति विवरण मांग रहा है।

## अच्छे नंबर पाना अच्छी बात, लेकिन बच्चे को इसके लिए बाध्य करना गलत: सैनिक स्कूल में बोले मुख्यमंत्री योगी

### सीएम योगी ने कहा-सफलता के लिए बच्चों में हो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अतिरिक्त दबाव घातक, 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट-स्मार्टफोन दिए




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री ने कहा है कि परीक्षा में अच्छे नंबर पाना अच्छी बात है, लेकिन किसी बच्चे को इसके लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। क्योंकि जिसकी जितनी शारीरिक व बौद्धिक क्षमता होगी, वह उतना परिणाम देगा। अच्छे नंबर के लिए बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो न कि उन पर दबाव बनाया जाए, यह घातक है। क्योंकि अभिभावकों, स्कूलों, प्रबंधकों के दबाव में बच्चे तनाव में आ जाते हैं। तनाव में आकर वे हतोत्साहित हो जाते हैं और परीक्षा में अपना सामान्य प्रदर्शन भी नहीं कर पाते हैं।

सीएम शुक्रवार को सरोजनीनगर स्थित सैनिक स्कूल में पीएम मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि पीएम ने तनावमुक्त परीक्षा के लिए एग्जाम वॅरियर्स किताब लिखी और वे विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। विद्यार्थियों को परीक्षाओं को एक रूटीन वर्क के रूप में लेना चाहिए। वे तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए तैयार हों। सीएम ने बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की बेहतरी के लिए ऑपरेशन कायाकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा है कि 2017 के पहले विद्यालयों में बच्चे नंगे पैर, बिना शर्ट के आने को मजबूर थे। आज वे ड्रेस में, बैग में कॉपी-किताब लेकर स्कूल आते हैं। विद्यालयों में बदलाव का ही असर है कि आज से छह साल पहले जो स्कूल बंद होने जा रहा था, उसमें 300 बच्चे पढ़ रहे हैं। तब स्कूलों में बच्चे नहीं थे और अब बीते पौने छह साल में 60 लाख से ज्यादा नए बच्चों ने बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में दाखिला लिया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीएम ने हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों को 2021.22 में हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को 01 लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और एग्जाम वॉरियर्स किताब देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज जिन 1698 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। इनमें से 825 बालक और 873 बालिकाएं हैं। विभिन्न परीक्षाओं के हालिया परिणाम बालिकाओं की रचनात्मकता और कुछ कर गुजरने की भावना है। अभिभावक बालिकाओं को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने के लिए उतना ध्यान नहीं देते हैं। हम प्रयास करते हैं कि उनके साथ भेदभाव न हो। उनकी स्नातक तक कि शिक्षा निःशुल्क है तो बालिका के जन्म से आत्मनिर्भर होने तक के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

***विद्या समीक्षा केंद्र का किया उद्घाटन***

इस अवसर पर उन्होंने निपुण भारत मिशन के तहत विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र मध्याह्न भोजन प्राधिकरण कार्यालय में स्थापित किया गया है। यह 60 सीटर कॉल सेंटर है, जिसमें 18 स्क्रीन लगाई गई है। इसके माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करते हुए डैश बोर्ड दिखाया जा रहा है। हर तीन महीने में सभी छात्रों का सरल एप के माध्यम से निपुण असेसमेंट टेस्ट आयोजित किया जाएगा। निपुण असेसमेंट टेस्ट से मिले डेटा का एनालिसिस कर सभी छात्रों व अभिभावकों को रिपोर्ट कार्ड भेजा जाएगा। केंद्र में छात्र चैट बॉट व शिक्षक चैटबॉट के डाटा का भी विश्लेषण किया जाएगा।

***अगले साल तक पांच सैनिक स्कूल होंगे कार्यरत***

कैप्टन मनोज पांडेय यूपी सैनिक स्कूल की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि यह देश का पहला सैनिक स्कूल है। इसे 1960 में तत्कालीन सीएम डॉ. संपूर्णानंद जी ने स्थापित किया था। यहां बालिकाओं को भी प्रवेश मिलता है। इसकी स्थापना के बाद देश में सैनिक स्कूलों की शृंखला बननी शुरू हुई।

यूपी में पांच सैनिक स्कूल अगले साल तक शुरू हो जाएंगे। सैनिक स्कूल टेबलेट वितरण व मेधावी सम्मान कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीएमएस स्कूल के संस्थापक जगदीश गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जब जगदीश गांधी जैसे संस्थापक होंगे तो बच्चों पर पढ़ाई का दबाव तो बढ़ेगा ही जिससे वो अवसाद में चले जाते हैं। तनाव में कभी भी पढ़ाई नहीं करनी चाहिए।

## डीयू में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग से पहले बवाल प्रदर्शनकारी छात्र पुलिस हिरासत में, धारा 144 लागू

### दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित अंबेडकर यूनिवर्सिटी से शुक्रवार को डॉक्यूमेंट्री के स्क्रीनिंग की बात सामने आई, बिजली कट होने से छात्रों ने फोन और लैपटॉप पर देखा



**नई दिल्ली।** गुजरात के 2002 दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर विवाद अब गहराता जा रहा है। इसे लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने पहले ही दिल्ली पुलिस को खत लिखकर उचित कार्रवाई की बात कही है। इससे पहले वृत्तचित्र के प्रदर्शन को लेकर पिछले दिनों जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भी हंगामा हो चुका है।

बीबीसी डॉक्यूमेंट्री का विवाद जेएनयू व जामिया से चलकर दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंच गया है। एनएसयूआई केरला द्वारा आर्ट फैकल्टी में शुक्रवार को स्क्रीनिंग के लिए 4:00 बजे का समय दिया था। लेकिन इसका आयोजन नहीं हो सका। कोई विवाद ना हो इसलिए गेट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने धारा 144 भी लगा दी है। वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित अंबेडकर यूनिवर्सिटी से शुक्रवार को डॉक्यूमेंट्री के स्क्रीनिंग की बात सामने आई है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने वहां की बिजली ही काट दी है। इसके चलते छात्र पहले से ही डाउनलोड की हुई डॉक्यूमेंट्री अपने फोन और लैपटॉप पर देख रहे हैं। इसके अलावा एबीवीपी छात्रों ने विरोध में तोड़फोड़ की।

***इसलिए डीयू प्रॉक्टर ने लिखा खत***

गौरतलब है कि 24 जनवरी को पश्चिम बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग के बाद इसके पूरे देश के विश्वविद्यालयों में इसके स्क्रीनिंग की बात कही थी। इसी को देखते हुए एहतियात के तौर पर डीयू की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने दिल्ली पुलिस को इस संबंध में पत्र लिखा है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे के भाई की मौत



### मेडिकल कॉलेज में परिवार ने किया हंगामा, लापरवाही बरतने पर 2 डॉक्टर निलंबित

**पटना।** भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे के छोटे भाई निर्मल चौबे की मौत हो गई है। इस पर परिवार और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। परिवार का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हुई है। हंगामा कर रहे लोगों ने अस्पताल अधीक्षक असीम कुमार दास को घेर लिया। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। समझाने पर परिवार वाले नहीं माने। उनकी मांग पर दो डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया। निर्मल चौबे 65 वर्ष के थे। एयरफोर्स से रिटायर थे। शाम 4 बजे तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। परिवार के मुताबिक अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ी, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, लेकिन आईसीयू में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। परिवार और उनके साथ आए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए अड़ गए। इस पर अस्पताल अधीक्षक ने डॉक्टर विनय कुमार और आदित्य वैद्य को सस्पेंड कर दिया। अस्पताल अधीक्षक ने माना कि आईसीयू में मौके पर डॉक्टर नहीं थे।

# जम्मू-कश्मीर में राहुल के सुरक्षा घेरे में घुसे लोग राहुल ने यात्रा कैंसिल की, पुलिस ने किया इनकार

## प्रेस वार्ता कर बोले राहुल, सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई, खड़गे ने कहा- हम पहले भी दो पीएम खो चुके, पुलिस बोली-यात्रा की हिफाजत के लिए फुलप्रूफ इंतजाम किए, बीजेपी का पलटवार-25 कंपनी सुरक्षा मुहैया कराई गई थी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड में एंट्री के सिर्फ एक किलोमीटर बाद ही राहुल गांधी की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। यहां राहुल के सुरक्षा घेरे में कई लोग घुस आए थे। इसके बाद पुलिस राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला को गाड़ी में बैठाकर अनंतनाग ले गई। अनंतनाग में राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- आज यात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। टनल से निकलने के बाद पुलिसकर्मी नहीं दिखे। मेरे सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि हम और नहीं चल सकते। मुझे अपनी यात्रा रोकनी पड़ी। बाकी लोग यात्रा कर रहे थे। राहुल ने कहा- भीड़ को काबू करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, ताकि हम यात्रा कर सकते। मेरी सुरक्षा में लगे लोगों की सलाह को दरकिनार करना मेरे लिए मुश्किल था। इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर में राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक परेशान करने वाली है। भारत पहले ही दो पीएम और कई नेताओं को खो चुके है। हम यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा की मांग करते हैं।

***केसी वेणुगोपाले बोले- 15 मिनट से कोई सुरक्षा अधिकारी नहीं है***

राहुल गांधी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने नाराजगी जताई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर निशाना साधा। वेणुगोपाल ने सुरक्षा में सेंध के लिए पुलिस अधिकारियों और सीआरपीएफ के जवानों को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 मिनट से यात्रा के साथ कोई भी सुरक्षा अधिकारी नहीं थे, ये गंभीर चूक है। राहुल और अन्य कार्यकर्ता बिना सुरक्षा के यात्रा में आगे नहीं बढ़ सकते हैं। कश्मीर पुलिस ने कांग्रेस के आरोप को गलत बताया है। यात्रा की हिफाजत के लिए फुलप्रूफ इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न तरह के सुरक्षा इंतजामों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियां, यानी लगभग 1500 जवान तैनात हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस की भी 10 कंपनियां, यात्रा की सुरक्षा में लगी हैं।

अब बीजेपी ने इस मसले पर राहुल गांधी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा है कि यात्रा को सुर्खियों में बनाए रखने के लिए ये आरोप लगाए जा रहे हैं। बीजेपी ने साथ ही कहा कि इस तरह के आरोपों से सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल टूटता है। *एजेंसी*

## तिकुनिया हिंसा: 280 दिन बाद जेल से रिहा हुआ मंत्री पुत्र आशीष मिश्र, जेल के पिछले गेट से देर शाम गुपचुप रिहाई



**लखनऊ।** तिकुनिया हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत के बाद शुक्रवार की शाम को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र और मुख्य आरोपी आशीष मिश्र को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। वह पिछले 280 दिन से जिला कारागार में अपने अन्य 13 साथियों के साथ जेल में बंद था। जिला कारागार के पिछले दरवाजे से आशीष मिश्र मोनू को गुपचुप रिहा कर दिया गया। तिकुनिया हिंसा मामले में मुख्य आरोपी और मंत्री पुत्र आशीष मिश्र मोनू को आखिरकार शुक्रवार को एक बार फिर से रिहाई मिल गई। एडीजे प्रथम अदालत ने जमानतदारो की सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद शुक्रवार को जिला जेल में रिहाई आदेश भेजा, जहां सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई सशर्त अंतरिम जमानत के संबंध में अंडरटेकिंग दाखिल करने पर आशीष मिश्र मोनू को रिहा कर दिया गया। तीन अक्तूबर 2021 को तिकुनिया में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोग मारे गए थे। मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के पुत्र आशीष मिश्र मोनू को मुख्य आरोपी बनाया गया है। आशीष मिश्र को जेल से दूसरी बार रिहा किया गया है। इससे पूर्व हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद आशीष मिश्र मोनू की रिहाई दे दी थी। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेश को रद्द कर दिया था। इसी के बाद दोबारा जमानत आदेश पर सुनवाई हुई तो हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद से ही मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित चल रहा था। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्र मोनू को आठ सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत पर रिहाई करने का आदेश जारी किया, जिसके चलते बुधवार को तीन-तीन लाख रुपये के दो जमानतदार दाखिल किए गए थे। शुक्रवार को दोनों जमानत के संबंध में सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद प्रथम एडीजे अदालत ने रिहाई के आदेश भेज दिए। साथ ही जिला कारागार खीरी को सशर्त आदेश के संबंध में अंडरटेकिंग भेजी थी, जिसे मंजूरी करते ही आशीष मिश्र मोनू की रिहाई मुकम्मल हो गई और गुपचुप तरीके से जेल के पिछले दरवाजे से उसे रिहा किया गया।

## संक्षेप

### डीडीयू -जीकेवाई सेंटर पर शान से फहराया तिरंगा, मां सरस्वती का हुआ पूजन

**करछना।** सबको हुनर सबको काम की तर्ज पर संचालित हो रहे केंद्र एवं प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू - जीकेआई) के गौहनिया सेंटर पर 26 जनवरी को धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान बसंत पंचमी के उपलक्ष में सरस्वती पूजन वंदन किया गया। सुनहरा भविष्य विकास समिति की ओर से करमा रोड, गोहनिया स्थित सेंटर पर प्रशिक्षुओं ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, जल ही जीवन है और भारत माता का आकर्षक छाया चित्र, स्लोगन तैयार कर लोगो का मनमोहा। एमएसटी सेकेंड बैच की पिंकी पांडेय, अंजू पटेल, निशा पटेल, ज्योति देवी, खुशबू, एमएसटी फर्स्ट में नेहा सिंह, रिया प्रजापति, संध्या सिंह, अनामिका सिंह, एमएसटी थर्ड में श्वेता उपाध्याय, वैशाली उपाध्याय, पूजा सिंह, अंगूरी देवी एमएसटी चतुर्थ बैच की संजू पटेल, करीना, रीना, मानसी आदि ने रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। लडको के ग्रुप ने बालिबाल खेल में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रोजेक्ट हेड प्रवीण कुमार द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। सेंटर मैनेजर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने सरस्वती पूजन किया। इस दौरान रति पाल, आनंद विश्वकर्मा, शिवांशु तिवारी, पूजा सिंह, धर्मेंद्र द्विवेदी, ऊषा देवी, पूजा विश्वकर्मा, प्रिया पटेल, आदि मौजूद थे।

# सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों में धूम-धाम से हुआ ध्वजारोहण

**मेजा।** तहसील क्षेत्र में गुरुवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिलाने वाले वीरों को नमन किया। इसी क्रम में मेजारोड व्यापार मंडल कार्यालय पर व्यापार मंडल के सलाहकार सिद्धान्त तिवारी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सभी लोगों को आजादी के दीवानों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, नितेश तिवारी, सागर गुप्ता,नागर गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश गौड (बाबा), टिंकू उपाध्याय, मुन्ना पाण्डेय रहे।

इसी प्रकार से खण्ड विकास अधिकारी उरुवा गौरव कुमार ने ब्लाक मुख्यालय पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। खंड विकास अधिकारी ने देश को आजादी दिलाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। अवर अभियंता प्रदीप अवस्थी,बाबू संतोष तिवारी,एपीओ प्रदीप रस्तोगी, शिववीर विद्यार्थी रहे।

इसी ग्राम सभा छतवा के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान कंचन मिश्रा ने ध्वजारोहण किया । इस दौरान स्कूल के नौनिहालों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रधान कंचन मिश्रा पुरष्कार देकर उत्साहवर्धन किया । इसके अलावा क्लास एक से पाँच तक के होनहार बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया । प्रधान कंचन मिश्रा ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह एक रास्ट्रीय त्योहार है यह दिन भारत के इतिहास में एक अलग अहमियत रखता है । भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक रूप से अपनी सरकार चुनने की शक्ति को दशार्ता है आज ही के दिन देश मे संविधान लागू कर भरत गणराज्य घोषित किया गया था।


छतवा प्राथमिक विद्यालय पर तिरंगा फहराती प्रधान कंचन मिश्रा


व्यापार मंडल कार्यालय पर ध्वजारोहण के दौरान व्यापारी


ब्लाक मुख्यालय उरुवा पर ध्वजारोहण करते बीडीओ

### हर्षोल्लास से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस

**बारा।** 74वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रमुखों और अतिथियों ने ध्वजारोहण कर लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। यमुनापार की बारा तहसील में उपजिलाधिकारी बारा अब्दुल्ला सुदन ने ध्वजारोहण किया। इसी क्रम में पीपीजीसीएल बारा पॉवर प्लांट में सीफओ प्रसाद बागड़े और ओएंडएम चीफ अभिजीत ए दास ने झंडारोहण किया।अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड कंपनी में यूनिट हेड अमिताभ कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर एचआर हेड संजय सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## माण्डा में जगह-जगह धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**माण्डा।** मांडा के कार्यालयों पर हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस महोत्सव के रूप में मना। मांडा विकासखंड कार्यालय पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह व खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों के उपस्थिति में झंडारोहण संपन्न हुआ व मांडा थाना पर प्रभारी निरीक्षक मांडा अरविंद कुमार गौतम ने झंडारोहण किया एवं ऊंचडीह पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर धनंजय शुक्ला ने झंडारोहण किया अथवा मांडा प्रधान असद अली को विकासखंड अधिकारी मांडा ने सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया।


सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण करते हुए


माण्डा थाना परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल पुलिसकर्मी


क्लीन लालगोपालगंज ग्रीन लालगोपालगंज

**कार्यालय नगर पंचायत लालगोपालगंज-प्रयागराज**

**उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत नगरवासियों से निम्न आपेक्षाएं की जाती है-**

- पालीथीन पूर्णतः प्रतिबन्धित है, कृपया पालीथीन का प्रयोग न करें, पकड़े जाने पर नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जायेगा। अतः कपड़े एवं कागज के बने थैले का प्रयोग करें।
- 100 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक के कैरी बैग और वस्तू 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबंधित है।
- गीला कचरा हरे डस्टबिन में, सूखा कचरा नीले डस्टबिन में ही डालें।
- खुले में शौंच व पेशाब न करें। शौंचालय व मूत्रालय का प्रयोग करें। कूड़ा खुले में न फेकें, कूड़ा सदैव कूड़ेदान में ही डालें।
- कूड़ा खुले में फेकते हुए, खुले में शौंच व पेशाब करते हुए पकड़े जाने पर 100 रू0 जुर्माना वसूला जायेगा।
- दो गज की दूरी मास्क है जरूरी। सार्वजनिक स्थल पर मुंह व नाक को ढकने के लिए मास्क/कपड़े का प्रयोग करें।
- स्वच्छ भारत मिशन नगरीय का मुख्य उद्देश्य है सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाना। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अत्यन्त आवश्यक है, 3-R(Reduce, Reuse Recycle) सिद्धान्त को लागू करना। इस सन्दर्भ में भविष्य में सभी सार्वजनिक कार्यक्रम जीरो वेस्ट सिद्धान्तों पर आयोजित किये जाये, ताकि अपशिष्ट उत्पाद की मात्रा को कम किया जा सके।
- **स्वच्छ ढाबा अभियान-** जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ढाबा/स्वीट हाउस/खान-पान से संबंधित संचालकों से अनुरोध है कि ढाबा/स्वीट हाउस/खान-पान से संबंधित दुकान से जनित अपशिष्ट को वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जाय।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लालगोपालगंज, प्रयागराज | लिपिक, न0 पं0 लालगोपालगंज, प्रयागराज | प्रशासक, नगर पंचायत लालगोपालगंज, प्रयागराज


पत्रांक-मेमो/न0पं0लाल/2022-23 दिनांक-24-01-2023


## बिशप कान्वेंट स्कूल में धूम धाम से मना गणतंत्र दिवस



**नैनी।** गणतंत्र दिवस के 74 वें वर्ष के अवसर पर 26 जनवरी 2023 को बिशप कान्वेंट स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया स्कूल के डायरेक्टर संजय पाठक जी, प्रबंधक अलका पाठक, प्रधानाचार्य रुचि मिश्रा, बच्चों ने मिलकर धूमधाम से मनाया और तिरंगा फहराया। उन आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को याद किया। जिन्होंने पूरी अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया। उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दिये।

## कमला पब्लिक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव




**नैनी।** 26 जनवरी 2023 को कमला पब्लिक स्कूल शिवनगर, नैनी में गणतंत्र दिवस के एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय में विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील तिवारी जी द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विषय में जानकारी प्राप्त हुआ इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य माधुरी पाठक फूलचंद्र, विद्या कांत शुक्ला, साहेब लाल यादव, राहुल आदि अभिभावक गण ने विद्यालय में उपस्थित रहे।

## सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल में फहराया गया तिरंगा


मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना करते विद्यालय के प्रबंधक डॉ अजय कुमार

**नैनी।** 26 जनवरी 2023 को नैनी स्थित सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल में गणतंत्र दिवस एंव बसंत पंचमी का आयोजन बड़े हषोर्ल्लास से किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक डॉ अजय कुमार जी उपस्थित रहे मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या एवं उप प्राचार्या पुष्प गुच्छ देकर किया। अतिथि द्वारा विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण एवं मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि जी ने गणतंत्र दिवस पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राओं द्वारा देश भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के एडिशनल डायरेक्टर सुशील तिवारी जी ने गणतंत्र दिवस की महत्ता एवं बसंत पंचमी के आध्यात्मिक पक्ष को प्रस्तुत किया । अंत में प्रधानाचार्य जी ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया फिर वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## प्रेरणा परमार्थ आश्रम द्वारा निःशुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रम


वैवाहिक बंधन में बंधते जोड़े

**नैनी।** 26 जनवरी 2023 दिन बृहस्पतिवार को प्रेरणा परमार्थ आश्रम के द्वारा अवधूत भगवान राम निःशुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 5 कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न कराया गया उक्त कार्यक्रम में विधायक पीयूष रंजन निषाद जी ने उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया परम पूज्य अवधूत भगवान राम ने अपने आशीर्वचन में कहा है₹ दहेज एक सामाजिक कुष्ठ है₹ जिस प्रकार कुष्ठ रोग धीरे-धीरे पूरे शरीर को खत्म कर देता है उसी प्रकार दहेज प्रथा भी हमारे समाज को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जा रही है इसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने हेतु गुरु मार्ग पर चलते हुए प्रेरणा परमार्थ आश्रम अब तक पूरे भारतवर्ष में लगभग 3000 कन्याओं के विवाह में सहयोग एवं विवाह करवा चुका है और कुछ मुस्लिम कन्याओं का निकाह भी करवा चुका है परम पूज्य अघोर मूर्ति श्री भैया जी के मार्ग निर्देशन में एवं आश्रम के सभी सदस्यों के द्वारा आपसी सहयोग एवं पूर्ण रूप से कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा तिरंगा फहराया गया


ध्वजारोहण करते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

**नैनी।** गणतंत्र दिवस के 74 वें वर्ष के अवसर पर दिनांक 26 जनवरी 2023 को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा यमुनापार नैनी प्रयागराज मंडल की तरफ से चित्रगुप्त पार्क, बी ब्लॉक, ए॰डी॰ए कॉलोनी नैनी में प्रकोष्ठ अध्यक्ष वाई॰ पी श्रीवास्तव के द्वारा तिरंगा फहराया गया। वाई॰ पी श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस शहीद उन आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को याद किया जिन्होंने पूरी अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया था डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति ने भारतीय गणतंत्र की पहली सांसद को संबोधित किया था जो आज भी चरितार्थ हैं। अध्यक्ष श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संचालन करते हुए उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दिये सभा में मुख्य रूप से उपस्थित अश्वनी कुमार, रमेश लाल श्रीवास्तव, विमल सक्सेना, इंद्र भूषण सिन्हा, अमन सक्सेना, गिरीश चंद श्रीवास्तव, विद्या भूषण सिन्हा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## झंडारोहण और सरस्वती पूजा के साथ उरुवा में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**उरुवा।** देश के 74वें गणतंत्र दिवस पर गुरुवार को उरुवा विकास खंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर झंडारोहण के बाद सरस्वती पूजा किया गया। उरुवा खंड विकास कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम के साथ बीडीओ कुमार गौरव ने ब्लॉक कर्मियों के साथ झंडारोहण किया। रामनगर के सुन्दरीकृत पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान संगीता नीरज सिंह यादव के साथ ग्रामपंचायत अधिकारी सविता यादव ने सैकड़ों ग्रामवासियों के साथ झंडारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में अधीक्षक डॉ. नीरज सिंह पटेल ने अस्पताल में झंडारोहण किया। एस डी पब्लिक स्कूल रामनगर में प्रबंधक नीरज सिंह यादव व निदेशक पंकज सिंह यादव ने अध्यापक स्टॉफ व गांव के गणमान्य लोगों के साथ झंडारोहण किया। मानस पेट्रोलियम समहन तथा मेजारोड में समाजसेवी इंजी. नित्यानंद उपाध्याय तथा प्रबंधक मनीष उपाध्याय ने झंडा फहराया। रामनगर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल विद्यालय में प्रबंधक रतन सिंह द्वारा झंडारोहण किया गया। झंडारोहण के बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। वी आर पब्लिक स्कूल रामनगर में प्रबंधक डॉ. राजेश्वर प्रसाद तथा निदेशक रागिनी देवी द्वारा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ झंडारोहण किया गया। उंचडीह संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापक विनोद शुक्ल ने झंडा फहराया। धरमपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार मिश्र ने झंडारोहण किया। उरुवा विकास खंड के पंडित का पूरा स्थित अंबिका पब्लिक स्कूल में प्रबंधक उमाकांत पांडेय द्वारा झंडारोहण किया गया। धर्मशीला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में झंडा रोहण के बाद सरस्वती वंदना 'हे शारदे मां हे शारदे मां,अज्ञानता से हमें तार दे मां' से बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत। इसी तरह कालीचरण सिंह विद्यालय रामनगर में प्रबंधक श्रीराम सिंह ने स्कूली बच्चों के साथ प्रभातफेरी निकालकर झंडा फहराया। ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में संस्थापक अशोक कुमार तथा प्रबंधक डॉ. नीरज कुमार ने झंडा रोहण किया। राजकीय बीज भंडार मेजारोड में प्रभारी प्रदीप बाबू एवं एटीएम अरुण कुमार शुक्ल ने झंडा फहराया। रामनगर स्थित नव जीवन हॉस्पिटल में डॉ. कल्पना सिंह, सुनीता अस्पताल में सुनीता श्रीवास्तव तथा मां शीतला अस्पताल में धीरज नारायण ने झंडा फहराया। इसी तरह क्षेत्र के कई विद्यालय एवं सरकारी प्रतिष्ठानों में गणतंत्र दिवस समारोह झंडारोहण के बाद बड़े ही जोशोखरोश के साथ मनाया गया।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, प्रयागराज
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या [illegible]

[illegible]

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Supply and carriage of pea gravel of size 2.00 to 3.50 mm (IS Code-4097-1967 Reaffirmed 2008) from Lalkuan Haldwani to Gyanpur Store (Sub Division,TWD-II) Block- Deeh District-Bhadohi, including screening, loading, unloading, stacking, Royalty, Contractor profit, all taxes of Quarry and Transportation. | [illegible] | 277800.00 | 5600.00 | 575.00 | एक माह | A [illegible] |
| 2 | Supply and carriage of pea gravel of size 2.00 to 3.50 mm (IS Code-4097-1967 Reaffirmed 2008) from Lalkuan Haldwani to Central Store Mirzapur Block-City District-Mirzapur, including screening, loading, unloading, stacking, Royalty, Contractor profit, all taxes of Quarry and Transportation. | [illegible] | 198800.00 | 4000.00 | 575.00 | एक माह | A [illegible] |
| 4 | Drilling of Bore (550x450mm) of state tubewell of 150mtr depth of 1.0cusec capacity to provide irrigation facility in Block-Bhadohi District-Bhadohi | 1 अदद | 332000.00 | 4700.00 | 575.00 | एक माह | A [illegible] |
| 5 | Drilling of Bore (550x450mm) of state tubewell of 120mtr depth of 1.0cusec capacity to provide irrigation facility in Block-City District-Mirzapur | 1 अदद | 180000.00 | 3600.00 | 575.00 | एक माह | A [illegible] |

[illegible]

उ.प्र.-184974 दिनांक-25.01.2023
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड प्रयागराज


### बादशाही मंडी चौकी अंतर्गत स्वरूप रानी पार्क के पास देह व्यापार कि सूचना मिलने पर हड़कंप

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली क्षेत्र बादशाही मंडी चौकी अंतर्गत नगर निगम स्वरूप रानी पार्क के आगे हटकेश्वर मंदिर के पास कुछ दिनों पहले ई- रिक्शा में बैठकर महिला एक व्यक्ति से साथ चलने के लिए डीलिंग कर रही थी महिला का वीडियो वायरल होते ही, पुलिस हरकत में आई इस तरह ई- रिक्शे पर खुलेआम देह व्यापार का धंधा चल रहा था वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन वीडियो में दिख रही महिलाओं की तलाश कर रही है, इस विषय में संवाददाता से चौकी प्रभारी बादशाही मंडी आशीष बौद्ध से बातचीत हुई उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है हमने अपने कोतवाल साहब को सूचित कर दिया है इस तरह का कोई भी प्रकरण संज्ञान में आता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी हालांकि कोई वादी शिकायत लेकर क्षेत्र का नहीं आया है अगर ऐसी कोई शिकायत प्रकाश में आती है तो त्वरित एक्शन लिया जाएगा और उनपर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कोतवाली पुलिस ने यह भी बताया की दो महिलाओं को शक के आधार पर रोका औ? पूछताछ की गई लेकिन ये वो महिला नहीं थी धरपकड़ जारी है पुलिस ने कहा अनैतिक कार्य करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। ई-रिक्शा संचालक की भी तलाश की जा रही है।

# महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में मनाया गया गणतन्त्र दिवस एवं वसन्तोत्सव


वसंतोत्सव कार्यक्रम में पूजा अर्चना करतीं प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला व अन्य


तिरंगा फहराती प्रधानाचार्या व अन्य

**नैनी।** 26 जनवरी 2023 गुरूवार को महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में 74 वाँ गणतन्त्र दिवस एवं बसन्तोत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया । देशभर में 74 वाँ गणतन्त्र दिवस आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मनाया जा रहा है, यही है भारत की आन वान सान के साथ पहचान । 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू किया गया और इसी दिन भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना इसलिए गणतन्त्र दिवस मनाया जाता है । गुरू वन्दना झ सरस्वती वन्दना के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने ध्वजारोहण किया और सभी छात्र झछात्राओं एंव शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा राष्ट्रगान गाया गया ।

वन्दे मातरम की जय घोष से विद्यालय परिसर गूँज उठा । प्रधानाचार्या जी ने गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष गणतन्त्र दिवस 2023 की थीम है झ ह्लजनभागीदारी के आदर्शो का प्रतिनिधित्व करेगाह्व । गणतन्त्र दिवस मनाने का उद्देश्य हमारे देश का संविधान 26 जनवरी को लागू किया गया और इससे पहले भी इसका इतिहास 26 जनवरी से जुड़ा हुआ है । आज के ही दिन भारत एक संप्रभु राष्ट्र बना और लोकतांत्रिक गणराज्य की उपाथि हासिल की । इसके बाद प्रधानाचार्या जी ने ज्ञान , विद्या , संगीत और कला थी देवी माँ सरस्वती की पूजन करने हेतु पूजन स्थल पर पहुँची । वैदिक परम्परा के अनुसार माता सरस्वती जी का विधि झविधान के साथ पूजन झअर्चन एवं बन्दन किया इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्रा एवं शिक्षक झशिक्षिका सभी उपस्थित होकर पूजन-बन्दन किए । हवन झ आरती के पश्चात सभी को प्रसाद दिया गया । इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बेरी विकास खण्ड-माण्डा, जनपद प्रयागराज**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेरी के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/वेण्डरों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 28.01.2023 से दिनांक 01.02.2023 तक सील बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 16.02.2023 को साय 03 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है नियम शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क करे।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत / अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह मे) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | राजकीय इण्टर कालेज की बाउन्ड्रीबाल व गेट | 1800000.00 | 03 |
| 2. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | पाण्डेयपुर घोहरई पक्की सड़क से रवि शंकर राजेश्वरी उमाकान्त के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 400000.00 | 02 |
| 3. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | प्रा0 वि0 पाण्डेयपुर में गेट व खिड़की दरवाजा एवं फर्श बनना एवं टाइल्स लगाने का कार्य | 400000.00 | 03 |
| 4. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | पाण्डेयपुर पक्की सड़क से श्री नारायण पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 139000.00 | 02 |
| 5. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | पाण्डेयपुर पक्की सड़क से विद्या सागर शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 151000.00 | 02 |
| 6. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | पाण्डेय पुर में विनोद कुमार तिवारी के हैण्डपम्प से कमलाशंकर एवं चन्द्रशेखर तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 172000.00 | 02 |
| 7. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | मड़फा पक्की सड़क से नहर पटरी सलैया माइनर पुल तक इण्टरलाकिंग कार्य | 400000.00 | 02 |
| 8. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | प्रा0वि0 बेरी में बच्चो के खाना खाने की जगह पर सीमेन्ट सीट छावनी का कार्य | 140000.00 | 02 |
| 9. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | दया शंकर यादव के घर से बेरी पाण्डेयपुर पक्की सड़क तक पत्थर की पक्की नाली | 400000.00 | 02 |
| 10. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | छविनाथ प्रसाद व राधिका प्रसाद के हैण्डपम्प के जल निकासी हेतु पक्की नाली | 200000.00 | 01 |
| 11. | मनरेगा/पंचम राज्य वित्त /15वॉ केन्द्रीय वित्त | छविनाथ प्रसाद सिह के कुप की मरम्मत एवं जगत निर्माण का कार्य | 400000.00 | 03 |

विपिन कुमार, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बेरी, वि0खं0 माण्डा
ग्रा0पं0वि0 अधिकारी, ग्राम पंचायत बेरी, वि0खं0 माण्डा

पत्रांक-/ग्राम पं0 - बेरी/निविदा/2022-23 दिनांक 27-1-2023

सभी जिलेवासियों को 74 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीता हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड
बाईपास रोड, फाफामऊ, प्रयागराज।
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं। मो0: 9335054009, 7597900061
डायरेक्टर डॉ0 बिंदु विश्वकर्मा
मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 विनीता विश्वकर्मा

प्रबुद्ध फाउंडेशन उ0प्र0 भारत द्वारा संचालित प्रबुद्ध पाठशाला, प्रयागराज परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर समस्त देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आईपी रामबृज (एडवोकेट हाईकोर्ट)
प्रबन्धक/सचिव-प्रबुद्ध फाउंडेशन

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में रहने वाले सभी मतदाताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुशवाहा (प्रदेश महासचिव) जन अधिकार पार्टी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री कांत सोनी (चंदन)

प्रयागराज जनपद के समस्त ग्राम प्रधान, अधिकारीगण, कर्मचारीगण व जनप्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
जगदीश गुप्ता
जिला उपाध्यक्ष-प्रधान संघ, प्रयागराज। मो0: 9838726007

हजारी लाल कुशवाहा (वरिष्ठ पत्रकार)
जनसंदेश टाइम्स नैनी प्रभारी की तरफ से समस्त क्षेत्रवासियों, विज्ञापन दाताओं एवं पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो0: 9451774342
Happy Republic Day

B.L. ACADEMY
No Need of Other Coaching & Tuition
Special Batch For 12th Passout Medical and Engineering
Mukhiya Nagar, Arail Naini-Prayagraj

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
26 JANUARY
डाक्टर पंकज त्रिपाठी - सचिव-महावीर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन प्रयागराज
इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी - निदेशक-महावीर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन, प्रयागराज

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. पीयूष रंजन निषाद जी (विधायक करछना प्रयागराज)
शिव शंकर दीक्षित प्रधान
प्रदीप निषाद (महा) पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री सच्चा अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय
अरैल, नैनी-प्रयागराज।
श्री श्री कृष्ण त्रिपाठी (प्राचार्य)
डॉ. चन्द्रदेव मिश्रा (सेवानिवृत्ति)

गणतंत्र दिवस
संजय मिश्र बनकटा

ASHUTOSH MEMORIAL SCHOOL
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Girish Kumar Pandey, Director

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमिल केसरवानी (प्रदेश अध्यक्ष)
जनहित संघर्ष समिति उ0प्र0
उ0प्र0 केसरवानी वैश्य वरुण सभा
राजापुर, प्रयागराज।

R. R. B. Convent School
'C' Block, A.D.A. Colony, Naini, Prayagraj - 211 008
E-mail : rrbconventschool@gmail.com Mob. : 8004635196
हमारे गौरवशाली राष्ट्र के बहादुर नेता शांति और समृद्धि के लिए हमारा मार्गदर्शन करें। ताकि हम अपना सिर ऊंचा कर सकें और अपने राष्ट्र पर गर्व कर सकें। गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
Pinkesh Mishra (Director)
Sulekha Mishra (Principal)
ADMISSION OPEN
Affiliation Number : 2133494
R. R. B. Public School
Itraura, Karchhana, Prayagraj
Affiliated to CBSE, New Delhi
E-mail : rrbpublicschool2018@gmail.com Mob. : 9818002486

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम चैरिटेबल अस्पताल, कोरांव-प्रयागराज। डॉ. दिनेश जायसवाल

डॉ. भूपेंद्र चौधरी, चौधरी हेल्थकेयर सेंटर, मेजा वाली रोड, कोरांव प्रयागराज।

आरती मेडिकेयर, मेजा वाली रोड, कोरांव-प्रयागराज।

डॉ. आर.के. कुशवाहा, सुकृत अस्पताल, कोरांव, प्रयागराज।

राजेश कुमार, कोटेदार-नगर पंचायत कोरांव।

आशा अल्ट्रासाउंड सेंटर, मेजा वाली रोड, कोरांव प्रयागराज।

मोहित चन्द्र गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष-इविवि

संतोष आदिवासी, ई0 प्रधानाचार्य-प्राथमिक विद्यालय बिसरी, मेजा-प्रयागराज

तुलसीराम सरोज, ई0 प्रधानाचार्य-पूर्व मा0 विद्यालय समसीपुर, मेजा-प्रयागराज

डॉ. अनिल तिवारी, महालक्ष्मी आई केयर सेंटर, कोरांव, प्रयागराज।

अमरजीत सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरा चंदेल, मेजा, प्रयागराज

प्राथमिक विद्यालय भभौर मेजा की तरफ से समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं, नाथूराम (शिक्षक)

जायसवाल आटोमोबाइल, लेड़ियारी रोड कोरांव, प्रयागराज। प्रो0-गुड्डू जायसवाल

हमारा पंप श्री भीम आटोमोबाइल, पसना, कोरांव-प्रयागराज। प्रो0-धर्मेन्द्र सिंह पसना

जय किशन, कोटेदार-जादीपुर, कोरांव, प्रयागराज।

इंडेन गैस एजेंसी, कोरांव, प्रयागराज। प्रो0-मेदनी भूषण

राम नरेश कोल, कोटेदार-नेवढ़िया 42

डॉ. जी.पी. मिश्रा, इमरजेंसी हॉस्पिटल, लेड़ियारी रोड कोरांव, प्रयागराज।

रमेश बिल्डर्स, मेजा वाली रोड कोरांव, प्रयागराज।

शंकर क्लीनिक, डॉ. रामसिया सिंह, मेजा वाली रोड, कोरांव, प्रयागराज।

राममूर्ति मिश्रा इंग्लिश अकेडमी, कोरांव, प्रयागराज। प्रबंधक-योगेंद्र मिश्रा

डॉ. उमेश कुमार (अधीक्षक), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरांव, बीपीसीएम महेन्द्र कुमार

रूद्र नारायण बाजपेई, उपाध्यक्ष-प्रबंध समिति, गोपाल इंटर कालेज, कोरांव, प्रयागराज।

डॉ. अवधेश कुमार सिंह (प्रधानाचार्य), सरदार पटेल इंटर कालेज, सिकरो, प्रयागराज

जीवन रक्षा अस्पताल, मेजा वाली रोड

जयराम ज्वेलर्स, कोरांव, प्रो0-सुशील जायसवाल

सोना मेडिकेयर, कोरांव लेड़ियारी रोड, डॉ. अशोक तिवारी

नरसिंह केसरी (चेयरमैन), कोरांव, प्रयागराज।

उदय राज यादव, प्रभारी-राजकीय बीज भंडार कोरांव, प्रयागराज।

मिलिंद द्विवेदी, प्रधानाचार्य-प्राथमिक विद्यालय गोशला मेजा, प्रयागराज।

देवेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक-प्राथमिक विद्यालय समसीपुर मेजा, प्रयागराज।

सुरेश तिवारी, प्रधान-चपरो, जिला अध्यक्ष-प्रयागराज।

आशीष राय, प्रधानाध्यापक-प्राथमिक विद्यालय जयकरन का पुरा, कोरांव, प्रयागराज।

कन्हैया लाल पाण्डेय, प्रधानाध्यापक-प्राथमिक विद्यालय सुभाष, प्रयागराज।

नीरज श्रीवास्तव (बीईओ), मेजा, प्रयागराज।

ओम प्रकाश केसरी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि, कोरांव, प्रयागराज।

## संक्षेप

### शराब पीने का पैसा न देने पर कर दी पिटाई

**चायल,कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत चायल कस्बा निवासी रंजीत कुमार पुत्र अमृत लाल के मुताबिक घटना 25 जनवरी की रात्रि 8 बजे शादी कार्यक्रम में पत्तल कम हो जाने पर पत्तल लेने बाजार जाते वक्त सोनू पुत्र रंगीलाल मिले और शराब पीने का पैसा मांगने लगे। आरोप है कि पैसा न देने का विरोध किया तो शराबी गाली गलौज पर उतर गया और देखते ही देखते मार पीट करने लगा। इससे चोटे आई है। इतना ही नहीं 1500 नगदी भी छीन लिया। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत थाना चैकी को किया लेकिन उक्त लोगों का दबदबा होने के चलते कोई सुनवाई नहीं हुई। पीडित ने शुक्रवार को इसकी लिखित शिकायत सीओ चायल से किया है।

# बसंत पंचमी पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**पर्व**

**हर- हर गंगे के जयघोष से गूजायमान हुआ कड़ाघाट.गंगा घाट**



गंगा घाट में स्नान करते श्रद्धालु

**दारानगर, कौशाम्बी।** वसंत पंचमी पर्व पर गुरुवार की भोर से ही आस्था का जन सैलाब उमड़ा दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने कड़ाधाम के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, हनुमान घाट, विन्दावन घाट, बाजार घाट, समेत अन्य घाटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने पूजन-अर्चन के साथ ही दान-पुण्य भी किया। घाटों पर भीड़ को देखते हुए कड़ा धाम पुलिस मुस्तैद रही। कोई गहरे जल मे स्नान न करें इसके लिए गंगा मे बरिकेडिंग लगाई गई और पुलिस के जवान स्टीमर से गंगा घाटो पर नजर बनाये रखे थे। इतना ही नहीं पुलिस टीम श्रद्धांलुओं से आग्रह कर रहे थी की गहरे जल मे स्नान न करें। वही जिले के अलावा गैर जनपदों के तमाम श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए कड़ा धाम के कुबरी घाट पहुंचे। गंगा स्नान कर दान पुण्य किया। बाद मे भक्तों ने कड़ा धाम में मां शीतला के दरबार में माथा टेक कर पूजन-अर्चन किया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने घाट व मंदिर को जाने वाले मार्गों पर 500 मीटर पहले से ही बैरिकेडिंग कर वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी थी। लोग पार्किंग में वाहन खड़े कर पैदल ही आस्था की डुबकी लगाने गंगा घाट तक पहुंचे। गंगा के तीर्थ पुरोहित प्रमोद पाण्डेय ने बताया की बसंत पंचमी के दिन स्नान करने से वर्ष भर मनुष्य को पुण्य की प्राप्ति होती है। पंचमी के दिन जल- थल- नभ सभी जगह वसंत ऋतू का समावेश होता है। इस दिन गंगा स्नान करने का विशेष महत्व होता है। आज के दिन माँ सरस्वती की प्रतिमा को गंगा जल से साफ करें और माँ सरस्वती की पूजा करें। पीले रंग के कपडे पहनाये। इस दिन माँ को पीले रंग की बूदी के लड्डू ही चढ़ाएं।

## जिला शासकीय (राजस्व) तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) को आवेदन आमंत्रित

**कौशाम्बी।** जनपद में विधि परामर्शी निर्देशिका के नियम-13(2) के तहत जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व), कौशाम्बी के रिक्त एक पद तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी), कौशाम्बी के रिक्त एक पद पर आवेदन के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 06 फरवरी की सायं 05 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के न्याय सहायक पटल पर आवेदन का प्रारूप प्राप्त एवं जमा कर सकतें हैं। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेंगा। उन्हांने बताया कि जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के लिए 10 वर्ष तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के लिए 07 वर्ष का विधि व्यवसाय का अनुभव होना आवश्यक हैं।

### वाहन चालक के रिक्त पद के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त वाहन चालक में से ऐसे वाहन चालक, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण नहीं हुई हो, वाहन चालक के रिक्त एक पद पर सम्बद्धीकरण, एक वर्ष की अवधि के लिए, सीधी भर्ती द्वारा अथवा स्थानान्तरण पश्चात भरे जाने की तिथि तक जो भी पहले हो, परिवार न्यायालय में नियुक्ति की जानी है। यह जानकारी अध्यक्ष, प्रशासनिक समिति जनपद न्यायालय ने देते हुए बताया कि इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र, आयु प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ 13 फरवरी की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में जमा कर सकतें हैं।

# अझुवा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया 74 वॉ गणतंत्र दिवस

**गणतंत्र दिवस पर चौराहों, नुक्कड़ एवं दुकानों पर देश भक्ति के गीत बजते रहें**

**अझुआ, कौशाम्बी।** क्षेत्र में चारों तरफ गणतंत्र दिवस की धूम रही। नगर पंचायत, ग्राम पंचायत भवनों ,विद्यालयों सरकारी,अर्धसरकारी, निजी संस्थानों तक में लोग देशभक्ति से ओतप्रोत दिखे। इस तरह से गुरुवार को 74 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चौराहों, नुक्कड़ एवं दुकानों पर देश भक्ति के गीत बजते रहें। तिरंगा फहराकर एवं राष्ट्रगान गाकर लोगों ने गणतंत्र दिवस मनाया है। इसी क्रम में आदर्श नगर पंचायत अझुवा कार्यालय परिसर में अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह के निदेर्शानुसार वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चन्द्र श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बधाई देते हुए कार्यालय कर्मियों, अधीनस्थों को जनता के हित मे किये जा रहे कार्यों पर सजग रहने को कहा।



राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत करतीं बच्चियां

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने मोह मान

**अझुवा, कौशाम्बी।** जय माँ दुर्गे इंटर कालेज अमिरतापुर अझुवा में प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी और प्रधानचार्य सुनील साहू द्वय ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। विद्यालय के बच्चों ने विविध प्रकार के देशभक्ति उपदेश परक गीत, नाटक, प्रहशनों का प्रदर्शन किया है। जिसे देखकर मौजूद लोग आह्लादित होते रहे हैं। इसी तरह लिटिल ब्लॉसम्स कान्वेंट स्कूल में संस्थापक गयाप्रसाद केसरवानी ने ध्वजारोहण किया। प्रबंध तंत्र ने गणतंत्र दिवस पर देश की महान विभूतियों को माल्यर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रबंधक जगदीश केशरवानी ने विद्यालय के स्टाफ छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए महापुरुषों के त्याग बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा गीत और तमाम देशभक्ति नाटक प्रस्तुत किये गए। जिसकी छटा देखते बनती थी। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक जगदीश कुमार केसरवानी ने बताया क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा बहुत है बस उसको तराशने की जरूरत है।

## मानक विहीन कार्य जबरन करवा रहा है ठेकेदार

**कौशाम्बी।** जनता त्रस्त ठेकेदार मस्त, कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। आदर्श नगर पंचायत सिराथू के वार्ड नंबर 1 में जहां पीडब्ल्यूडी द्वारा नाली का निर्माण हो रहा है, 4 दिन पहले हुई ढलाई को एक 5 साल के बच्चे ने खेल खेल में उठा लिया और नाली के सारे जाल उखाड़ के बच्चे के हाथ में आ गए। ऐसे में लोग तमाम तरह के आरोप भी लगाने लगे। आरोप है कि कार्य कितनी इमानदारी से ठेकेदार ने करवाया, जब मौके पर वार्ड नंबर 1 के नगरवासी एकत्र हुए और उन्होंने देखा कि गुणवत्ता विहीन और मानक विहीन कार्य ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है तो उन्होंने विरोध किया। मामला तूल पकड़ा तो पीडब्ल्यूडी के मेट मौके पर पहुंचे और तत्काल प्रभाव से सफाई देते हुए काम रुकवा दिया। खैर अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर निर्माण घटिया किश्म का क्यों कराया जाता है। हालांकि इलाकाई लोगों ने इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

# खान स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब महावा की टीम ने जीता फाइनल

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी अंतर्गत कोसम इनाम गांव स्थित मैदान में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला ब्रहस्पतिवार को खेला गया। इस दौरान खान स्पोर्टिंग क्लब महावा ने चांदी के सिक्के से टॉस जीत पहले बल्लेबाजी किया। 16 ओवर में 174 रन बनाए। इसके जवाब में बड़े गांव क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर में 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। खान क्रिकेट क्लब महावा की टीम ने बड़े गांव क्रिकेट क्लब की टीम को शिकस्त दे दी।

खान क्रिकेट क्लब महावा की टीम के संदीप पंडा को मैन ऑफ द मैच दिया गया। संदीप पंडा ने अपनी टीम के लिए 7 छक्का और 7 चैका के सहयोग से 82 रन बनाया। इनको ट्राफी व 1800 रु का पुरुस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज सचिन को दिया गया। पूरे टूनामेंट में 97 रन बनाए और 10 विकेट लिये थे, इनको 3000 रु बैट व कप दिया गया। फाइनल विजेता खान क्रिकेट क्लब महावा के कप्तान शादाब खान को 20 हजार का पुरस्कार व शील्ड प्रदान किया गया। बड़े गांव क्रिकेट क्लब के कप्तान अफान अहमद को 10.000 रुपये पुरस्कार के रुप में और सेकेंन्ड ट्रॉफी प्रदान की गई। इस मौके पर आयोजक सरिता इंडेन गैस के प्रबंधक राजेश, चंद्रपाल, ब्रजेश कुमार, सत्ता दिसावर, अब्दुल रहमान, समीर, लियाकत हुसैन, अजीज अहमद हसन अली, कौशल, लुकमान, अजीज अहमद, मो.रजा, अतीक अहमद, फिरोज हसन,चुन्ने सहित हजारों दर्शक मौजूद रहे।



फाइनल मैच में विजेताओं का पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि



लैपटाप लेकर कतार में खड़े छात्र

## धर्मादेवी इंटर कालेज के छात्रों को मिला लैपटॉप, चेहरों में मुस्कान

**अझुआ, कौशाम्बी।** बोर्ड परीक्षा वर्ष 2022 में जनपद की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले उदीयमान छात्र छात्राओं को मेधावी सम्मान समारोह के अन्तर्गत उदयन सभागार कौशाम्बी में 21000रुपये की चेक, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सम्पूर्ण जनपद से 21 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमे सर्वाधिक 09 छात्र छात्राएँ( 05 हाईस्कूल एवं 04 इण्टर के) धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी के थे। छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षकों ने मेधावी छात्रध्छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# धूमधाम से मनाया गया 74 वॉ गणतंत्र दिवस

**कौशांबी।** चायल तहसील अंतर्गत स्थित विंध्य इंटर कॉलेज में धूमधाम से 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान नन्हे नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बता दे कि 74 वा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विंध्य इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामलाल नेता जी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर चर्चा करते हुए मौजूद लोगों को विस्तार से बताया। इतना ही नहीं उपस्थित छात्र छात्राओं,अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मेरे प्यारे बच्चो हमारे देश के महापुरुषों ने जो त्याग बलिदान किया है उन्ही के देन है कि आज आप सब लोग पढ़ने,लिखने का कार्य कर रहे है। इसी के साथ विद्यालय के नन्हे नन्हे बच्चों ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमे विविध प्रकार के देशभक्ति गीत,नाटक प्रस्तुत करके अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्र में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मो.आकिब के द्वारा विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पा कर बच्चो का चेहरा खुशी से खिल उठे। इस मौके पर संचालक लवकुश सर, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार पटेल, सोहन लाल, कुलदीप सिंह, शिवकुमार, रोहित कुमार, इंद्रभवन, अखिलेश, पिंकी, पुजा, सरिता, ज्योति मैम व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी तरह महामाया गर्ल्स इंटर कॉलेज मखऊपुर के संचालक जेतवन प्रताप द्वारा ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। साथ ही आर .डी.मेमोरियल हास्पिटल पूरामुफ्ती के डॉ विजय कुशवाहा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



कार्यक्रम में बैठे लोग व कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

## केवाईसी अपडेट कराने के बहाने खाते से दो लाख रुपये किए पार

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के बिहामिदपुर गांव की एक महिला के खाते से साइबर शातिर ने दो लाख रुपये निकाल लिए। शातिर ने बैंककर्मी बन केवाईसी अपडेट के बहाने खाता खाली कर दिया। महिला ने खाता लॉक कराते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल को जांच सौंप दी है। कड़धाम थाना क्षेत्र के बिहामिदपुर गांव की पूजा देवी पत्नी भगवत प्रसाद ने बताया कि उसने स्थानीय बैंक में बचत खाता खोल रखा था। 22 जनवरी को एक व्यक्ति उसे फोन करते हुए खुद को बैंककर्मी बताया। इसके बाद केवाईसी अपडेट करने के बहाने बैंक एकाउंट की जानकारी ली। इसके बाद साइबर शातिर ने महिला के बैंक खाते से दो लाख रुपये निकाल लिया। दूसरे दिन मोबाइल पर खाते से रकम निकलने का मैसेज देख महिला के होश उड़ गए। परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए वह वह बैंक पहुंची और खाता बंद कराया। इसके बाद थाने में मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल को भेज दिया है।

## लोन दिलाने के नाम पर युवक से सवा लाख की ठगी

**कौशाम्बी।** करारी इलाके के छिमिरछा गांव निवासी एक युवक से लोन दिलाने के नाम पर साइबर शातिरों ने सवा लाख रुपये ठग लिए। ठगी के शिकार युवक ने बुधवार को मामले की शिकायत एसपी से की है। छिमिरछा निवासी जयकरन पाल ने बताया कि 22 जनवरी को फेसबुक पर ऑफर देखकर उसने एक अंजान नम्बर पर फोन किया था। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को प्राइवेट बैंक का कर्मचारी बताया। इसके बाद दस लाख रुपये ऑनलाइन लोन देने के नाम पर कई किस्तों में सवा लाख रुपये अपने खाते में ले लिए। रकम ट्रांसफार होने के बाद आरोपित ने फोन बंद कर लिया। पीड़ित ने दो दिनों तक बातचीत करने का प्रयास किया। बात नहीं हुई तो बुधवार को मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने साइबर सेल को जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# सांसद ने विद्यार्थियों के साथ सुनी परीक्षा पर पीएम की मन की बात

**मन की बात कार्यक्रम**

**परीक्षा पर चर्चा के तहत देश भर के विद्यार्थियों से मुखातिब हुए प्रधानमंत्री**

**कौशाम्बी।** सांसद कौशांबी विनोद कुमार सोनकर टीवी पर लाइव प्रसारित हो रहे प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा विषयक कार्यक्रम को देखने के लिए जनपद मुख्यालय में स्थित श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज पहुंचे,। जहां पर छात्र छात्राओं को प्रधानमंत्री की इस परिचर्चा का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए मंच पर एक बड़ी एल ई डी टीवी की व्यवस्था की गई थी, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से जुड़े हुए थे जिसमें बच्चों ने परीक्षा से संबंधित कई प्रश्न प्रधानमंत्री से पूछे। इस बहु उपयोगी परिचर्चा से विद्यालय के छात्र छात्राओं को लाभान्वित करने के लिए विद्यालय प्रशासन ने पर्याप्त व्यवस्था कर रखी थी। सांसद को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह देखा गया। उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव मुक्त परीक्षा देने तथा आज हुए महत्वपूर्ण परिचर्चा से लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद के कई वरिष्ठ भाजपा नेता तथा विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



मन की बात में शामिल सांसद

### सांसद करेंगे जनसुनवाई

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर आज समय 12:00 शनिवार को मंझनपुर के विकास भवन स्थित सरस हाल में जनसुनवाई करेंगे। जन सामान्य से अपेक्षा है कि क्षेत्र की समस्याओं के लिए सादर आमंत्रित है। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी सांसद राजेंद्र पांडेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## ग्राम चौपाल में प्रधान पति ने क्षेत्र पंचायत को जड़े थप्पड़

**चायल,कौशाम्बी।** चायल सर्किल के रतगहा ग्राम सभा में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान प्रधानपति शिवसागर यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्य को कुर्सी पर बैठने से मना किया। जब इसका विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य ने किया तो प्रधानपति ने क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश कुमार को गाली गलौज करते हुए लात घुसो से मारने पीटने लग। इस दौरान चल रहे ग्राम चैपाल में भगदड़ मच गई। मामले को किसी तरह वहा पर मौजूद लोगो ने शांत कराया। अब यदि गांव से छन कर आ रही चचाओं पर जाएं तो सुनने को मिल रहा था कि मौजूद अधिकारी प्रधानपति का पक्षपात करते कर रहे थे। बड़ी बात तो यह है कि ग्राम चैपाल में प्रधान तो मौजूद ही नहीं थी। बहरहाल मामले में कितनी सच्चाई है यह तो अफसरों के जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

# विद्या एक ऐसी धन हैं, जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं : सीडीओ

**कार्यक्रम**

**मुख्य विकास अधिकारी ने 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में शुक्रवार को आयोजित माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष-2022 में उत्तीण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में टॉप इलेवन एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षा में टॉपटेन में रहने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को धनराशि -21 हजार का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं। उन्हांने कहा कि इस तरह के समारोह जब होते हैं तो उनमें प्रतिभाग करना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि विद्या एक ऐसी धन हैं, जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं हैं, विद्या की महत्ता का उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों में भी हुआ है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कठोपनिषद में वर्णित नचिकेता का उल्लेख करते हुए कहा कि समग्र अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा कठोर परिश्रम कर अपने सपने को साकार करें। उन्होंने कहा कि तात्कालिक सुख के पीछे न भाग कर दीर्घकालिक सुख पर ध्यान केन्द्रित करने से हम जीवन में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर अपने देश, प्रदेश व जनपद का नाम रोशन कर सकतें है।

सम्मान समारोह में हाईस्कूल-धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र छात्रा पंकज कुमार सरोज, अनामिका देवी, दिया गिरि, प्रान्सी अग्रवाल एवं आर्यन पाण्डेय, दुर्गा देवी इंण्टर कॉलेज के छात्र आकाश दीप सिंह, धनपत्ती देवी श्याम नारायण इंटर कॉलेज के छात्र यश पाण्डेय, कृषक इण्टर कॉलेज के छात्र नितिन कुमार, हनुमान इंटर कॉलेज की छात्रा अनामिका कौशल, मानसिंह इण्टर कॉलेज के छात्र भूपेन्द्र कुमार एवं ग्लोवल इंटर कॉलेज के छात्र आकाश कुमार तथा इण्टरमीडिएट-धर्मा देवी इंटर कॉलेज छात्र छात्रा दिव्या साहू, रितेश कुमार, रावेन्द्र प्रताप सिंह, व नेहा साहू, उदय श्याम इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी दिवाकर, आदर्श इंटर कालेज के छात्र अनिकेत कोटारया, दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर की छात्रा उदयशीला, रियाज इंटर कॉलेज के छात्र रवीन्द्र यादव, विठ्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन की छात्रा आकांक्षा देवी एवं डॉ0 भीम सिंह कुसुम इंटर कॉलेज की छात्रा आरूषि गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा सहित सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मेधावी छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।



छात्र को सम्मानित करते सीडीओ

## संक्षेप

### खेत खलिहानों में गूंजा वंदेमातरम, छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

**प्रतापगढ़।** जरूरतमंद छात्रों के लिए भंगवा में खोले गए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क स्टडी सेंटर से बुधवार को तिरंगा रैली निकाली गई। जो ग्रामीण इलाकों से होती हुई। सेंटर पर आकर समाप्त हुई। रैली में शामिल छात्र छात्राओं के द्वारा लगाए गए वंदे मातरम्, जय हिन्द और भारत माता के गगनभेदी नारों से खेत खलिहान गुंजायमान होता रहा। हाथों में तिरंगा लहराते जोशीले छात्रों की टोली को देखने वालों की भीड़ लगी थी। रैली का नेतृत्व सेन्टर के प्रिंसिपल शनि सरोज और छात्र साहिल कर रहे थे। तिरंगा रैली भंगवा, जोगापुर और किना का पुरवा होते हुए पुनः स्टडी सेंटर पर आकर समाप्त हुई। छात्रों को 26 जनवरी के दिन होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में प्रिंसिपल ने विस्तार से बताया।

# गणतंत्र दिवस पर मंत्री नंदी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली


औद्योगिक विकास मंत्री को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेट करते हुए


परेड की सलामी लेत मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन में 74वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया और पुलिस परेड की सलीम ली। उन्होने शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों, आन्तरिक सुरक्षा में लगे हुये सभी पुलिस जवानों, अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि हम सबका परम सौभाग्य है कि आज हमारा देश पूरी दुनिया के लिये एक मार्गदर्शक के रूप में है। एक अग्रज के रूप में भारत को विश्वगुरू बनता हुआ पूरी दुनिया देख रही है। हमारे देश की कमान एक परम तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है। दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं में भी हर देश के राष्ट्राध्यक्ष प्रधानमंत्री को आशा भरी निगाह से देखते है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया में भारत का दबदबा निरन्तर बढ़ रहा है। ठीक उसी तरह से प्रदेश की कमान एक कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस दिन से सम्भाली है बिना जाति, धर्म, मजहब, भेदभाव के प्रदेश के अन्तिम गांव तक विकास की रोशनी पहुॅच रही है। प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुॅच रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास का सिर्फ नारा ही नही दिया बल्कि इसको धरातल पर उतारने का काम किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। गुण्डे और अपराधी पुलिस के जवानों से अब थर-थर कांपते है। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को प्रशंसा चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार मंत्री जी ने उत्कृष्ट कार्य हेतु निरीक्षक नागरिक पुलिस सतेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस अवधेश कुमार उपाध्याय, आरक्षी चालक धर्मेन्द्र कुमार दूबे, आरक्षी नागरिक पुलिस हंसनाथ राम को सम्मानित किया। इसके अलावा पॉक्सो एक्ट के 14 मामलों में अभियुक्तों को दण्डित कराने हेतु विशेष लोक अभियोजक देवेशचन्द्र त्रिपाठी एवं महिलाओं तथा बालिकाओं के विरूद्ध जनपद के विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामलों में सफल पैरवी कराकर कुल 58 मामलों में अभियुक्तों को दण्डित कराने हेतु संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह यादव को मंत्री ने सम्मानित किया। पुलिस के अन्य जवानों को मंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने औद्योगिक विकास मंत्री को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेट किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्राचार्य श्याम सुन्दर शुक्ल ''श्यामजी'' को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित न्यायिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते मंत्री नंदी

# डीएम ने किया ध्वजारोहण, कहा- देशभक्ति व ईमानदारी की भावना से करें कार्य


अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प तथा स्वच्छता की शपथ दिलाते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने 74वें गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प तथा स्वच्छता की शपथ दिलायी। जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।जिलाधिकारी ने वीर सपूतों एवं बलिदानियों को नमन किया। उन्होने कहा कि हमारे देश के संविधान ने हमें मूल कर्तव्य के साथ नागरिक कर्तव्य बताये है। हमें अपने अन्दर कर्तव्यबोध के भाव को सदैव जीवित रखना होगा। संविधान द्वारा दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुये सभी संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिये। उन्होने कहा कि आज हमें संकल्प लेना चाहिये कि अंतिम पायदान पर खड़े गरीब परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले तथा उनको सुरक्षा प्रदान किया जाये। उन्होने कहा कि सभी व्यक्ति जिस पद पर बैठकर कार्य कर रहे है उस पद पर बैठकर अपने कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित कर राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। देशभक्ति व ईमानदारी की भावना के साथ अपने कर्तव्यों तथा कार्यो को करें। देश और प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिये समाज के सभी वर्गो का साथ और सहयोग आवश्यक है। हमारे पूर्वजों ने इस देश को आजाद कराते समय जो सपने देखे थे उन सपनों को पूरा करना हम सभी का दायित्व है। राष्ट्र के विकास में हर व्यक्ति का सामूहिक योगदान होना चाहिये। इस अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्र गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बालिकाओ को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीआरओ राकेश पटेल आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एल0बी0सी0 पंकज कुमार श्रीवास्तव ने गया।

## छात्र के गायब होने पर परिजनों का बुरा हाल अपहरण की तहरीर

**प्रतापगढ़।** घर से बाजार में सब्जी लेने निकले छात्र के लापता होने पर परिजनों मे हडकंप मचा हुआ है। लालगंज के वार्ड नंबर सात शीतलमऊ के शिवपुरम निवासी सूर्यप्रकाश मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका पुत्र अनिकेत मिश्र उर्फ शौर्य अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। बीती चैबीस जनवरी को रात लगभग आठ बजे शौर्य घर से लालगंज चैराहे सब्जी लेने निकला। देर रात तक शौर्य घर वापस नही लौटा तो परिजन परेशान हो उठे। छात्र के लापता होने से परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को अपहरण की तहरीर दी है। इधर छात्र के लापता होने से परिजनों मे हडकंप मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# करंट की चपेट में आने से छात्र की दर्दनाक मौत

**प्रतापगढ़।** तिरंगे के सम्मान के जुनून में दुर्घटना की जद में आये छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। छात्र की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया तो गांव में भी मातम छा गया। गणतंत्र दिवस पर लालगंज कोतवाली के रामगढ़ रैला खास गांव में सरोवर के पास ध्वजारोहण किया गया। ग्राम प्रधान अनिल कुमार प्रजापति उर्फ जेपी ने शाम को अपने पुत्र अभिषेक 20 को ध्वज उतारकर लाने को कहा। अभिषेक कुछ साथियों के साथ ध्वजारोहण स्थल पर पहुंचा। वहां लोहे की पाइप में ध्वज फहराया गया था। अभिषेक जब पाइप सहित ध्वज को लेकर घर आने लगा तो उसके साथियों ने कहा कि पाइप झुकाकर ले चलो। वतन परस्ती के जुनून में अभिषेक ने कहा कि नही झण्डा झुकना नही चाहिए। वह झण्डे को ऊपर लहराते हुए घर आ रहा था कि रास्ते में पाइप ग्यारह हजार क्षमता की लाइन से छू गयी। विद्युत करंट की चपेट में आने से अभिषेक की मौत हो गयी। अभिषेक लालगंज स्थित एसबीएम महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। हाल ही में सेना भर्ती में भी वह उत्तीर्ण हो गया था। सेना में जाने की तैयारी चल रही थी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विद्युत करंट की चपेट मे आने से प्रधान पुत्र की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख जताया है। वहीं तहसील मे भी अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर अधिवक्ता के पुत्र के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि ने भी अभिषेक के आकस्मिक मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है।

## पत्नी से विवाद पर कुएं में कूदा युवक, मौत

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र की ग्रामसभा गिस्था के दयाल का पुरवा गांव निवासी सुनील कुमार तिवारी उम्र 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामकरण तिवारी की शुक्रवार को कुएं में गिरने से मौत हो गई। लोगों का कहना है कि सुनील की पत्नी बंदना देवी से रात में आपसी विवाद हुआ था। पति और पत्नी में सुबह भी कुछ कहासुनी हुई थी। जिसको लेकर सुबह करीब 7बजे सुनील कुमार तिवारी गुस्से में आकर घर के सामने बने पक्के कुएं में कूद गया। सुबह 10 बजे तक सुनील दिखाई नहीं पड़ा तो परिवार के अन्य लोग सुनील को खोजने लगे। कुएं के पास सुनील की चप्पल दिखाई पड़ी। लोगों ने कुएं में झांक कर देख तो सुनील का शव उतराया हुआ था। परिजन शव को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा चिकित्सक के पास ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची संग्रामगढ़ पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।


सम्मानित पुलिसकर्मी व प्रतिभागी

### निःशुल्क स्टडी सेंटर पर पुलिस कर्मियों समेत प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**प्रतापगढ।** समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे व्यक्तियों का गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी द्वारा संचालित निशुल्क स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल प्रतापगढ़ पोस्ट के इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक सीपी दूबे और जरूरतमंद छात्रों की मदद करने वाले बिजनेसमैन कमलेश अग्रवाल जय दुर्गा और सेंटर के प्रतिभावान छात्र साहिल, छात्रा मुस्कान और सिमरन प्रजापति को अंगवस्त्र ,प्रमाण पत्र, उपहार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डाक्टर मनोज खत्री ने गणतंत्र दिवस पर बसंत पंचमी का महत्व बतलाया। कार्यक्रम में प्रिंस, अंतिमा, प्रिया और लाजू ने नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह का संचालन सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। साहिबा और नैंसी ने अतिथियों का स्वागत गीत से किया। टीचर दामिनी ने आभार व्यक्त किया। अच्छी प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने रंगोली की तारीफ की। इस मौके पर टीचर दीपू, प्रदीप यादव, राकेश शर्मा, राहुल, रोहित, शुभम,शिवम, हिमांशु समेत कई ने समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया ट्रैक्टर

**प्रतापगढ़।** प्रशासन ने तालाब की जमीन पर फसल बोकर किये गए अवैध कब्जे को खाली करा दिया। तहसील के सांगीपुर क्षेत्र के उमरार गांव में तालाब की भूमि पर फसल बोकर अवैध अतिक्रमण किया गया था। इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से की गयी थी। जांच के बाद तालाब की जमीन पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत सही मिली थी। एसडीएम सौम्य मिश्र के निर्देश पर गुरूवार को नायब तहसीलदार नवल किशोर शुक्ल राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी मे ट्रैक्टर से तालाब की जमीन पर बोए हुए फसल को जुतवाकर अवैध कब्जा हटवा दिया। प्रशासनिक कार्यवाही से अतिक्रमण करने वालों मे हडकंप का माहौल देखा गया। अतिक्रमण हटवाये जाने के अभियान मे राजस्व निरीक्षक श्रीप्रकाश व लेखपाल रामअनुराग भी मौजूद रहे।

# युवक की हत्या में एसओ समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित


आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करते लोग


मौत के बाद रेते बिलखते परिजन

**प्रतापगढ़।** बाघराय के विहार ब्लॉक में तीन दिन पहले हुई मारपीट के चलते बुधवार रात गाड़ी चढ़ाकर एक युवक की हत्या कर दी गई। इससे आक्रोशित युवक के परिजनों ने आरोपित के घर धावा बोलकर पीएसी की मौजूदगी में तोड़फोड़ की। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी मौके पर पहुंचे और एसओ सहित तीन उप निरीक्षकों को निलंबित कर दिया। घटना बाघराय थाना क्षेत्र के रोर गांव का है। जहां ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डॉ संतोष कुमार पांडेय और पूर्व ग्राम प्रधान समर बहादुर सिंह के बीच 24 जनवरी को बिहार ब्लॉक में मारपीट हुई थी। इसमें संतोष ने आठ लोगों को नामजद करते हुए नौ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। बुधवार रात करीब 9.30 बजे संतोष का भतीजा विशाल पांडेय (20) प्रयागराज से बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि बाघराय के मौरी मोड़ से बदलीपुर के बीच उपरोक्त आरोपितों ने चार पहिया वाहन से विशाल की बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद उसकी डंडे से पिटाई की। सीएससी से प्रयागराज ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान रन बहादुर सिंह के घर पर धावा बोलकर मारपीट की गई। जबकि ब्लॉक में हुई मारपीट के बाद मौके पर पीएसी तैनात कर दी गई थी। हालांकि रात में पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी सतपाल अंतिल भी बाघराय पहुंचे और एसओ अवन कुमार दीक्षित, एसआई राधेबाबू, हरिश्चंद और प्रभात कुमार को निलंबित कर दिया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिजनों ने आरोपितों की घर की गिरफ्तारी, उनके घर पर बुलडोजर चलाने, एसओ पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी किए जाने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र और एसडीएम कुंडा सतीश त्रिपाठी परिजनों से बात कर शव का अंतिम संस्कार करने को राजी करने का प्रयास करते रहे। इस दौरान पुलिस ने बताया कि पवन कुमार सिंह उर्फ विक्कू सिंह, रन बहादुर सिंह, आजाद सिंह, अनुराग, समर बहादुर, साहिल और प्रवीण के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। पवन कुमार, रनबहादुर और समर बहादुर को पकड़ लिया गया है। इसके बाद भी परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी नहीं हुए। शुक्रवार देर शाम तक शव घर पर ही रखा रहा। अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन मान मनौवल में जुटा रहा।

# अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी, नहीं किया कार्य


नारेबाजी करते अधिवक्ता

**प्रतापगढ़।** लालगंज के वकील प्रशासन के खिलाफ शुक्रवार को जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने तहसील परिसर में एकत्रित होकर तहसील गेट पर घण्टों हंगामा किया। मान्धाता थाना के जिला मुख्यालय के अधिवक्ता आरिफ के विरूद्ध पुलिस द्वारा फर्जी लिखे गये मुकदमे का अधिवक्ता विरोध कर रहे थे। वकीलों ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता मो. आरिफ के चोटों का डाक्टरी परीक्षण होने के बावजूद अनुचित दबाव में पुलिस उनकी तहरीर पर केस नहीं दर्ज कर रही है। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी की अध्यक्षता मे हुई बैठक में न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। इसके चलते दीवानी तथा तहसील अदालतों में न्यायिक कामकाज नहीं हुआ। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिले भर में वकीलों का प्रशासनिक उत्पीडन पराकाष्ठा पर है। उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने कहा कि साथियों का उत्पीडन न रूका तो अधिवक्ता आंदोलन जारी रखेगे। बैठक का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह, विनय शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ल, सुधाकर मिश्र, शिव प्रसाद यादव, सिंटू मिश्र, सुजीत तिवारी, रामलाल अम्बेडकर, संदीप तिवारी, मनोज शुक्ल, लाल राजेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संदीप सिंह, विकास मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।


अभियान में शामिल कांग्रेसी

### कॉग्रेस ने शुरू की हांथ से हांथ जोड़ो अभियान

**प्रतापगढ़।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कॉग्रेसजनों ने हॉथ से हॉथ जोड़ो अभियान की शुरूआत की। कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी की अगुवाई में शहर के अंबेडकर चैराहा पहुंचकर कार्यकताओं ने एक दूसरे का हॉथ पकड़कर मजबूती का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का संदेश घर-घर पहुंचाया जायेगा। इसके लिए 26 जनवरी से संदेश पहुंचाने के लिए हॉथ से हॉथ जोड़ने का अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत दो महीने तक देश के दस लाख बूथों, ढाई लाख पंचायतों एवं छः लाख गांवों तक पहुंच बनाई जायेगी। यूथ कॉग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी की चिट्ठी जनता के बीच बॉटा जायेगा। हांथ से हांथ जोड़कर चिट्ठी के जरिये भ्रष्ट जुमलेबाज पार्टी का कच्चा चिट्ठा जनता की बीच खोलकर उन्हें जागरूक किया जायेगा। पार्टी के नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि कार्यकर्ता जन जोड़ो, भारत जोड़ो, नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो नारे के साथ भाजपा के वादे के अनुरूप न किये जाने वाले कार्यों को जनता को बताएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंहगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के विरूद्ध मोर्चा खोलेंगे। इस दौरान महेन्द्र शुक्ल, वेदांत तिवारी, मकरंद शुक्ल, सलीम उल्ला, रतन तिवारी, डा0 वीके सिंह, रहमान नेता, नूर आलम, जावेद आलम, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

# आजाद भारत में अभी बहुत कुछ करना बाकी : डा0 ओपी राय


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ ओपी राय

**प्रतापगढ़।** सिटी के पीबी इण्टर कालेज में गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि डीआईओएस डा0 ओपी राय ने मॉ सरस्वती व महाराजा अजीत प्रताप सिंह के चित्र पर पुष्प अर्जित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए डीआईओएस ने कहा कि आजाद भारत में जो कुछ करना चाहिए था वह अभी भी हम नहीं कर पाए। क्या हमने वास्तव में आजादी हासिल कर ली है। इस पर विचार करना होगा। आज भी बहुत से लोग हैं जो साक्षर नहीं है, जो हमारे माथे पर कंलक है। जो काम अभी तक हमने पूरा नहीं किया उसे आने वाली पीढ़ी को करना है। अध्यक्षता कर रहे पीबीपीजी कालेज के प्राचार्य डा0 अमित श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ पाने के लिए बहुत कुछ बलिदान करना पड़ता है। उन्होंने जनरल नरवणे के वयान को कोड करते हुए कहा कि नाम, नमक और निशान तीन बातों पर जिन्दगी चलती है। इन्हीं तीन बातों को ध्यान में रखकर हमारे वीर सपूतों ने आजादी पाई है। हमें भी जीवन में कुछ पाने के लिए इन्हीं तीन बातों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए। प्रिंसिपल डा0 अनूप कुमार सिंह ने अतिथियों को स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अन्त में छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभातफेरी सिटी स्थित किला पहुंची जहॉ भाजपा के वरिष्ठ नेता व कालेज के प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने बच्चों को गणतंत्र दिवस का विस्तार से मायने बताते हुए संविधान को बनाये रखने का महत्व बताया। इस दौरान विद्यालय के सभी स्टाफ अभिभावक आदि मौजूद रहे।

जयंती पर

# संस्कृति के उद्गाता पं विद्यानिवास मिश्र



विद्यानिवास मिश्र जी को सबसे पहले उनके निबंध संग्रह 'छितवन की छांह' से जाना। गोरखपुर से पाणिनि की व्याकरण पर शोध करने के बाद वाशिंगटन अमेरिका तक उनकी ज्ञान मीमांसा की परंपरा दिखाई पड़ती है। उन्होंने महापंडित राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में शब्दकोष पर भी कार्य किया था। वाराणसी में संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और उपकुलपति भी रहे। अपनी संस्कृत और हिन्दी की अनन्य सहित्यिक सेवाओं के लिए पद्मभूषण से सम्मानित भी किये गए। निबंधों के अलावा अवधी, भोजपुरी वाचिक कविता के संचयन के लिए भी आपको याद किया जाता है। साहित्य अकादमी की महत्तर सदस्यता से भी आपको विभूषित किया गया। आपको ललित निबंधों के अलावा हिन्दी साहित्य के सरोकार , हिन्दी भाषा उसकी प्रयोगधर्मिता तथा पत्रकारिता में उनके अवदान के लिए याद किया जाता है। 'मेरे राम का मुकुट भीज रहा है', 'रहिमन पानी राखिये' 'फागुन दुइ रे दिना,' 'भ्रमरानंद का पचड़ा' आदि उनके बहु चर्चित निबंध संग्रह हैं।

संस्कृति के उद्गाता के रूप में विख्यात साहित्यकार पंडित विद्यानिवास मिश्र जी को सुनना अपने आप में ज्ञान गंगा में अवगाहन करने से कम न था। जब मैं सन 1982 में सरस्वती विद्यामंदिर निराला नगर लखनऊ में आचार्य के पद पर नियुक्त था तो उन्ही दिनों एक बार मिश्र जी वहां पधारे थे। विद्यालय की परंपरा थी कि जब कोई विद्वान वहां आता था तो उनसे शिक्षकों के लिए थोड़ा समय माँगा जाता था। पंडित जी का नाम पहले से ही सुन रखा था उनके निबन्ध भी पढ़ चुका था। उसदिन सौभाग्यवश उनके दर्शन लाभ का अवसर था। विद्यालय की ओर से उनका स्वागत किया गया और इस आयोजन के कार्यक्रम का संचालन भी मुझे ही सौंप दिया गया था। मैंने पुस्तकालय से उनके बारे में जाकर कुछ सक्षिप्त जानकारी एकत्र की और संचालन के लिए अपने को तैयार किया। लेकिन मुझे अधिक परिश्रम नही करना पड़ा थोड़ी सी तैयारी से ही औपचारिक संचालन संबोधन आदि की प्रक्रिया पूरी हो गयी। स्वागत गान के लिए बच्चों की टीम थी उन्होंने सुंदर समूह गान प्रस्तुत किया था।

अब बारी थी उनके व्याख्यान की तो उन्होंने शिक्षकों से कहा - आज मैं चाहता हूँ कि आप लोग मेरे लिए विषय तय कीजिए। आप जो विषय देंगे मैं उसी विषय पर बोलूंगा। थोड़ी देर तक सभी मौन रहे, एक सन्नाटा सा छा गया पंडित जी को भला विषय कौन देता ? जब कहीं से किसी विषय का सुझाव नहीं आया तो उन्होंने सामने बैठे एक छात्र से पूछा - 'आप का क्या नाम है ?' उसने कहा- मनीष। अतिसुन्दर तो मनीष जी आज आप बताएं कि मैं किस विषय पर व्याख्यान दूं ? संयोगवश मनीष मेरी ही कक्षा का प्रतिभाशाली छात्र था। वह एक पल को झिझका परन्तु दूसरे ही पल उसने कहा - नभ।

पंडित जी ने पूछा - नभ? उसने निश्चित किया - जी। सभागार में सभी उपस्थित लोगों ने तालियाँ बजाकर मनीष को शाबाशी दी। पंडित जी को भी यह विषय बहुत अच्छा लगा। सबके मन में इस विषय को लेकर और जिज्ञ-ासा बन गयी थी। नभ माने आकाश तो हम सब जानते ही थे लेकिन इस विषय पर यकायक गंभीर तार्किक विस्तृत व्याख्यान देना आसान न था। पंडित जी माँ शारदा और गुरुजनों का स्तवन करने के बाद नभ पर बोलने लगे।

'नभ में जल है,नभ में वायु है नभ में सम्पूर्ण अंतरिक्ष समाया है। नभ का अर्थ है न भाति अर्थात जो सुंदर नहीं लगता। जहां अनंत अछोर ऊंचाई है अकूत कालिमा है। अवकाश ही अवकाश है, वायु की असंख्य तरगें और अनेक स्तर हैं। इसके आगे उन्होंने और भी बहुत विस्तार से बताया कि नभ में वायु के कारण सौन्दर्य होता है, नभ में सूर्य के कारण सौन्दर्य होता है, चन्द्र और तारागण के कारण सौन्दर्य होता है। नभ में बादल के कारण सौन्दर्य होता है , नभ में जल के कारण सौन्दर्य होता है, इन्द्रधनुष के कारण और खग जीवों (पक्षियों)के कारण सौन्दर्य होता है। फिर भी सौन्दर्य तो संतुलन है, असंतुलन असुन्दर होता है। ये नाना सौन्दर्य रूप क्षणिक भी हैं जो सुखद लगता है वही सुख है, जो दुखद लगता है वही दुःख जनक होता है। ख - का तात्पर्य भी नभ ही है और अंत में उन्होंने बताया था कि नभ में भी अनेक समुद्र होते हैं। समुद्र का अर्थ उन्होंने बताया - सम्यक द्रवन्ति इति समुद्रः। अर्थात जहां तरंगों का सम्यक द्रवण होता हो वह समुद्र है। धरती पर स्थित समुद्र में जल की तरंगों का द्रवण होता रहता है उसी प्रकार नभ में वायु की तरगों और वर्षा ऋतु में जल की तरंगों का अनवरत द्रवण होता रहता है।इसलिए नभ भी समुद्र ही है।

इसी प्रकार वो बोलते जा रहे थे हम सब मंत्रमुग्ध भाव से उनके वाक्यों और विचारों में खोते जा रहे थे। उच्चारण इतना शुद्ध और अर्थ इतना स्पष्ट करते हुए चलते कि कोई कठिनाई नहीं हो रही थी। नभ से दिशाओं का क्या सम्बन्ध है, दिशाओं का जीवन से क्या सम्बन्ध है इत्यादि विषय पर सहज और गंभीर चर्चा हो रही थी। नभ मंडल से सम्बद्ध ज्योतिष में गृह नक्षत्र आदि का भी मनुष्य जीवन पर प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक तत्व बोध की जानकारी लगातार होती जा रही थी। मैंने पहली बार पंडित जी को सुना तो लगा कि उनसे बड़ा संस्कृति विमर्शकार कोई दूसरा नहीं है। ललित निबंधकार के रूप में उनके निबंध पढ़ चुका था किन्तु सामने बैठकर उनके विचार सुनने का यह पहला अवसर था। उन दिनों मैं कापी पेन लेकर समारोह में बैठता था तो इस आदत से मुझे बहुत लाभ होता था। वैसे भी विद्यालय में मुझे कार्यक्रम की रपट भी बनानी पड़ती थी।

आकाशवाणी पर उनकी वाताएं और फिर दूरदर्शन आदि मंचों पर उनके विचार भी सुनने को मिलते थे। इसके बाद जब नौकरी के सिलसिले में दिल्ली आया तो यहाँ भी पंडित जी की धूम थी साहित्य अकादमी, कांस्टीट्यूशन क्लब से लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय और पत्रकारिता से जुड़े लोगों में उनकी बहुत धाक थी। हालांकि उन्हें मनुवादी और ब्राह्मणवादी साबित करने वालों की भी कमी न थी। वे थे तो पंक्तिपावन ब्राह्मण ही,हमेशा परहेज से रहते थे। कहीं भी जाते तो अपने खाने पीने के पात्र साथ ले जाते। अपने ग्लास में ही जल पीते अपनी थाली में ही भोजन करते। इन व्यक्तिगत बातों के अलावा उनकी विद्वता और ज्ञान गरिमा पर कोई सवाल नही उठा सकता था।

एक बार संस्कृत विभाग में गुरुवर वाचस्पति उपाध्याय जी ने किसी छात्र की पीएचडी की मौखिकी लेने के लिए उन्हें आमंत्रित किया तो अन्य शोधार्थियों के साथ मैं भी विभाग में उपस्थित था। जैसे ही पंडित जी पहुंचे वाचस्पति जी विभागाध्यक्ष की कुर्सी से उठे और उन्होंने पहले अपनी चप्पल उतार कर अपना हाँथ मुंह धोया फिर पंडित जी के पैर धोये फिर दाहिने पैर के अंगूठे को पकड़कर धरती पर साष्टांग लेट गए । इसके साथ ही उन्होंने गुरुस्तोत्र भी पढ़ा। तब पहली बार मैंने जाना कि पंक्तिपावन ब्राह्मणों का और खासकर गुरुजनों का अभिवादन इस प्रकार किया जाता है। गोरखपुर में पंडित जी वाचस्पति जी के शिक्षक रह चुके थे। इस समय वो नव्यन्याय पर किसी शोधार्थी की मौखिकी की परीक्षा के लिए आये थे। पंडित विद्यानिवास जी की छवि संस्कृत साहित्य दर्शन और संस्कृति के उद्भट विद्वान की थी इसके अलावा बनारसी ठाठ और हिन्दी में ललित निबंध के लिए भी वे जाने जाते थे,ब्रज अवधी और भोजपुरी के तो विद्वान वे थे ही । उनको सुनाना मुझे सचमुच हमेशा ज्ञान गंगा में आचमन करने जैसा ही लगा। लखनऊ से दिल्ली के बीच उन्हें कई बार निकट से देखने सुनने का अवसर मिला, उन्हें प्रणाम भी किया आशीर्वाद भी लिया लेकिन उनके सनातनी आभामंडल के कारण उनके बहुत अधिक निकट नहीं रह सका। इसके बावजूद उनके व्याख्यानों से प्रेरित होकर जीवन और जगत को नई दृष्टि से देखने की प्रेरणा मुझे अवश्य मिली। उनकी सुधि को नमन।



**भारतेंदु मिश्र**
**(संपर्क : सी-45/वाई-4,दिलशाद गार्डन,दिल्ली-110095/ फोन-98 68 03 13 84)**

# मदन वात्स्यायन : तीसरा सप्तक का अचर्चित कवि

स्मरण



रविभूषण

'तीसरा सप्तक' (1959) के सात कवियों में से चार - केदारनाथ सिंह, कुंवर नारायण, विजयदेव नारायण साही और सर्वेश्वरदयाल सक्सेना जितना अधिक चर्चित - प्रशंसित रहे, उतना ही अधिक प्रयाग नारायण त्रिपाठी और मदन वात्स्यायन (4-3.1922 - 11.4.2004) अचर्चित रहे। चर्चा-अचर्चा के बीच में कीर्ति चौधरी रहीं। वे सुमित्रा कुमारी सिन्हा की पुत्री थीं। कीर्ति चौधरी के काव्य संस्कार परिवार से प्राप्त हुए थे. मदन वात्स्यायन इससे वंचित थे. मदन वात्स्यायन वास्तविक नाम नहीं है. अज्ञेय ने 'तीसरा सप्तक' के उनके 'परिचय' में, लिखा था 'यह छद्म नाम क्यों ग्रहण किया', यह बताना कठिन है. यों यह नाम इतना रूढ़ हो चला है कि असली नाम लक्ष्मी निवास सिंह को और लोगों की जिज्ञासा भी नहीं जाती. इसमें कुछ सुविधा भी है, क्योंकि लक्ष्मी निवास सिंह का विषय रसायन-शास्त्र है और वह सिन्दरी की विशाल यन्त्रशाला में निरीक्षण का काम करते हैं, जब कि 'मदन वात्स्यायन' कविता - कहानी लिखते हैं। ₹ संभव है, अपने नाम में, 'वात्स्यायन' लगाने की प्रेरणा उन्होंने सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन से प्राप्त की हो।

मदन वात्स्यायन का जन्म उनके ननिहाल, बिहार के समस्तीपुर जिला के वीरसिंहपुर गाँव में 4 मार्च 1922 को हुआ। बचपन ननिहाल में बीता। समस्तीपुर हाई स्कूल से 1936 में उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त की और पटना साइंस, कॉलेज से 1941 में उन्होंने रसायन शास्त्र (केमेस्ट्री) में ऑनर्स किया। एम. एससी. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया और सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया। लीड्स यूनिवर्सिटी से 1948 में रासायनिक (केमिकल) इंजीनियरिंग में बी. एससी. ऑनर्स किया. अगले वर्ष 1949 में वे भारत लौटे और कुछ समय पटना साइंस कॉलेज में रिसर्च - कार्य करने के बाद 1950 में सिंदरी खाद कारखाना में केमिस्ट के पद पर नियुक्त हुए और 1978 में टेक्नॉलॉजिस्ट (प्रौद्योगिकीविद् प्रयोगविज्ञ) पद से सेवा निवृत हुए. बारह वर्ष झ 1950 से 1962 तक वे लेखन से जुड़े रहे। 'तीसरा सप्रक' के प्रकाशन के बाद 1962 से वे रचना कर्म से विरत हो गये. उनका निधन व्यासी वर्ष की उम्र में मेनिनजाइटिस की बीमारी से जूझते हुए 11 जुलाई 2004 को हुआ।

मदन वात्स्यायन पचास के दशक के आरंभ से ही कविता लिख रहे थे। 1950 में प्रकाशित उनकी कविता 'नया मेघदूत' (नई धारा, सितम्बर 1950) 'मेघदूतम' की तरह दो भागों, पूर्व मेघ' और उत्तर मेघ में विभाजित है. उनकी कविताओं से उनके समय की पहचान की जा सकती है. उनका यक्ष पेट का मारा जूट मिल का मजदूर है. वह मेघ को बंग भूमि, कामाख्या, दार्जिलिंग, 'नया स्वतंत्रा की लड़ाई, 1942 का तुमुल विद्रोह, गंगा-तलहटी, सबके बारे में बताता है - 'यहाँ के किसानों और मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए अपने शोषकों/के खिलाफ खूब लड़ाइयाँ लड़ी हैं/ और लड़ाइयाँ वे आज भी लड़ रहे होंगे।' इस कविता के 'पूर्व मेघ' में कवि ने दामोदर नदी को '७हमारे देश की नई औद्योगिक सभ्यता की सरस्वती' कहा है. कविता में, अगर एक ओर - महासेठों की ऊँची-ऊँची अट्टालिकाएँ / ओहदाशाहों के बड़े बड़े बंगले/उनकी चमचमाती लम्बी-लम्बी मोटरें' हैं तो दूसरी ओर 'कारखानों से, टूटी झोपड़ियों से निकलते / सुअर - जैसे नंगे, सुअर- जैसे गन्दे और सुअर- जैसे विकृत शरीर वाले / पाँव घसीटते मेरे सूबे के लोग' भी हैं। यह कवि की अपनी वर्गीय समुझ और दृष्टि है, मेघ के यात्रा - पथ में झारखण्ड और ₹विरसा भगवान' का जिक्र है. यह कविता आज विस्तार से गंभीर विवेचन की माँग करती है क्योंकि इसमें 'प्रजातन्त्र' 'फाइल - तन्त्री समाजवाद' 'नौकरशाही' 'साम्प्रदायिक एकता', 'शेरशाह', 'ब्राह्मणवाद' 1857 की लड़ाई मालगुजारी सबका उल्लेख है। कविता में मजदूर की घरवाली का स्थान 'बुधिया ने ले रखा है' का जिक्र भी है. यह प्रेमचंद के 'कथन' की बुधिया है।

मदन वात्स्यायन को व्यवस्थित रूप से सामने लाने का सारा श्रेय रश्मिरेखा को है. अगर रश्मिरेखा ने 'ध्रुवतारा ' में संकलित सभी कविताएँ परिश्रम पूर्वक खोज कर इकट्ठी न की होती, उसको सम्पादन न किया होता तो मदन वात्स्यायन का एकमात्र कविता - संग्रह 'ध्रुवतारा' (ज्ञानपीठ प्रकाशन, 2006) का प्रकाशन भी न हो पाता. मुक्तिबोध की तरह 'मदन वात्स्यायन' का कविता-संग्रह भी मरणोपरान्त प्रकाशित हुआ. नौ वर्ष बाद रश्मिरेखा के सम्पादन में दूसरी पुस्तक 'मदन वात्स्यायन : शब्द और संवाद' (अभिधा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर, 2015) प्रकाशित हुई, जिसमें उनकी कविताओं पर कई कवियों-लेखकों के आलेख, लेखकों के पत्र, उनकी कुछ कविताएँ और उनकी पत्नी ललिता सिंह का राष्ट्रपति को लिखा गया आवेदन आदि है.

मदन वात्स्यायन हिन्दी में अपने ढंग के अकेले कवि हैं। कविता और काव्य रचना पर तीसरा सप्तक के 'वक्तव्य' में व्यक्त उनके विचार भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं - 'नयी हिन्दी कविता, नये वातावरण में पुरानी कविता का प्रसार मात्र नहीं, बल्कि एक नया संसार है उषा देवता से लेकर गधे तक, नग्न यौन भावना से लेकर सामाजिक क्रांति तक, देहाती - अमराई से लेकर कल-पुर्जों तक, अवचेतन से लेकर स्थूल के अनुत्तेजित चित्रण तक, इतना व्यापक विस्तार शायद पहले किसी 'वाद' की कविता का न हुआ। पहले के 'वाद' की कविता से उनका आशय 'छायावाद' और ' प्रगतिवाद' से है। वे जहाँ थे, वहाँ का परिवेश एकदम भिन्न था। 'नयी कविता' का केन्द्र इलाहाबाद था, जहाँ से पचास के दशक में ही 'नयी कविता' पत्रिका प्रकाशित हुई।

मदन वात्स्यायन की कविताएं 'नई धारा' 'प्रतीक', 'आजकल', 'जनता', 'योगी', 'नयी कविता' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई थी। सर्वाधिक कविताएँ 'नई धारा' (पटना) में प्रकाशित हुई थी। प्रेमचंद ने 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी लिखी थी। मदन वात्स्यायन की कविता 'शतरंज का खेल' है। दिनकर ने 'विपथगा' कविता लिखी। मदन वात्स्यायन ने उनकी लीक पर 'अपथगा' लिखी, - 'घड़-घड़, घड़-घड़, धड़ड़-धड़ड़ / मेरे स्वागत में चीख रही प्रज्वलित कण्ठ चिमनी शत-शत/ लोहे पर लोहा धमक रहा आह्वान झ रोर में हत-प्रतिहत/ पर लोहा चमक रहा आहमान-शेर में हत-प्रतिकृत/ पेट्रोल वृद्धि से विकल- गंध सदियों से दहक रहे खाण्डव / पृथ्वी में आर्त-प्रकम्प, विधुतों से कराल - नभ आकुलरव। 'तीसरा सप्तक' में उनकी केवल दस कविताएँ हैं 'उषा स्तवन' 'शुक्र तारा', 'सुशिप्रा की वर्षगाँठ पर', 'स्वस्ति, मेरी बेटी', 'दो बिहाग, झउआ के फूल', 'असुरपुरी में दस से छः', 'सरकारी कारखाने में कर्मचारी की चिन्ता', 'अपथगा' और 'मिथिला में बाढ़'। इतनी कम कविताएँ 'तीसरा सप्तक' के अन्य छह कवियों की नहीं थीं। मदन वात्स्यायन अन्य मात्रा और संख्या पर नहीं था। उन्होंने अपने 'वक्तव्य' में पूंजी के दौर में कविता के 'निस्सहाय' होने की बात कही है। अपने ढंग से उन्होंने कविता को दो श्रेणियों में विभाजित किया है- 'मायावादी' और 'कायावादी'। मायावादी रचना के उन्होंने तीन प्रकार बताये झ 'विशुद्ध मायावादी', 'निर्वेग-बौद्धिक और 'ऊब-रस' की कविताएँ। 'कायावादी' के उन्होंने चार प्रकार गिनाये- 'नया श्रृंगार', 'नया करुणा', 'नया वीर-रस' और 'नया शान्त रस'। उन्होंने इन सभी भेदों के कविता से उदाहरण भी दिये हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि ये श्रेणियाँ कितनी संगत हैं। बड़ी बात श्रेणियों की नवीनता है। मदन वात्स्यायन की कविताओं का 'नयापन' कई रूपों में है - विषय से लेकर शब्द प्रयोग, शब्द-विन्यास और वाक्य - विन्यास तक। 'नयी कविता' के संदर्भ में जिस 'नयेपन' की बात बार-बार कही जाती रही है, उसे हम इनकी कविताओं में देखते हैं। मदन वात्स्यायन ने ' शब्द और लय', 'भाव और रूप- प्रतीक', 'अकथा और कथा', एवं 'वृत्त और त्रिकोण' पर विचार किया है। कविता उनके लिए 'अतिचेतन के घर की चीज' नहीं है। 'अतिचेतन और अवचेतन के द्वन्द्व के बीच भाव कुछ बिजली के धक्के की तरह सहसा आते हैं। एक चित्र आया, और अनुभवों की पिटारी में से दूसरे चित्र सूत्र में गूँथने लगे। यह हुआ कविता का गभार्धान, जन्म चाहे नौ क्षण बाद हो चाहे नब्बे साल बाद।

मदन वात्स्यायन हिन्दी के विलक्षण कवि हैं। उनके पहले और बाद में भी हिन्दी का ऐसा और कोई कवि नहीं है, जिसने कारखाने और यंत्र एवं उससे जुड़े कई पक्षों पर कविताएँ लिखी हों। वे 'वसन्त' को भी 'असुर वसन्त' कहने वाले अकेले कवि हैं। रसायन शास्त्री होने, टेक्नॉलॉजिस्ट होने के कारण उनकी विचार- दृष्टि और संवेदन-पद्धति अन्य कवियों से एकदम अलग है। अज्ञेय ने उनके प्रत्यक्ष अनुभव को - असुरपुरी कविता का आधार' कहा है। 'असुरपुरी में दस से छह' कविता में मशीनों की ध्वनियाँ हैं, आवाजें हैं - 'धक-धक खच खच धक-धक खच-खच' यह आवाज निरन्तर, फैलती - गूंजती है। यह अन्य कवियों के ध्वनि-संसार से सर्वथा भिन्न है। कविता में मशीन, अलार्म, कमकर सब बोलते हैं। इसे मशीन के राग में भी देखा जा सकता है। कविता में मशीनों ने अपने को राजा, महाराजा, पूंजीपति, महासेठ, ऑटोमेटिक ईश्वर, 'भादो के भरे मेघ', सरस्वती अन्तः सलिला, हलधर, हरक्युलीज, अरणि हस्त अंगिरा राम, विद्युज्जटी आदि कहा है। मशीनें एक साथ ₹गरमी, प्रेशर, भाप, उपल- रज / ग्रीज, गैस, जल की आवाजें' सुनती हैं। मशीनें कहती हैं - 'सब का खून चूसते देखो/ आयु चबाते हैं हम / हा-हा-हा / हा हा हा हा हा। ' मदन वात्स्यायन की चिन्ता में श्रमिक हैं, कारखाने के कर्मचारी हैं। कर्मचारी जानता है, कहता भी है - 'ओ मेरे अफसर / ओ मेरे अफसर / तुमने मेरे हृदय में अंधकार भर दिया / मेरी आँखों की ऊषा छीन ली.../ मेरे रंगीन इन्द्रधनुष पर रोशनाई पोत दी... / तुम्हारी एक लाइन ने मेरे जीवन की कविता को निरर्थ कर दिया। '

मदन वात्स्यायन के यहाँ औद्योगिक सभ्यता की चिंताएं हैं। द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1957-7962) में औद्योगीकरण पर विशेष बल दिया गया था। नेहरू के प्रशंसक होने के बाद भी वे यंत्रीकृत युग, समय और समाज के पक्ष में नहीं थे। प्रकृति-परक उनकी कविताओं के साथ ऐसी, कविताओं को रख कर उनकी काव्य-चिन्ता से अवगत हुआ जा सकता है। 'तार सप्तक' के 'वक्तव्य में उन्होंने 'पूंजी और अ-समाजवादी राजकीय नियन्त्रण के विष-वपन से निस्तेज' 'आज के समाज' का उल्लेख किया था। उन्होंने जॉर्ज टॉमसन को उद्धृत किया था कि ₹बड़े उद्योगों को कविता की क्या परवाह है?' फिर यह कहा - 'सरकार के सेक्रेटरी को भी कविता की क्या परवाह है?' उनके सामने 'सहस्त्रार्जुन की तरह पूंजी' फैल चुकी थी, जिसने दिशाएँ जीत लीं प्रत्येक व्यक्ति पर छा गयी। 'ऋषियों को साँस लेने की जगह नहीं। ' मदन वात्स्यायन अपने समय के सभी कवियों से भिन्न हैं। मौलिक और विशिष्ट। 'शुक्रतारा' की उनकी अड़सठ कविताओं के अनेक स्वर हैं। औद्योगिक रसायन में डिग्री प्राप्त करने वाले इस कवि ने उद्योग और कारखानों को उसमें काम करने वाले मजदूरों को केवल निकट से देखा ही नहीं था, उसके साथ लगभग तीस वर्ष समय भी व्यतीत किया था। अफसर और मिनिस्टर को उसने पहचान लिया था। 'शुक्रतारा' कविता में नेहरू को वे 'वतन का प्यारा' कहते हैं - 'सताये हुओं को है जिस पर भरोसा'। इस कविता में 'शहर को अँधेरा कर, हवाई जहाज से मिनिस्टर' चले जाते हैं कवि सूरज को 'नये दूल्हे सा' और 'शुक्रतारा' को नव-वधू- सा देखता है। सूरज ' इंजन के हेडलाइट की तरह' निकलता है और शुक्रतारा 'गार्ड की रोशनी की तरह पीछे-पीछे गुमसुम' जाता है। मदन वात्स्यायन के यहाँ चाँद 'पेट्रोमैक्स' की तरह है और शुक्रतारा 'बैलगाड़ी की लालटेन' की तरह। शुक्रतारा भले एम. एल. ए. के पीछे जनता की तरह जाता हो, वह शाम को 'मशाल जला के' जाता है। उपमाओं की नवीनता नयी कविता को एक प्रमुख विशेषता थी। अज्ञेय ने मैले उपमानों' की बात अपनी एक प्रसिद्ध कविता में कही भी थी। 'सितारे' पहली बार मदन वात्स्यायन के यहाँ ही कौड़ियों से दौड़े आते' हैं, उनकी कविताओं में उनका समय है, उसमें कारखाने की व्यवस्था और प्रबंधन के प्रति एक आक्रोश भी है, अफसरशाही की आलोचना और व्यंग्य है। काव्य झसंवेदना, काव्य-भाषा, काव्य शिल्प सब भिन्न है। अफसरों से भरे सरकारी कारखाने 'साँपों से भरी कोठरी' की तरह है। इन कविताओं में प्रकृति के कई रूप-रंग हैं- सुबह, शाम, रात्रि के।



मदन वात्स्यायन की जन्मशती के अवसर पर उनकी कविताओं पर गंभीरता पूर्वक विचार जरूरी है। उन्होंने अधिक नहीं लिखा है। 1962 के बाद शायद नहीं। इसके बाद किसिम-किसिम की कविता हिन्दी में लिखी लिखी आने लगी थी। उन्होंने 'जाति धर्म' पर कविता लिखी, 'समाज विकास के कुछ चरण पर भी। इस अचर्चित कवि की कम चर्चा हुई है। उनके जनमशती वर्ष में उन्हें याद करना आवश्यक है।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# विनोद शाही की मिथक दृष्टि: 'राम कथा : एक पुनर्पाठ'

मूल्यांकन



ममता कालड़ा

राम भारतीय संस्कृति का मूल आधार माने जाते हैं, इसलिए सदियों से राम कथा गायी व लिखी जाती है । भारत में ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देशों में राम कथा का अपना विशेष महत्त्व है । बौद्ध धर्मों व जैन धर्मों में भी राम कथा को अपने विचारों के सन्दर्भ में लिखा गया । भारत की अनेक भाषाओं के साहित्य में भी राम कथा का वर्णन मिलता है, परन्तु इन सबका मूल स्त्रोत वाल्मीकि कृत 'रामायण' ही है ।

विनोद शाही ने इसी रामायण को आधार बनाकर 'राम कथा : एक पुनर्पाठ' की रचना की है, किन्तु यहाँ 'राम कथा' तुलसीदास के 'रामचरित मानस' की तरह नायक या पात्र केन्द्रित नहीं है, न ही यह राम के लोकमंगलकारी स्वरूप की व्याख्या करती है । असल में तुलसी का 'रामचरित मानस' एक भक्ति ग्रन्थ है, और वो भी प्रेम विषयक दास्यभाव मूलक भक्ति । तुलसी की राम-भक्ति में इतनी आस्था है कि वे गोरखपंथियों को नीच तक कह डालते हैं । तुलसी अलखहि का लखै, राम नाम जप नीच ।

किन्तु आज हमें सोचना होगा कि तुलसीदास के जिस समय में राम कथा पुनः लिखी गयी, भले ही वह उस समय भक्ति कथा के रूप में अपना अस्तित्व पाती हो, लेकिन आज उत्तर-औपनिवेशिक दौर में राम कथा को केवल भक्ति विषयक ग्रन्थ के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा । आज का समय तुलसी का समय नहीं है बल्कि भूमंडलीकरण और उदारीकरण का दौर है । सम्पूर्ण विश्व पर बाजारवाद हावी है । आज उपभोक्तावादी संस्कृति से परिचालित नव मूल्यों ने भक्ति को भी व्यापार में तब्दील कर दिया है, तो ऐसे में क्या राम कथा को भक्तिवादी धरातल पर बैठाना उचित होगा ? यही कारण है कि विनोद शाही रामायण की छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से भारत की वर्तमान परिस्थितियों को समझने का प्रयास करते हैं । अगर धार्मिक चश्मे को उतार कर इन कथाओं को सही ढंग से समझने का प्रयत्न किया जाए, तो ये कथाएं वर्तमान सांचे में एकदम फिट बैठती हैं । इसलिए आज के दौर को देखते हुए हमें विनोद शाही के आलोचनात्मक ग्रन्थ 'राम कथाः एक पुनर्पाठ' को समझना आवश्यक महसूस होता है । उनकी दृष्टि में राम कथा प्रकृति और मनुष्य के संधि स्थल पर खड़ी है तथा राम इतिहास पुरुष की तरह सभ्यता संघर्ष के साक्षी बनते हैं । असल में विनोद शाही यह बताना चाहते हैं कि राम एक प्रकृति पुरुष हैं और जब व्यक्ति प्रकृति का हो जाता है तो संकीर्ण राज-सत्ताएं उसको भ्रमित नहीं कर सकती । विनोद शाही अपने समय में सत्ता के अंतर्विरोधों को भली-भांति पहचानते हैं । वे राम के मिथक की पुनर्व्याख्या के जरिये सत्ता के समीकरणों को खोलने का प्रयास करते हैं । इसलिए उनकी राम कथा को सत्ता के विरोध में लिखा गया जन-चेतना के आख्यान की तरह देखा जा सकता है । वर्तमान दौर में जिस प्रकार सत्ता नए-नए रूपों में प्रकट हो रही है इससे इस पुस्तक के भाव को समझना और भी प्रासंगिक हो जाता है । 'राम' यहाँ 'भारतीय आत्मा' के रूप में प्रस्तुत होते हैं, तथा सीता 'आजादी' के मिथक के रूप में । राम 'रावण' रूपी औपनिवेशिक शक्तियों से सीता रूपी 'आजादी' को प्राप्त तो कर लेते हैं परन्तु उसी सीता को सत्ता से निष्कासित करके तड़पने के लिए छोड़ दिया जाता है । वाल्मीकि, जो कि गाँधी के पर्याय हैं, सत्ता से परे रहकर सीता व लव-कुश रूपी नयी पीढ़ी को सँभालने का प्रयास जरूर करते हैं, परन्तु अंततः वे भी असफल रहते हैं । गांधी 'राम' के जिस ईश्वरीय रूप को आत्मसात करते हैं, उस पर धर्म की मोहर लगाकर उन्हें खारिज कर दिया जाता है । विनोद शाही का मानना है कि गांधी को ठीक तरह से समझा ही नहीं गया है । इसीलिए वे बार-बार गांधी के विचारों को पुनर्मुल्यांकित करने का प्रयास करते हैं । विनोद शाही की दृष्टि में रावण का स्त्री अस्मिता व गरिमा पर कब्जा करना एक तरह से तीसरी दुनिया के देशों पर वर्चस्व स्थापित करने जैसा है अर्थात उन्हें तमाम तीसरी दुनिया के देश 'स्त्रैण-यथार्थ' की तरह दिखाई देते हैं, जो निरंतर बाजारवाद की चपेट में आ रहे हैं । और अंत में सीता का धरती में समा जाना एक तरह से हमारी उस स्वतंत्रता का छिन जाना है, जिसे हमने औपनिवेशिक दौर की गुलामी के बाद प्राप्त किया था ।

विनोद शाही की कृति में राम कथा एक सभ्यता विमर्श की तरह उभर कर सामने आती है । सभ्यता विमर्श के इस पाठ में वे सत्ता का खंडन करते हैं । कथा के आरम्भ में ही विनोद शाही राम जन्म की घटना को सामाजिक बदलाव की घटना मानते हैं । राम के समय तक आते-आते कबिलायी समाज किस तरह कृषि सभ्यता में तब्दील होता जाता है इसका विस्तृत वर्णन उन्होंने अपनी आलोचनात्मक कृति में किया है । उनका मानना है कि अपनी आवश्यक जरूरतों के लिए जंगलों पर निर्भर रहने वाला समाज राम के समय तक पूर्णतः कृषि पर निर्भर हो जाता है । क्या इसे परिवर्तन का सूचक नहीं माना जायेगा । इसलिए राम को वे वहां संक्रमण के दौर में खड़ा पाते हैं जहाँ कृषि सभ्यता के आने से केवल समाज की जरूरतें ही नहीं बदलती, बल्कि सामाजिक व्यवहार भी परिवर्तित होने लगता है । एक तरह से पूरी सामाजिक सरंचना में ही बदलाव आने लगता है । इस सन्दर्भ में वे राम कथा में लिखते हैं झ ' राम के समय तक आते-आते वह आदिम साम्यवादी मातृसत्तात्मक समाज बुरी तरह पतनशील और एक हद तक अमानवीयता की सीमा तक क्रूर व हिंसक हो गया है । जंगलों का सफाया हो रहा है; क्योंकि नयी सभ्यता के अग्रविकास के लिए दूसरा रास्ता नहीं है । जंगल अब मनुष्यों के बढते समाज के भरण-पोषण का भार वहन करने में असमर्थ हो गये हैं ।'

विनोद शाही एक प्रयोग धर्मी रचनाकार हैं । इसलिए प्राचीन ग्रंथों में छिपे वास्तविक जीवन को तलाशने में उनकी दृष्टि काफी पैनी हो जाती है । यहाँ भी उनका मकसद राम को उस भक्तिवादी धरातल से बाहर निकालना है जो राम को केवल आदर्शवादी ईश्वर के रूप में प्रस्तुत करता है । वे राम कथा को प्रकृति से जोड़ते हुए राम के वनवास प्रसंग को चिन्हित करते हैं और पूछते हैं कि क्यों राम राजा के रूप में इतने लोकप्रिय नहीं हुए, जितना उनका 'वनवास' लोगों के दिल में अपनी जगह बना पाया ? विनोद शाही यहाँ राम को भक्ति के धरातल पर नहीं बिठाते और न ही वे राम को किसी आदर्शवादी चरित्र की तरह प्रस्तुत करते हैं, बल्कि राम तो उन्हें साम्राज्यवादी नीतियों के खिलाफ अथवा सत्ता के प्रतिरोध में खड़े दिखाई देते हैं । राम द्वारा सत्ता के षड्यंत्रों को पहचानना, सत्ता का परित्याग करना तथा वनवास प्रसंग में आम जन के साथ सत्ता का विद्रोह करना, उनकी दृष्टि में ये सभी घटनाएँ एक तरह से वर्ग-विहीन समाज के उद्देश्य से लिखी गयी है ।

इसी कृति में आगे, वे अश्वमेध यज्ञ की घटना का जिक्र भी करते हैं तथा इस घटना के माध्यम से यह बताने का प्रयास करते हैं कि सत्ता किस प्रकार मनुष्य के मस्तिष्क पर सवार होकर उस पर नियंत्रण स्थापित कर लेती है । इस घटना को यदि हम उत्तर-आधुनिक समय में समझें तो जिन औपनिवेशिक नीतियों का विरोध करके भारत आजाद हुआ, उन्हीं नीतियों का अनुसरण करके भारत ने अपनी विकास की दिशा निर्धारित की । विनोद शाही सवाल करते हैं कि विकास के जिस मॉडल को भारत में उतारा गया, क्या वह विकास की सही दिशा निर्धारित कर पाने में सफल हुआ ? आजादी से पहले जिस लोकतंत्र की कल्पना सामान्य जन ने की थी, क्या वो लोकतंत्र जन-मानस की कसौटी पर खरा उतर पाया ? इन सभी सवालों से जूझते हुए विनोद शाही को गाँधी याद आ जाते हैं । क्यों गाँधी के चिंतन में 'मनुष्य' केंद्र में आ जाता है ? क्यों वे सत्ता व व्यवस्था के बजाय आम-जन के साथ खड़े होना पसंद करते हैं तथा उसी में वास्तविक विकास की संभावनाएँ खोजते हैं ? यहाँ विनोद शाही गाँधी को वाल्मीकि के समक्ष खड़ा कर देते हैं तथा गाँधी को वाल्मीकि के समतुल्य मानते हुए कहते हैं कि जिस तरह वाल्मीकि सत्ता के विरोध में खड़े हैं, उसी तरह गाँधी के आश्रम में भी सामान्य जन को पनाह मिलती है । असल में विनोद शाही की नजर में मनुष्यत्व ही आजादी है । किन्तु आजादी के बाद भारत में जिस तरह की सत्ता या व्यवस्था स्थापित हुई, उससे सबसे ज्यादा संकटग्रस्त आम-जन ही रहा । उसकी अपनी आजादी कहीं खो गयी । इस सन्दर्भ को यदि हम विनोद शाही की मिथकीय दृष्टि से देखें तो सीता रावण की कैद से आजाद तो हुई, किन्तु सीता रूपी आजादी एक ऋषि के आश्रम तक सीमित रह जाती है । विनोद शाही का मानना है कि राम कथा महज एक धार्मिक पाठ नहीं है । बल्कि यह सत्ता में छिपे गहरे अंतर्विरोधों को प्रकट करता है तथा सत्ता के समीकरणों को सुलझाने में हमारी मदद करता है। उनकी रचना का मूल प्रतिपाद्य एक ही रहता है, वह है - हमारी सांस्कृतिक जमीन को पुनर्स्थापित करना । उनकी दृष्टि में राम कथा महज एक धार्मिक ग्रन्थ नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है । आज एक नए ढंग का सांस्कृतिक माहौल रचा जा रहा है । अतः ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि मनुष्य अपने अतीत में वापसी करे, उसका पुनर्पाठ करे, तभी सांस्कृतिक जमीन का निर्माण संभव है ।

**(लेखक पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में शोधरत हैं, संपर्कः 94601 76154)**

# पड़ोसियों के साथ महासंघ वक्त की मांग

टिप्पणी



डा सी पी राय

क्या अब उचित समय है की भारत, पाकिस्तान, बंगला देश और संभव हो तो नेपाल ,भूटान और श्रीलंका का भी एक महासंघ बन जाना चाहिये ? यद्यपि बंगला देश ने काफी तरक्की किया है और मजबूत भी हुआ है। नेपाल भारत और चीन के बीच झूल रहा है सहायता के लिए तो पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच और यही स्थिति श्रीलंका की भी है। भूटान छोटा है और पड़ोसियों की सहायता पर निर्भर है तो भारत भी अपनी सैन्य आवश्यकताओ के लिए अन्य देशो पर निर्भर है, इसे भी अंतर्राष्ट्रीय मदद की दरकार भी रहती है।

यद्यपि भारत ने पिछली सभी सरकारों के समय काफी तरक्की की है और आर्थिक क्षेत्र हो, अंतरिक्ष का क्षेत्र हो या सैन्य ताकत, सभी में दुनिया के बड़े देशों की कतार में खड़ा हो गया है पर इसकी बेतहाशा बढ़ती हुयी जनसंख्या और उसम युवाओं की बड़ी संख्या इसके सामने चुनौती बनी हुई है क्योंकि एक सीमा तक युवा राष्ट्र उत्पादक होता है और ताकत होता है पर अगर नीतियां रोजगार का निर्माण न कर रही हों और पूँजी का वितरण देश में और समाज में तार्किक और समानुपाती न हो बल्कि उसका विकेन्द्रीयकरण के बजाय केन्द्रीयकरण हो रहा हो तो बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ती है और बेरोजगार युवा देश पर बोझ ही नहीं मुसीबत साबित हो सकता है। इसका भारत के परिप्रेक्ष्य में अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान आर्थिक मामलों से लेकर अंदरूनी समस्यायों से झूझ रहा है और आतंकवाद की आंच उसे भी जला रही है।

भारत, पाकिस्तान और बंगला देश तो हमेशा से एक देश रहा है। इन तीनो देशों की संस्कृति, खानपान, पहनावा, मौसम, फसलें, नदियाँ, पहाड़, भाषा, बोली, इतिहास सब कुछ तो एक ही है। इन देशों का कोई भी भारत आता है तो न भारत उसे बेगाना लगता है और न इन देशों में जाने वाले भारतीयों को ये लोग बेगाने लगते है। पाकिस्तान जाकर लौटने वाले सारे लोगों ने यही बताया की वहाँ बहुत प्यार और इज्जत मिली और वहाँ के लोगो ने हाथोहाथ लिया। इन देशों की समस्याए भी एक जैसी ही है करीब करीब। अगर पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरता ने उसको पीछे किया है तो बंगला देश में भी कट्टर ताकतें सर उठाती रहती है और भारत भी धार्मिक घृणा की तरफ धकेला जा रहा है कुछ ताकतों द्वारा।

नेपाल लगातार अस्थिर है तो श्रीलंका अभी एक आन्तरिक युद्ध से ठीक से उबर भी नहीं पाया है। ये सारे देश एक दूसरे के खिलाफ होने या साथ नहीं होने के कारण सेना और हथियार पर बहुत बड़ी धनराशि खर्च करने को मजबूर हैं और आपस में सहयोगी नहीं होने के कारण खासकर पकिस्तान की सीमा और व्यापार बंद होने के कारण वही चीजें दूसरो से महंगा लेने को मजबूर है। जबकि अगर ये सब देश एक देश की तरह या ढीले ढाले महासंघ के रूप में काम करने लगें और उन मुद्दों को उठा कर किनारे टांग दे जो इतने वर्षो से केवल आत्मघाती साबित हुए हैं तो ये सभी बहुत मजबूत हो सकते हैं। केवल सेना और हथियार का खर्च ही कम हो जाय, आपसी तनाव खत्म हो जाये तथा सीमाएँ खुल जाए और ये सभी दुश्मन की जगह सहयोगी बन जाएं तो खुशहाल हो जायेंगे और आपसी 90 प्रश जरुरतें खुद पूरी कर सकेंगे।

पर सवाल है कि ये होगा कैसे ? इन देशों के विद्वान, सिविल सोसायटी, कलाकार, लेखक, कवि और छात्र मिलकर इसकी बुनियाद डाल सकते हैं। अगर बड़े पैमाने पर इन लोगों का एक दूसरे के यहाँ आना जाना शुरू हो जाये, सबके साथ मैत्री संघ बन जाए और उसको सरकारों की भी मान्यता तथा सहायता मिले तो बात बन सकती है। अगर जर्मनी का एकीकरण हो सकता है तो भारत, पाकिस्तान और बंगला देश का क्यों नहीं हो सकता ? एक प्रधानमंत्री, दो उप प्रधानमन्त्री का फामूर्ला चल सकता है। प्रारम्भिक तौर पर और दो उप राष्ट्रपति का या राष्ट्रपति बारी बरी तीनों जगह से हो सकते है। और जब सब ठीक लगे तो एक देश के रूप में काम करने लग सकते हैं। प्रारम्भिक तौर पर केवल सुरक्षा, विदेश नीति, संचार और मुद्रा एक रहे और बाकी चीजें तीनों की स्वतन्त्र रहें और सेना का संयुक्त कमांड हो जो आपस के लिए नहीं बल्कि अन्य देश की सीमाओं के लिए काम करे तथा आपसी सीमाओं से सेना पूरी तरह हट जाये। बस कानून व्यवस्था और किसी भी तरह के आतंकवाद और अवैध कारोबार को रोकने के लिए नाममात्र की रहे। आगे चल कर एकीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। पूरा सामंजस्य बैठ जाने और आपसी विश्वास कायम होने तथा अंतरिम व्यवस्था के सफल हो जाने के बाद बात आगे बढ़ सकती है। यही फामूर्ला बाकी पड़ोसियों के साथ भी अपनाया जा सकता है।

यद्यपि ये आसान नहीं है और दुनिया को अपनी रियाया समझने वाली ताकतें ऐसा आसानी से होने नहीं देगी पर चुनौती भी तो यही है और उन ताकतों के शोषण तथा दादागिरी के खिलाफ और खुद को सशक्त करने तथा अपनी समस्याओं से खुद निपटने में आपसी सहयोग स्थापित करने के लिये ही तो इस एकीकरण अथवा प्रारम्भिक तौर पर ढीलेढाले महासंघ की आवश्यकता है। पर इसके लिए इन देशों और समाजों को उन ताकतों को तो किनारे लगाना ही होगा जो धार्मिक अथवा जातीय कट्टरता वाला समाज अथवा देश बनाना चाहते हैं क्योंकि ऐसा महासंघ तो सिर्फ मानवता की बुनियाद पर और मानवता की बहबूदी के लिए ही बन सकता है। पाकिस्तान या बंगला देश की जनता को ऐसी ताकतों पर लगाम लगाना होगा तो भारत में भी कुछ लोगो को तय करना पड़ेगा की देश के बंटवारे से दुखी होना और फिर धर्म के नाम पर किसी कौम की उपेक्षा या उससे घृणा दोनों साथ तो नहीं चल सकते हैं।

सवाल ये है कि भारत बड़ा है, क्या इसकी सत्ता ऐसी पहल नहीं कर सकती ? क्या आगे बढ़ कर आजादी के बाद बनी दीवार गिराने की तरफ पहला हथौड़ा नहीं चला सकती है? इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को पहल करनी चाहिए और सत्ता की मातृ संस्था आरएसएस जो भारत बंटवारे के खिलाफ बहुत मुखरता से आवाज उठाती रही है, उसको आगे बढ़ कर इस अभियान की शुरूआत करनी चाहिये और अगर ये लोग आगे नहीं बढ़ते हैं तो राहुल गाँधी और कांग्रेस को इस अभियान की शुरूआत करना चाहिये। कांग्रेस के रिश्ते पड़ोसियों से अच्छे रहे हैं इसलिए वो विश्वास बना सकती है। करे कोई भी लेकिन आपसी दीवार अब गिर ही जानी चाहिए। क्योकि लड़ाइयों से तो बबार्दी के अलावा आजतक कुछ भी हासिल नहीं हुआ तो क्यों न लड़ाई शब्द को मिलकर खूंटी पर टांग दिया जाए और केवल खुशहाली की प्रतियोगिता और सहयोग में लग जाया जाए ।

**(लेखक स्वतंत्र राजनीतिक चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 9412254400)**

# कलेक्ट्रेट भवन में जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण


कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण करते जिलाधिकारी


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लालचन्द तिवारी को सम्मानित करते जिलाधिकारी

आयोजन

### प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के समान अवसर मिलना चाहिए-डीएम

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डारोहण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने व्योवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लालचन्द तिवारी को शाल एवं नारियल देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दिशा श्रीवास्तव एवं जीजीआईसी की छात्राओं व दिव्यज्योति यादव द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गयी, जो काफी सराहनीय रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सब लोग 74वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्र की सम्पदा है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के समान अवसर मिलना चाहिए।

उन्होने बताया कि कलेक्टर की संस्था सबसे पुरानी संस्था है, इस संस्था का जनपदीय प्रशासन में अहम भूमिका है, इसलिए हम सभी को बिना भेदभाव के जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बेहद खराब स्थिति तब होती है, जब आम जनता को लगने लगे कि उसको अब न्याय नही मिलेगा, इसलिए हम सभी उचित निर्णय लेते हुए निर्धारित समय में दिये गये दायित्वों को पूरा करें, जिससे लोगों का शासन, प्रशासन व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़े। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शहीदों के जीवन से सीख लेते हुए देश सेवा के प्रति हों समर्पितःराजेन्द्र प्रसाद

### तेरी मिट्टी में मिल जावां गाने पर छात्रों ने की मनमोहक प्रस्तुति

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 74 वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय एवं विद्यालय की निदेशिका कंचन यादव ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गयातत्पश्चात राष्ट्रगान वंदे मातरम् और झंडा गीत के उपरान्त विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में समूह गीत ऐ वतन, मेरे देश की धरती सामूहिक नृत्य मेरी शान है तिरंगा तेरी मिट्टी में मिल जाँवा आदि की झनकार पर लोग हर्षातिरेक से झूम उठे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

## गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किया विविध कार्यक्रम

**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक डी पी मौर्या प्रधानाचार्य राम नयन मौर्य निदेशक नरेंद्र यादव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समस्त देशभक्तों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुती काफी सराहनीय रही। कक्षा सात की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रांगण गूंज उठा इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने


सरस्वती पूजन करते विद्यालय के प्रबंधक व अध्यापकगण

सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी की प्रस्तुति देकर हिंदुस्तानी होने का एक मिसाल दी। छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, राहुल तिवारी (अनुशासन अधिकारी) शरद गुप्ता एक्टिविटी टीचर किशन यादव, नमिता यादव, धीरेंद्र मोहन, रोहित विश्वकर्मा संगीत अध्यापक आदित्य मिश्रा आर.सी. मौर्या, ओमकार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री दयालु ने किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी


परेड की सलामी लेते राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, के प्रांगण में भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का मान-प्रणाम स्वीकार करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व अन्य अधिकारी गण भी मौजूद रहें। अतिथि गण का स्वागत पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया व अन्य अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि व पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा भव्य परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मलित आठ टोलियों का नेतृत्व प्रथम परेड कमाण्डर शक्ति मोहन अवस्थी, द्वितीय परेड कमाण्डर गौरव शर्मा, तृतीय परेड कमाण्डर विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इन टोलियों में पुलिस कास्टेबल, नागरिक पुलिस, सीईआर, एईआर, महिला पीएसी, होमगार्डस, सीटीएस के कर्मियों ने प्रतिभाग किया है। पुलिस विभाग के अन्य दस्ता जैसे मोटर साईकिल स्क्वायड, वायरलेस, फिल्ड यूनिट, डाग स्क्वायड, डायल 112 मोटर साइकिल, डायल 112 इनोवा, डायल 112 बोलेरो, इगल मोबाइल मो. साइकलि एन्टी रोमियो, सर्विलांस, क्यूआरटी दस्ता, स्वाट टीम (वज्र), कैम्मो फ्लाइज वाहन (आधुनिक दस्ता) फायर सर्विस सहित अन्य दस्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड मे 5 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के कार्यक्रम को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये।

### उत्कृष्ट सेवा पदक से 52 लोगों को किया गया सम्मानित

**आजमगढ़।** मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यालय स्तर से श्री शक्ति मोहन अवस्थी, सहायक पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़, को पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह रजत से सम्मानित किया गया। इसी की साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यालय स्तर से (गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट, उत्कृष्ठ सेवा पदक तथा सराहनीय सेवा पदक कुल 52 पदक) पुलिस महानिदेशक अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।


सीपीएस जाफरपुर में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

### महापुरुषों से प्रेरणा लेने की जरूरतः नवाज अहमद खां

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल्स आफ ग्रुप में संबंधित प्रबंधकों ने ध्वजारोहण किया। सह संस्थापिका तरन्नुम खानम एवं प्रबंधक नवाज अहमद खां ने राष्ट्र ध्वज फहराया। छात्र, छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ओ देश मेरे, तेरी शान पे, सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम नौजवान देश के जो शहीद हुए सरहद पर आदि की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने जिले का इतिहास बताते हुए बताया कि आजमगढ़ की भूमि ऋषियों, मुनियों की कर्मभूमि एवं तपस्थली के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन के समय में भी जिले का विशेष महत्व रहा है। प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने गणतंत्र दिवस के साथ ही बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक नवाज अहमद खां ने महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने और देश को ऊंचाईयों तक पहुंचाने का प्रयास करते रहना चाहिए। हर भारतीय का कर्तव्य बनता है कि वह देश के विकास के लिए अपना पूरा योगदान दे। संस्थापक अयाज अहमद खां ने छात्र, छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत कर विद्यालय के छात्रों ने विविधि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गणतंत्र दिवस के 74 वीं वर्षगांठ पर तहसील और ग्राम स्तर पर राष्ट्रीयता की भावना पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए और बड़े ही शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर महत्वपूर्ण शासकीय भवनों एवंऐतिहासिक स्थानों व विद्यालयो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिसके क्रम में शेख मसूद इन्टर कालेज फरिहा, अभिनव पब्लिक स्कूल अमौडा, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल रोवा, विनायक ग्रुप आफ कालेजेज मनराजी देवी इन्टर कालेज में तिरंगा फहराया गया जहां पर अभिभावक सहित बच्चे उपस्थित रहे। अभिनव पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रभात फेरी निकली इसी क्रम में शेख मसूद इन्टर कालेज में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### बेखौफ आजाद है जीना मुझे.......

**आजमगढ़।** कोटिला चेक पोस्ट स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 74वें गणतंत्र का आयोजन किया गया। प्रबंधक मोहम्मद नोमान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गाए गए एवं छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर देश के शहीदों को नमन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने क्रमशः अंग्रेजी, हिंदी एवं उर्दू भाषण द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पुलिस लाइन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा नारी सशक्तिकरणह्व पर गीत की प्रस्तुति ह्वबेखौफ आजाद है जीना मुझे, बेखौफ आजाद है रहना मुझेह्व अत्यंत ही मनोहारी तथा आकर्षक रही। प्रबंधक मोहम्मद नोमान ने कहा कि अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना, हम सभी का नैतिक कर्तव्य है, इसलिए राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना चाहिए। प्रधानाचार्या हुमा वसीम ने कहा कि आज के दिन भारत ने अपना संविधान लागू किया और देश को गणतंत्र का दर्जा प्राप्त हुआ, इसलिए सभी का देश के प्रति कुछ कर्तव्य है, जिनका हम सभी को निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर सहसंयोजिका ऋचा मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र, छात्राएं उपस्थित रहीं।


तिरंगे को सलामी देती आजमगढ़ पब्लिक स्कूल की छात्राएं

# डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया

उत्साह

### शान से लहराया तिरंगा जन गण मन की रही गूंज

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** गणतंत्र दिवस का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने ध्वजारोहण करने के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। नेहरू स्टेडियम से आयोजित दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर समेत पूरे जनपद में सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विविध कार्यक्रमों की धूम रही। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### केंद्रीय मंत्री ने प्रभुनाथ चौहान को दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री तथा चंदौली लोकसभा के सांसद महेन्द्र नाथ पांडेय वृहस्पतिवार देर रात भाजपा के दिवंगत पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान के घर पहुंचे। जहाँ उन्होंने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रभुनाथ चौहान का 17 जनवरी की सुबह आकस्मिक निधन हो गया था।इस निधन से दुखी मा मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय ने परिजनों से मिलकर कहा कि इस दुख कि घड़ी में हम आप सबके साथ है। प्रभुनाथ ने बहुत बड़ी सामाजिक कमाई कि है अपना बहुत ही प्रिय साथी बताते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग साथ साथ भाजपा और समाज का काम करते थे। इनका निधन स्तब्ध करने वाला है, वो भाजपा और समाज के जिन्दादिल जनप्रिय नेता थे जो अनन्त संभावनाओं से भरे थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,प्रवीण सिंह,सुनिल सिंह अच्छेलाल गुप्ता, सुरेश बिंद, मनोज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अनिल पांडेय, सुरेन्द्र चौहान,रमेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।



कैंप कार्यालय पर गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण करते कांग्रेसी।


गणतंत्र दिवस पर देवा स्थित आरएस अस्पताल में छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यअतिथि।


बंधवा स्थित गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण करते माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव।


फदनापुर बोरसिया स्थित सत्यदेव ग्रुप आफ कालेज में झंडारोहण करते निदेशक सानंद सिंह।


मियांपुरा स्थित शाहफैज पब्लिक स्कूल में कर्मचारी को पुरस्कृत करती आतिया अधहमी।


मर्जाबाद चट्टी पर मां सरस्वती की प्रतिमा।

### डीएम ने शान-बान से फहराया तिरंगा

**गाजीपुर।** कलेक्ट्रेट में 74 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभी को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इसके उपरान्त स्कूली बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितो को अंगवस्त्रम व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। रायफल क्लब सभागार में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/आश्रितों को अंगवत्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गयी,। गणतंत्र दिवस समारोह मे अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**गाजीपुर।** जिला कॉंग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पवन अवसर पर कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर मिष्ठान वितरण किया गया ततपश्चात स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुजवालपुर, रजदेपुर, नुरुद्दीनपुरा, कपुरपुर, चम्पियबाग आदि मोहल्लों में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान चला कर शुरू की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे, जनक कुशवाहा, मारकंडेय सिंह, शफीक अहमद,अजय कुमार श्रीवास्तव ,आशुतोष गुप्ता, प्रमिला देवी, महबूब निशा, ज्ञान प्रकाश सिंह आदि रहें।

### पीजी कालेज परिसर में फहरा तिरंगा

**गाजीपुर।** पी.जी. कॉलेज में भी गणतंत्र दिवस के उत्सव पर छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण प्राचार्य प्रो. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर एनसीसी ,रोवर/रेंजर्स एवं संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुति भी दिया।

### माउंट लिट्रा जी स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस

**गाजीपुर।** शहर के बंधवा पीरनगर स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में गणतंत्र दिवस एवं बंसत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव ने झंडारोहण करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र,छात्राओं के द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौर में विद्यालय के कक्षा नौवीं की छात्रा खुशी व बारहवीं के छात्र आशुतोष एवं विद्यालय के शिक्षक ज्ञान शंकर दूबे ने अपने वक्तव्य के माध्यम से शहीदों के चन्द कथनों स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए उनके प्रयासो एवं गणतंत्र दिवस से जुडे मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व को मनाने के साथ-साथ बसंत-पंचमी के शुभ अवसर को ध्यान में रखते हुए विद्या-दायिनी माँ सरस्वती की उपासना पूरे विधि-विधान से की गई। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र,छात्राओं ने माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष शांति समृद्धि, बुद्धि व सफलता की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश कारकून एवं सीनियर कोआर्डिनेटर बद्रीश श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में अपने महान राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों उनके कर्तव्यों एवं गणतंत्र दिवस की महत्ता के प्रति अपने सुविचार उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए। साथ ही साथ उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाईयाँ देते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा तैयार किए गए भिन्न.भिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना भी की। तत्पश्चात छात्रों को मिष्ठान प्रदान किया गया। विद्यालय के इस पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र मो. अब्बास एवं छात्रा प्रशंसा के द्वारा किया गया।

### सत्यदेव डिग्री कॉलेज में वीर सपूतों को किया याद

**गाजीपुर।** सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्रांगण में 74 वे गणतंत्र दिवस एवं मां सरस्वती का पूजन उत्सव बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर सानंद सिंह ने कहा कि देश को आजाद करने के लिए हजारों लोगों ने बलिदान दिया है' आज ही के दिन भारत देश को एक संविधान प्रदत हुआ। इस संविधान के अनुसार भारत देश का संवैधानिक प्रशासन चल रहा है। आप सभी उपस्थित छात्रों से अनुरोध है की पढ़ लिख कर संविधान के रक्षक के रूप में कार्य करें सदैव अनुशासन का पालन करे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों में मिष्ठान वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की ट्रस्टी माता सावित्री सिंह जी रही। आतिथि के रूप में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर सानंद कुमार सिंह, सत्यदेव इंस्टिट्यूट आफ ऑफ टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर प्रीति सिंह, सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर अमित सिंह रघुवंशी रहे।

### मंत्री के हाथों उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**गाजीपुर।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाईन मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर झंडा फहराया तथा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टोलियों द्वारा मुख्य मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने परेड को कमान्ड कर रहे प्रथम, द्वितीय व सभी टोली के कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा मेडल, जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को लगाया गया तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश, पुलिस जनपद स्तरीय अधिकारी, नागरिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी एवं आम जनमानस मौजूद रहे।


पुलिस लाईन परिसर में गणतंत्र दिवस पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर एवं डीएम-एसपी।

### शहीदों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**दिलदारनगर।** नगर में 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर सैकड़ो लोग अपने अपने हाथों में तिरंगा झंडा के साथ देश के वीर शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला गया।इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों,स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर देश में अमन चयन रखने की कसम खाते हुए देश में आपसी मिल्लत कायम रखने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर नगर में चेयरमैन अविनास जायसवाल,रेलवे सुरक्षा बल थाना में प्रभारी निरीक्षक बालगंगाधर,दिलदारनगर थाना में अशेष नाथ सिंह,रेलवे स्टेशन अधिक्षक नफीस अहमद खा,जीआरपी में प्रभारी शिवसागर, नगर पंचायत ने अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने झंडा फहराया।

### भाजपाइयों ने गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**गाजीपुर।** 74 वें गणतंत्र दिवस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाईन पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने राष्ट्रीय झंडा फहराया,तथा राष्ट्र गान गाकर आजादी के वीर अमर शहीदों को स्मरण करते हुए उनके सम्मान मे नारे लगाए गये।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह,सुनिल सिंह,रविप्रकाश,सुरेश बिंद,अच्छेलाल गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता, राजीव सिंह,श्री प्रकाश केशरी, अजीत सिंह,मुरली कुशवाहा,सुधीर केशरी,सुजीत राय,राजू यादव आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों के कंधे पर संस्था का विकासः नदीम अधहमी

**गाजीपुर।** शाहफैज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 74 वे गणतंत्र दिवस पर धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ राय तिरंगे को सलामी दी गई। स्कूल के निदेशक डा. नदीम अधहमी ने कहा कि बच्चे जब स्कूल से शिक्षा लेकर कहीं बाहर जाते हैं तो स्कूल ही नहीं उन शिक्षकों की भी प्रशंसा होती है। स्कूल से लेकर बच्चों के शिक्षा तक की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधे पर होती है। शिक्षक सम्मान का हकदार होता है। इसीलिए शिक्षकों का शिक्षकों को भी सम्मानित करना हर विद्यालय का को सम्मानित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर आतियां अधहमी तस्लीम कौसर नेहा कुरैशी डा. कीर्ति उपाध्याय, एकरामुल हक, राजेश सिंह, योगेंद्र पांडे, आनंद, रत्नेश शुक्ला, सीताराम भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक अभिभावक छात्र-छात्राएं व स्टॉप मौजूद रहे।

### विद्यालय सहित संस्थानों पर शान से फहरा तिरंगा

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। झंडारोहण के क्रम में थाना भांवरकोल कार्यालय में थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय ने, ब्लाक कार्यालय और मार्टिन चिल्ड्रेन एके-डमी भांवरकोल में प्रमुख प्रतिनिधि आनन्द राय मुन्ना ने क्रमश बीडीओ,एडीओ, सचिवों व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में जबकि मार्टिंस स्कूल में प्रधानाचार्य विनय राय, प्रबंधक अवधेश पांडेय,उप प्रधानाचार्य मनोज प्रजापति व शिक्षकों की उपस्थिति में झंडारोहण किए। स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर में प्रधानाचार्य शिवजी यादव ने फहराया।

### आरएस अस्पताल पर विद्यार्थी सम्मानित

**दुल्लहपुर।** 74 वां गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी सरस्वती पूजन पर आरएस हॉस्पिटल एंड आरएस पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज देवा दुल्लहपुर में ध्वजारोहण,राष्ट्रगान के साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर संपन्न किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डा. राजेश कुमार पांडे, सह डायरेक्टर डॉ साधना तिवारी, डॉ पीडी राम आदि मौजूद रहें।

# बैंकिंग, अडानी ग्रुप शेयरों ने तोड़ा बाजार, निवेशकों के 6.5 लाख करोड़ साफ, सेंसेक्स में 874 अंकों की गिरावट

## सेंसेक्स में 874 अंकों की गिरावट है और यह 59,331 के लेवल पर बंद हुआ है


**मुंबई।** आज के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली है। सेंसेक्स और निफ्टी में साल की बड़ी गिरावट आई है। सेंसेक्स इंट्राडे में 1000 अंकों से ज्यादा कमजोर हुआ था। वहीं निफ्टी भी 17500 के नीचे आ गया। आज अडानी ग्रुप शेयरों में बिकवाली जारी रही है। वहीं बैंक और फाइनेंशियल शेयरों में बिकवाली से भी बाजार का मूड खराब हुआ है। मेटल शेयरों में भी जमकर मुनाफा वसूली देखने को मिली है। फिलहाल सेंसेक्स में 874 अंकों की गिरावट है और यह 59,331 के लेवल पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी 288 अंक कमजोर होकर 17,604 के लेवल पर बंद हुआ है।



*निवेशकों के 6.5 लाख करोड़ साफ*

बाजार की इस बिकवाली में निवेशकों के करीब 6.5 लाख करोड़ डूब गए। बुधवार को बाजार बंद होने पर बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 2,76,49,559.08 करोड़ था। यह आज बाजार बंद होने पर यह घट कर 2,69,90,053.02 करोड़ रुपये रह गया। आज के कारोबार में बैंक और फाइनेंशियल शेयरों में तेज गिरावट रही है. निफ्टी पर दोनों इंडेक्स 3 फीसदी के करीब कमजोर हुए हैं। जबकि ऑटो इंडेक्स में करीब 1 फीसदी की तेजी है। मेटल इंडेक्स में 4 फीसदी गिरावट है। आईटी, रियल्टी और फार्मा इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए हैं। बैंक निफ्टी ने 41500 के अपने 100-डीएमए को सरेंडर कर दिया है, जिसके कारण कई स्टॉप लॉस शुरू हो गए हैं, जो आगे बिकवाली का दबाव बढ़ा रहा है। बाजार पिछले साल के पैटर्न को फॉलो कर रहा है, क्योंकि जनवरी 2022 दूसरे और तीसरे सप्ताह में निफ्टी ने दोजी कैंडल (जो एक रेंज बाउंड मूव) देखा, जिसके बाद जनवरी के अंतिम सप्ताह में तेज गिरावट आई थी। टेक्निकली बैंक निफ्टी के लिए 40000 एक साइकोलॉजिकल सपोर्ट लेवल है, जबकि 39500 एक महत्वपूर्ण सपोर्ट लेवल है. अगर बैंक निफ्टी 40000-39500 रेंज से वापस बाउंस बैक करने में सफल होता है, तो आगे और ज्यादा बाउंसबैक की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, बेहतर रिकवरी के लिए बैंक निफ्टी को 42000 से ऊपर वापस आने की जरूरत है।

### बजट से पहले सोने के दाम में तगड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** कई सप्ताह की बढ़ोतरी के बाद सोने का रुख अब गिरावट की ओर है। सोना आज फिर तेजी से सस्ता हुआ। एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना वायदा 56,824 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। चांदी की कीमत 68,859 रुपये प्रति किलोग्राम चल रही थी। सराफां बाजार में आज सोने की कीमत में करीब 600 रुपये की गिरावट देखी है। खुदरा बिक्री के बाद बुधवार को भारतीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में मिलाजुला रुख दिखा। जहां मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की दरों में गिरावट देखी गई, वहीं चांदी के रेट में तेजी दर्ज की गई।

## अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की सेबी और आरबीआई करे जांच: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को अडानी समूह के खिलाफ कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की सेबी और आरबीआई से जांच कराने की मांग की। हालांकि, अडानी ग्रुप ने आरोपों से इनकार किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि अडानी समूह के हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा किए गए फोरेंसिक विश्लेषण में गंभीर जांच की जरूरत है। इसके लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जैसे निकायों को जांच करनी चाहिए क्योंकि वो देश की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, "हम अडानी समूह और वर्तमान सरकार के बीच घनिष्ठ संबंध को पूरी तरह से समझते हैं। मगर, एक जिम्मेदार विपक्षी पार्टी के रूप में कांग्रेस पर ये निर्भर है कि वो व्यापक जनहित के लिए सेबी और आरबीआई से वित्तीय प्रणाली के प्रबंधक के रूप में अपनी भूमिका निभाने और इन आरोपों की जांच करने का आग्रह करे।" जयराम रमेश ने कहा कि



मोदी सरकार सेंसरशिप लागू करने की कोशिश कर सकती है। मगर, भारतीय व्यवसायों और वित्तीय बाजारों के वैश्वीकरण के युग में क्या हिंडनबर्ग-प्रकार की रिपोर्टें को आसानी से 'दुर्भावनापूर्ण' करार देकर खारिज कर दिया जा सकता है, जो कॉर्पोरेट 'कुशासन' पर ध्यान केंद्रित करती हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोप लगाया है कि अडानी समूह स्टॉक हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी में लगा हुआ था। बताते चलें कि हिंडनबर्ग एक्टिविस्ट शॉर्ट-सेलिंग में विशेषज्ञता रखने वाली अमेरिका की निवेश रिसर्च फर्म है। फर्म ने कहा कि उसकी दो साल की जांच से पता चलता है कि 17.8 ट्रिलियन रुपये का भारतीय समूह अडानी दशकों से एक स्टॉक हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी योजना में लगा हुआ है।

### आरबीआई गवर्नर बोले, चालू खाता घाटा पूरी तरह से प्रबंधनीय

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि चालू खाता घाटा पूरी तरह से प्रबंधनीय है और व्यवहार्यता के मापदंडों के भीतर है।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा अनिश्चित अंतर्राष्ट्रीय माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है, जो अपने मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल से ताकत हासिल कर रही है। उन्होंने 22वें फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया-प्राइमरी डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के दुबई में हुए वार्षिक सम्मेलन में मुख्य भाषण देते हुए कहा, हमारी वित्तीय प्रणाली मजबूत और स्थिर बनी हुई है। बैंक और कॉर्पोरेट संकट से पहले की तुलना में अधिक स्वस्थ हैं। बैंक ऋण दोहरे अंकों में बढ़ रहा है। भारत को व्यापक रूप से एक अन्यथा उदास दुनिया में एक उज्जवल स्थान के रूप में देखा जाता है। हमारी मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई है, हालांकि मुख्य मुद्रास्फीति स्थिर और उच्च बनी हुई है। उन्होंने कहा, वैश्विक मांग में कमी के बावजूद व्यापारिक निर्यात पर दबाव पड़ने के बावजूद भारत का सेवाओं का निर्यात और प्रेषण मजबूत बना हुआ है।

## अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट जारी, अडाणी टोटल गैस का शेयर करीब 20 फीसदी टूटा

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के शेयर शुक्रवार को भी दबाव में रहे और शुरूआती सौदों में इनमें 20 फीसदी की गिरावट आई। अमेरिकी विअडाणी समूह के शेयरों में गिरावट जारी, अडाणी टोटल गैस का शेयर करीब 20 फीसदी टूटा त्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने समूह पर कई आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। कंपनी के इस आरोप के बाद विविध कारोबार से जुड़े समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई। अडाणी टोटल गैस के शेयर 19.65 फीसदी गिरे, अडाणी ट्रांसमिशन के 19 फीसदी, अडाणी ग्रीन एनर्जी के 15.50 फीसदी और अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 6.19 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के



शेयर 5.31 फीसदी गिरे, अडाणी विल्मर के 5 फीसदी और अडाणी पॉवर के शेयर में 4.99 फीसदी की गिरावट आई। अडाणी समूह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी प्रमुख कंपनी के शेयर बिक्री को नुकसान पहुंचाने के प्रयास के तहत बिना सोचे-विचारे काम करने के लिये अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई को लेकर कानूनी विकल्पों पर गौर कर रहा है। वहीं अमरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि वह अपनी रिपोर्ट पर पूरी तरह कायम है। समूह के लीड प्रमुख जतिन जलुंधवाला ने कहा, हिंडनबर्ग रिसर्च ने गलत इरादे से बिना कोई शोध और पूरी जानकारी के समूह के खिलाफ 24 जनवरी, 2023 को रिपोर्ट प्रकाशित की। इससे अडाणी समूह, हमारे शेयरधारकों और निवेशकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारतीय शेयर बाजार में रिपोर्ट के जरिये जो उतार-चढ़ाव आया, वह काफी चिंता की बात है...। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट और उसकी निराधार बातें कुछ और नहीं, बल्कि अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतों को नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार की गयी थीं। जलुंधवाला ने कहा, एक विदेशी इकाई ने जानबूझकर और बिना सोचे-विचारे निवेशक समुदाय और आम लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। उसने अडाणी समूह, उसके नेतृत्व की साख को बट्टा लगाने के साथ हमारी प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ (अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम) की बिक्री को नुकसान पहुंचाने का काम किया है।

### उत्तर रेलवे स्क्रैप बिक्री में अव्वल, 500 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में 500 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया। उत्तर रेलवे ने स्क्रैप (कबाड़) निपटरण के मामले में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर भारतीय रेलवे की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में प्रथम स्थान हासिल किया है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि 25 जनवरी तक बंद हुई नीलामी के पश्चात उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 500.08 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री कर समस्त भारतीय रेलवे की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की है।

इस प्रक्रिया में उत्तर रेलवे ने कम समय लेते हुए 298 नीलामियों में 2826 लॉटस बेचे हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर रेलवे ने रेलवे बोर्ड के स्क्रैप बिक्री के निधारित लक्ष्य 460 करोड़ रुपए को इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में तीन माह शेष रहते दिसंबर, 2022 में पहले ही हासिल कर लिया है।

## एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की। इस तिमाही में प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 5,853 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में यह राशि 3,614 करोड़ रुपए थी।बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना 32 फीसदी और तिमाही आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 11,459 करोड़ रुपए दर्ज की गई, जबकि क्यू2 एफवाई22 में यह राशि 8,653 करोड़ रुपए थी। क्यू3एफवाई23 के लिए इसका नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) 4.26 फीसदी रहा, जिसमें सालाना आधार पर 73 बीपीएस और तिमाही आधार पर 30 बीपीएस का सुधार हुआ है। क्यूएबी के आधार पर, सीएएसए 10 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि सीएएसए रेशियो 44 प्रतिशत था जो सालाना आधार पर 18 प्रतिशत अधिक था। 31 दिसंबर 2022 तक, बैंक का सकल एनपीए और




शुद्ध एनपीए स्तर 2.38 प्रतिशत और 0.47 प्रतिशत दर्ज किया गया। क्यू3एफवाई23 के लिए बैंक की शुल्क आय सालाना 23 प्रतिशत बढ़कर 4,101 करोड़ रुपए हो गई। खुदरा शुल्क में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बैंक की कुल शुल्क आय का 69 प्रतिशत था। कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 9एम एफवाई23 के लिए लाभ सहित 15.55 प्रतिशत के सीईटी1 रेशियो सहित 19.51 प्रतिशत रहा। अमिताभ चौधरी, एमडी और सीईओ, एक्सिस बैंक ने टिप्पणी की, ह्मह्मवैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत अर्थव्यवस्था और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण स्थिरता और अवसरों की पेशकश करते हुए एक उज्ज्वल स्थान के रूप में खड़ा है।

### टाटा मोटर्स अपने यात्री वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी

**चेन्नई।** ऑटोमोबाइल दिग्गज टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को अपने आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) यात्री वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की।कंपनी ने कहा, प्रभावी 1 फरवरी, 2023, वैरिएंट और मॉडल के आधार पर भारित औसत वृद्धि 1.2 प्रतिशत होगी। टाटा मोटर्स के अनुसार, कंपनी विनियामक परिवर्तनों और समग्र इनपुट लागतों में वृद्धि के कारण बढ़ी हुई लागतों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को अवशोषित कर रही है और इसलिए इस बढ़ोतरी के माध्यम से कुछ हिस्से को पारित कर रही है। वहीं दिसंबर तिमाही के लिए उम्मीद से बेहतर कमाई की बदौलत टाटा मोटर्स के शेयर शुक्रवार को एक भयानक सत्र में 6.34% बढ़कर 445.6 रुपये पर बंद हुए। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के अनुज गुप्ता ने निवेशकों को सलाह दी है कि वे टाटा स्टॉक को जारी रखें और 420 रुपये प्रति शेयर पर स्टॉप लॉस बनाए रखें। गुप्ता ने कहा कि शेयर खरीदने के इच्छुक लोग इसे मौजूदा स्तरों पर चुन सकते हैं।

## लुमिनस उत्तराखंड में उद्योग की प्रथम ग्रीन सोलर पैनल मैनुफैक्चरिंग सुविधा शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** पावर साल्यूशंस बिजनेस में इनोवेशन लीडर, लुमिनस पावर टेक्नालाजीज ने आज उत्तराखंड में अपने नए व आधुनिक सोलर पैनल मैनुफैक्चरिंग प्लांट की घोषणा की। औद्योगिक शहर, रुद्रपुर में स्थित इस आधुनिक प्लांट में आवासीय व कमर्शियल उपयोग के लिए उच्च गुणवत्ता के सोलर पैनल्स का डिजाईन व उत्पादन करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नालाजी मौजूद होगी। यह नया मैनुफैक्चरिंग प्लांट कंपनी के सोलर पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इस साल के अंत तक पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। प्रीति बजाज, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, लुमिनस पावर टेक्नालाजीज ने कहा, हम भारत में अपनी पहली सोलर पैनल सुविधा की स्थापना रुद्रपुर में करने की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं। यह एक स्वच्छ व ज्यादा सस्टेनेबल भविष्य की ओर लुमिनस पावर टेक्नालाजीज के सफर में



एक बड़ा कदम है और साल 2070 तक नेट जीरो बनने के प्रधानमंत्री के उद्देश्य के अनुरूप है। 10 एकड़ में फैली यह पूरी तरह से आटोमेटेड और अत्याधुनिक सुविधा ग्रीन एनर्जी साल्यूशंस में नई व इनोवेटिव टेक्नालाजी में निवेश करने के हमारे प्रयासों को प्रदर्शित करती है। राजीव गंजू, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, ग्लोबल सप्लाई चेन, लुमिनस पावर टेक्नालाजीज ने कहा, इस प्लांट को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा ग्रीन फैसिलिटी के रूप में सर्टिफाई किया गया है। यह कार्बन डाई आक्साईड के उत्सर्जन में हर साल 70 मिलियन टन से ज्यादा कमी लेकर आएगा। यह सोलर पैनल सुविधा पूरी तरह से रोबोटिक है और यहाँ पर 100 प्रतिशत बिजली सोलर ऊर्जा से बनाई जाएगी।

## गो फर्स्ट पर डीजीसीए की बड़ी कार्रवाई, विमान कंपनी पर लगा 10 लाख का जुर्माना, 50 यात्रियों को छोड़कर भरी थी उड़ान




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमान में हुए पेशाब कांड के बाद से नागर विमानन महानिदेशालय विमान कंपनियों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। इसी बीच गो फर्स्ट की एक घटना को लेकर डीजीसीए ने शुक्रवार को विमान कंपनी पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। बता दें कि 9 जनवरी, 2023 को एक मामला उस वक्त सामने आया जब बेंगलुरू से दिल्ली जा रहे गो फर्स्ट के विमान जी8-116 ने बेंगलुरू एयरपोर्ट पर 55 यात्रियों को छोड़कर उड़ान भरी थी।

*कंपनी के खिलाफ क्यों न हो कार्रवाई?*

इस मामले को लेकर डीजीसीए ने गो फर्स्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और कहा था कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए ? हालांकि, गो फर्स्ट ने 25 जनवरी को कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया था। विमान कंपनी के मुताबिक, विमान में यात्रियों के बोर्डिंग के संबंध में टर्मिनल समन्वयक, वाणिज्यिक कर्मचारियों और क्रू मेंबर के बीच अनुचित संचार और समन्वय था। डीजीसीए ने 9 जनवरी की घटना को लेकर गो फर्स्ट पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। दरअसल, यात्रियों ने आरोप लगाया था कि बेंगलुरू से दिल्ली जाने वाली गो फ?र्स्ट के विमान ने बस में बैठे यात्रियों का इंतजार किए बिना ही उड़ान भर दी। विमान जी8-116 ने यात्रियों को छोड़कर सुबह 6: 40 बजे उड़ा भरी। इस घटना के तत्काल बाद कुछ यात्रियों ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। डीजीसीए ने एक बयान में कहा कि विमान कंपनी ग्राउंड हैंडलिंग, लोड और ट्रिम शीट की तैयारी, फ्लाइट डिस्पैच और पैसेंजर/कार्गो हैंडलिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल रही।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने न्यू इनोवा क्रिस्टा कीबुकिंग शुरू की

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने शुक्रवार को अपनी नई इनोवा क्रिस्टा की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की । 2005 मेंशुरूआत के बाद से ही यह भारतीय वाहन बाजार में एक घरेलू नाम बनगया है। इसकी विश्वसनीयता, आराम, सुरक्षा, विलासिता और शक्ति केलिए सराहना प्राप्त हुई है। नई इनोवा क्रिस्टा अब एक बेहतर फ्रंट फेसियाके साथ आती है जिसे मजबूत और मजबूत उपस्थिति के लिए विशिष्टप्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है ताकि भारतीय परिवारों, व्यापारियों, कॉर्पोरेट्स और फ्लीट मालिकों कीआवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



नई इनोवा क्रिस्टा के लिए बुकिंग की शुरूआत हाल ही में लॉन्च की गईइनोवा हाईक्रॉस (गैसोलिन और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पावरट्रेन मेंउपलब्ध) के बाद हुई है, जिसे अपने ग्लैमर, उन्नत तकनीक, आराम केसाथ-साथ हर अवसर के लिए एक वाहन होने के नाते जबरदस्त प्रतिक्रियामिली है। ड्राइव करने के लिए सुरक्षा और रोमांच के साथ, अकेले यापरिवार के साथ यात्रा करने के लिए उपयुक्त है। इनोवा हाईक्रॉस के लॉन्च के बाद नई इनोवा क्रिस्टा के लिए बुकिंग कीशुरूआत ग्राहकों के लिए टोयोटा के बहु प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण के प्रतिएक वसीयतनामा है और उन लोगों को पूरा करती है जो डीजल पावरट्रेनपसंद करते हैं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइसप्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने कहा, भारत मेंप्रतिष्ठित इनोवा की यात्रा 2005 में लॉन्च होने के बाद से मील के पत्थरोंसे भरी हुई है। एक निर्विवाद सेगमेंट लीडर होने के अलावा, यह वाहन कोइसके सभी अवतारों में देश भर में काफी सराहा गया है और इसने भारतीयबाजार में टोयोटा की गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता विशेषताओंको मजबूत किया है। आज जब हमने नई इनोवा क्रिस्टा डीजल की बुकिंगशुरू की है, हम अपने ग्राहकों को बताना चाहेंगे कि उनकी पसंदीदाएमपीवी अब है चार ग्रेड में उपलब्ध है। यह वाहन अपने बेजोड़ आराम और सुरक्षा के लिए प्रसिद्ध मजबूत और व्यावहारिक वाहन पसंद करनेवाले ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प है। न्यू इनोवा क्रिस्टा और इनोवा हाईक्रॉस दोनों अब बुकिंग के लिए डीलरोंके पास और ऑनलाइन पर उपलब्ध है, हमें यह कहते हुए खुशी हो रही हैकि हमारे ग्राहक, जो अपनी पसंदीदा इनोवा के इच्छुक हैं, के पास अपनीड्राइव का आनंद लेने के लिए कई पावरट्रेन का विकल्प है। *एजेंसी*

## संक्षेप

### स्टील एक्सचेंज इंडिया अपनी बड़ी हिस्सेदारी बेचने के लिए कर सकती है जेएसपीएल से चर्चा

**कानपुर।** स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड जो लोहा और इस्पात निर्माण के क्षेत्र में एक स्थापित लीडर और एपी के सबसे बड़े निजी एकीकृत इस्पात संयंत्र हैं, हाल ही में कंपनी ने (क्यूआईपी) के माध्यम से कुल 600 करोड़ रुपये तक) या किसी अन्य माध्यम से धन जुटाने को मंजूरी दी है। हाल ही में मनी कंट्रोल के हवाले से ये खबर बाहर आई है कि जिंदल स्टील एंड पावर, स्टील एक्सचेंज इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। हालांकि, अभी बातचीत शुरूआती चरण में है इसलिए डील के साइज का खुलासा नहीं हुआ है। जिंदल स्टील एंड पावर स्टील एक्सचेंज इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, स्टील एक्सचेंज इंडिया अतिरिक्त इक्विटी के लिए स्ट्रैटजिक इनवेस्टर खोज रही है। हालांकि, अभी बातचीत शुरूआती चरण में है इसलिए डील के साइज का खुलासा नहीं हुआ है। स्टील एक्सचेंज का शेयर मंगलवार, 24 जनवरी को बीएसई पर इंट्राडे में लगभग 4 फीसदी मजबूत होकर 15.65 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, पूर्वाह्न 11.05 बजे शेयर 2.33 फीसदी मजबूत होकर 15.40 रुपये के स्तर पर बना हुआ है। स्टील एक्सचेंज इंडिया का शेयर 5 दिन में लगभग 7 फीसदी और एक महीने में 17 फीसदी मजबूत हो चुका है। स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) विजाग प्रोफाइल समूह की प्रमुख कंपनी है। कंपनी के पास दो तेलुगु राज्यों, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सबसे बड़ा निजी एकीकृत इस्पात संयंत्र है।

### ऐवरो इंडिया को प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड 2023 प्राप्त

**मुंबई।** प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर की एक प्रमुख निमार्ता, ऐवरो इंडिया लिमिटेड को 19 जनवरी, 2023 को गुडगाँव में एक्सचेंज 4 मीडिया एजेंसी द्वारा आयोजित प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी को प्लास्टिक फर्नीचर श्रेणी में बेस्ट उत्तर भारत ब्रांड के रूप में न्यू भारत इकोनॉमी में ऑर्गेनिक रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए चुना जा रहा है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, साहिल अग्रवाल ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कियेइस अवसर पर बोलते हुए, साहिल अग्रवाल ने कहा, प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड,2023 प्राप्त करना अति सम्मान की बात है ` यह पुरस्कार हमें भविष्य में अधिक क्वालिटी डिलीवरी देने और मेक इन इंडिया का हिस्सा होने के लिए निरंतर प्रेरित करना जारी रखेगा।

### हैवमोर आइसक्रीम में 450 करोड़ रुपये का निवेश करेगी लोट्टे कॉन्फेक्शनरी लिमिटेड

**नई दिल्ली।** साउथ कोरियन कंपनी लोट्टे कॉन्फेक्शनरी लिमिटेड की सहायक कंपनी हैवमोर आइसक्रीम ने अगले 5 वर्षों में 450 करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई है। हैवमोर आइसक्रीम के मैनेजिंग डायरेक्टर, कोमल आनंद ने कहा, लोट्टे भारत को एक स्ट्रेटेजिक मार्किट के रूप में देखता है और यह इन्वेस्टमेंट निर्णय उस विश्वास को प्रदर्शित करता है जो कि ग्रुप के पास भारत के विकास के अवसरों को लेकर है। उपभोक्ता मांग को पूरा करने वाले चटपटे ऑप्शंस के साथ भारतीय स्वाद में क्रांति लाना ही हमारी इस पहल का केंद्र रहा है। कंपनी ने साल 2021 में अपनी वैश्विक बेस्ट सेलर आइसक्रीम लोट्टे वर्ल्ड कोन को लॉन्च किया था जिसकी स्वीकार्यता अपेक्षाओं से काफी अधिक रही। वर्षों के लगातार ग्रोथ के माध्यम से हैवमोर आइसक्रीम अपनी क्षमता को बढ़ाने एवं भारतीय बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। इसके लिए हैवमोर आइसक्रीम 5 साल की अवधि में इन्वेस्टमेंट का उपयोग करेगी और जिसके लिए उसने एमआईडीसी तालेगांव, पुणे में एक नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी स्थापित करने की अपनी योजना की घोषणा की है। हाई-एंड इंजीनियरिंग और डिजाइन इनोवेशन के साथ यह अत्याधुनिक फैसिलिटी भारत में ब्रांड की पहली कोरियाई टेक्नोलॉजी- बेस्ड फैसिलिटी होगी। यह फैसिलिटी एमआईडीसी से लीज पर लिए गए 60,000 वर्गमीटर के कुल क्षेत्रफल पर बनाई जाएगी साथ ही इससे भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए इसकी उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि भी होगी। यह फैसिलिटी साल 2024 में पूर्ण रूप से फंक्शनल हो जायेगी।

### सभी शेयरों पर लागू हुई टी+1 सेटलमेंट व्यवस्था, सौदे के एक दिन के भीतर खाते में आ जाएंगे पैसे

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को भले ही गिरावट का दौर रहा हो, लेकिन यह दिन भारतीय बाजार के लिए ऐतिहासिक बन गया। शेयर बाजार में पूरी तरह से टी+1 निपटान चक्र की शुरूआत करने वाला भारत पहला देश बन गया है। बाजार में टी+1 सेटलमेंट की शुरूआत सबसे पहले चीन ने की थी, लेकिन वहां यह आंशिक रूप से ही लागू है। हर्षद मेहता घोटाले से अब तक के तीस साल के सफर को देखें तो भारतीय बाजार ने सेटलमेंट के मामले में एक लंबी यात्रा तय कर ली है। हर्षद मेहता घोटाले के समय बीएसई में सेटलमेंट साइकिल टी+1 थी, जो 1997 में बढ़ाकर टी+5 कर दी गई। यह सिस्टम वर्ष 2001 तक चलता रहा। इसके बाद 2002 में बाजार टी+3 सेटलमेंट प्रणाली में चले गए। फिर 2003 में टी+2 सिस्टम लागू हो गया। दो दशक बाद फरवरी 2022 को आंशिक रूप से टी+1 की शुरूआत हुई, जो 27 जनवरी 2023 से सभी शेयरों पर लागू हो गई। आइए विशेषज्ञों से जानते हैं ये सिस्टम क्या है, इसके फायदे क्या हैं और दुनिया में हम कितने आगे आ गए हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर घटकर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण खाद्य और ऊर्जा संकट, कोविड-19 महामारी के प्रभाव, ऊंची मुद्रास्फीति तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए इस साल वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर घटकर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग ने आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित रहने की आशंका जतायी है। विभाग ने कहा कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक नरमी से विकसित और विकासशील दोनों श्रेणी के देशों में वृद्धि दर कम होगी। इनमें से कई देशों में मंदी की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने 178 पृष्ठ की रिपोर्ट की प्रस्तावना में लिखा, उच्च मुद्रास्फीति, मौद्रिक नीति को आक्रामक रूप से कड़ा किये जाने और बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक व्यापक-आधार पर नरमी की स्थिति देखी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस साल आर्थिक वृद्धि दर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2022 में तीन प्रतिशत वृद्धि की संभावना से कम है। अगर ऐसा होता है तो यह हाल के दशकों में सबसे कम वृद्धि दर होगी। हालांकि अगले साल आर्थिक वृद्धि दर बेहतर होगी और इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लेकिन इसके लिये जरूरी है कि मुद्रास्फीति में नरमी आए और आर्थिक चुनौतियां कम हों। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक ने इस महीने की शुरूआत में वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 1.7 प्रतिशत कर दिया जबकि पूर्व में इसके तीन प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अक्टूबर महीने में अपनी रिपोर्ट में वैश्विक वृद्धि दर 2023 में घटकर 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था जो 2022 में 3.2 प्रतिशत और 2021 में 6.0 प्रतिशत थी।

### टोयोटा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अकीओ टोयोडा हटेंगे पद से, बनेंगे चेयरमैन

टोक्यो। टोयोटा मोटर कॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और अध्यक्ष अकीओ टोयोडा चेयरमैन बनेंगे। उनकी जगह मुख्य ब्रांडिंग अधिकारी कोजी कंपनी के सीईओ बनेंगे। टोयोटा ने बृहस्पतिवार को नेतृत्व में फेरबदल की घोषणा की। तिरपन साल के सातो, टोयोटा समूह के लेक्सस ब्रांड का संचालन और मोटर रेसिंग का प्रबंधन कर रहे हैं। टोयोटा के संस्थापक किइचिरो टोयोडा के पोते टोयोडा ने वर्ष 2009 में टोयोटा के सीईओ के रूप में पदभार संभाला था। वह चेयरमैन पद पर ताकेशी उचियामादा का स्थान लेंगे।

# कांग्रेस को छोड़ सबका स्वागत है, पटना से 1800 किमी दूर बीजेपी विरोधी नेताओं का जुटान

## केसीआर ने बुलाया सीएम नीतीश को, ललन सिंह तेजस्वी होंगे शामिल, तीसरे मोर्चे की कवायद तेज



**पटना।** कुछ दिनों पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मेगा रैली किया था। इस रैली में न तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुलावा भेजा था, ना ही आरजेडी नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को बुलाया था। इसको लेकर बिहार में जमकर सियासत भी हुई थी। बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोल था। केसीआर इस बार आम सभा बुलाई है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बीजेपी और कांग्रेस को छोड़ तमाम दलों को बुलावा भेजा गया है। इसमें नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव भी शामिल हैं। खबर है कि इस कार्यक्रम में जेडीयू की ओर से ललन सिंह तो आरजेडी से तेजस्वी यादव शामिल होंगे। हालांकि सीएम नीतीश को लेकर अभी संशय की स्थिति है।

दरअसल, 17 फरवरी को तेलंगाना के नए सचिवालय भवन का उद्घाटन होना है। उद्घाटन कार्यक्रम होने के बाद केसीआर ने एक आम सभा भी बुलाई है। इस सभा में शामिल होने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को न्योता दिया है। खबर है कि नीतीश कुमार केसीआर के इस कार्यक्रम को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन वे जाएंगे या नहीं, इस पर संशय की स्थिति है। खबर है कि तेजस्वी यादव और ललन सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं।

कार्यक्रम को लेकर तेलंगाना सीएमओ की तरफ से बैक टु बैक कई ट्वीट किए गए हैं। ट्वीट के अनुसार, कार्यक्रम में बाबा साहब बीआर अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन, झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को न्योता भेजा गया है।

***मेगा रैली में बिहार के नेताओं को नहीं बुलाया था***

बताया जा रहा है कि तेलंगाना सचिवालय के उद्घाटन के बाद सिकंदराबाद में एक आम सभा होगी। आम सभा में सभी नेता शिरकत करेंगे। दरअसल, पिछले दिनों केसीआर ने अपनी मेगा रैली में बिहार के नेताओं को नहीं बुलाया था। यूं कहें तो पूछा नहीं था। हालांकि इस बार के कार्यक्रम के जरिए केसीआर बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस को भी बड़ा मैसेज देना चाहते हैं। यही कारण है कि नॉर्थ से लेकर साउथ तक के नेताओं को निमंत्रण भेजा है।

### एमसीडी महापौर चुनावः आप प्रत्याशी की याचिका पर तीन फरवरी को सुनवाई करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय की उस याचिका को तीन फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर शुक्रवार को सहमति जताई, जिसमें दिल्ली में महापौर पद का चुनाव समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर पद का चुनाव जल्द कराने के संबंध में ओबेरॉय की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलों पर संज्ञान लिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, इसे तीन फरवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। पिछले मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में महापौर पद का चुनाव ?इस महीने दूसरी बार नहीं हो सका था, क्योंकि उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारी ने कुछ पार्षदों के हंगामे के बाद एमसीडी सदन की बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया था।

## जैकलीन फर्नांडिस को कोर्ट से राहत दुबई जाने की मिली अनुमति



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को दुबई यात्रा की शुक्रवार को अनुमति दे दी। अदालत ने एक सम्मेलन के सिलसिले में विदेश यात्रा की अनुमति की मांग वाली जैकलीन की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। जैकलीन 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में आरोपी हैं। इस मामले के आरोपियों में कथित महाठग सुकेश चंद्रशेखर भी शामिल है। ईडी ने कोर्ट के सामने आगे कहा कि जैकलीन फर्नांडिस ने फिर 28 से 30 जनवरी तक दुबई जाने की परमिशन मांगी है। जैकलीन ने यह याचिका पेप्सीको के एक इवेंट शामिल होने के लिए लगाई है। लेकिन , ईडी का कहना है कि उन्हें दुबई जाने की इजाजत नहीं दी जानी चहिए, क्योंकि वहां पर भी अपराध किया गया है और इसकी जांच भी चल रही है। ईडी ने कोर्ट के सामने तर्क दिया कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन फर्नांडिस की भूमिका वाली जांच अभी महत्वपूर्ण मोड़ पर है। इसलिए उन्हें विदेश जाने की परमिशन नहीं दी जानी चहिए। ईडी के तर्कों पर प्रतिक्रिया देते हुए जैकलीन के वकील ने कहा कि कोर्ट के कहने पर मां से मिलने के लिए दाखिल याचिका को वापस लिया था।

## खास खबर

### गुजरात मोरबी पुल हादसा मामले में पुलिस ने दाखिल की 1200 पन्नों की चार्जशीट

मोरबी। गुजरात के मोरबी शहर में पिछले साल अक्टूबर में एक झूला पुल टूटने की घटना में पुलिस ने शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इस हादसे में 135 लोग मारे गए थे। पुलिस उपाधीक्षक पी एस जाला ने मोरबी सत्र अदालत में 1,200 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया। जाला मामले के जांच अधिकारी हैं। सूत्रों के मुताबिक, मोरबी में झूला पुल गिरने की घटना के सिलसिले में जेल में बंद नौ आरोपियों के अलावा ओरेवा ग्रुप के जयसुख पटेल को आरोप पत्र में दसवें आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा ग्रुप) मोरबी में मच्छू नदी पर बने ब्रिटिश काल के इस झूला पुल का संचालन करती थी। मजिस्ट्रेट अदालत 30 अक्टूबर 2022 को हुए इस हादसे को लेकर जयसुख पटेल के खिलाफ पहले ही गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। पटेल की अग्रिम जमानत याचिका पर एक फरवरी को सुनवाई होगी।

### नामीबिया के बाद अब दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए जाएंगे 12 चीते, डील पक्की

**नई दिल्ली।** भारत ने मध्य प्रदेश में कुनो राष्ट्रीय उद्यान में 12 चीतों के स्थानांतरण के लिए दक्षिण अफ्रीका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। पर्यावरण मंत्रालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि समझौते पर पिछले सप्ताह हस्ताक्षर किया गया और 15 फरवरी तक सात नर और पांच मादा चीतों के कुनो पहुंचने की उम्मीद है। अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने के अनुरोध पर बताया कि छह महीने से भी अधिक समय से 12 दक्षिण अफ्रीकी चीते पृथक-वास में हैं और उनके इस महीने कुनो पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में कुछ प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण उनके स्थानांतरण में देरी हुई।

## बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री ने दी नसीहत कहा- 'कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे'

### अपने दावों के कारण कई दिनों से चर्चा में आए बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री उत्तराखंड पहुंचे हैं



**देहरादून।** अपने दावों के कारण कई दिनों से चर्चा में आए बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री उत्तराखंड पहुंचे हैं। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर उन्होंने यह बात कही है। जारी वीडियो में उन्होंने कहा है कि वह उत्तराखंड की पवित्र धरती के संतों को बागेश्वर धाम में होने वाले आयोजन का आमंत्रण देने आए हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वीडियो में अपने विरोधियों को नसीहत देते हुए कहा है कि कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे। बताया जा रहा है कि वह ऋषिकेश के बयासी क्षेत्र में किसी आश्रम में हैं। वहीं चर्चा यह भी है कि उन्होंने योग गुरु बाबा रामदेव से मुलाकात की है।

***आचार्य बालकृष्ण भी आए नजर***

वीडियो में धीरेंद्र शास्त्री के साथ आचार्य बालकृष्ण भी नजर आए। उन्होंने वीडियो में कहा कि आचार्य बालकृष्ण समूचे भारत में लोगों को औषधि से लाभ पहुंचा रहे हैं। आचार्य बालकृष्ण ने वीडियो में कहा कि भारत में हम लोग औषधि से लोगों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सब लोग प्रेम पूर्वक रहें। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी भव्य यज्ञ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 13 से 19 फरवरी को यज्ञ होगा। उसी के लिए हम निमंत्रण देने आए हैं। मध्य प्रदेश में मौजूद बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इंटरनेट मीडिया से लेकर टेलीविजन तक हर तरफ छाए हुए हैं। आज के समय लोग अपनी जिंदगी से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए बागेश्वर धाम आते हैं और बाबा उन्हें उनकी परेशानियों से निजात दिलाने का दावा करते हैं।

### फ्लाइट में पेशाब करने के आरोपी की जमानत अर्जी पर 30 जनवरी को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में एक बुजुर्ग महिला यात्री पर पेशाब करने के आरोप में गिरफ्तार शंकर मिश्रा की जमानत अर्जी पर सुनवाई 30 जनवरी तक स्थगित कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने जमानत अर्जी की प्रति प्राप्त नहीं होने और जांच अधिकारी के जवाब सहित न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। मिश्रा ने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत अर्जी खारिज किये जाने के बाद सत्र न्यायालय में आवेदन किया है, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी।

मिश्रा के वकील ने इससे पहले अदालत में दलील दी थी कि महिला को प्रोस्टेट से संबंधित कोई बीमारी है, जिसके कारण उसने खुद पेशाब कर दिया और उनके मुवक्किल को इस मामले में झूठा फंसाया। आरोप है कि मिश्रा ने पिछले साल 26 नवंबर को एयर इंडिया के बिजनेस क्लास में नशे की हालत में 70 वर्षीय महिला पर पेशाब कर दिया था। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा थाने की पुलिस ने मिश्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी और मिश्रा को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था।

# चीन से लगी सीमा पर भारत ने 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर खोया अधिकार

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अपने बयान में कहा, मोदी सरकार की चीन को क्लीन चिट देश के हिस्से की 'सलामी स्लाइसिंग' करवाती है



**नई दिल्ली।** चीन से लगती सीमा पर पेट्रोलिंग पॉइंट्स को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार को घेरा है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा, भारत ने अब 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स (पीपी) में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर अपना अधिकार खो दिया है। मई 2020 से पहले भारत सभी 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर पेट्रोलिंग करता था। गलवां में मई 2020 के दौरान ही भारत के 20 बहादुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। पीएलए द्वारा सबसे ऊंची चोटियों पर अपने बेहतरीन कैमरों की मदद से भारतीय सेना पर नजर रखी जा रही है। पवन खेड़ा ने अपने बयान में कहा, मोदी सरकार की चीन को क्लीन चिट देश के हिस्से की 'सलामी स्लाइसिंग' करवाती है। चीन को पीएम मोदी की 'बेदाग क्लीन चिट' के झूठ का पदार्फाश 'पुलिस मीट सिक्योरिटी रिसर्च पेपर' की कड़वी सच्चाई ने कर दिया है। बतौर कांग्रेस नेता, मोदी सरकार द्वारा चीन के अवैध कब्जे और सैन्य निर्माण से लगातार इनकार ने चीन का हौसला बढ़ाया है। उन्होंने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा व भूभागीय अखंडता से समझौता करने का आरोप लगाया है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन में पीएम मोदी, गृह मंत्री, अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भाग लिया था। बतौर खेड़ा, चर्चा के लिए प्रस्तुत एक विस्तृत सिक्योरिटी रिसर्च पेपर में भारत के क्षेत्र पर चीन के अवैध कब्जे के प्रति मोदी सरकार की स्तब्ध कर देने वाली उदासीनता के बारे में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

भारत ने अब 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स (पीपी) में 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर अपना अधिकार खो दिया है। मई 2020 से पहले भारत सभी 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर पेट्रोलिंग करता था। पेपर में कहा गया है, वर्तमान में, काराकोरम दर्रे से लेकर चुमार तक 65 पीपी हैं, जिन्हें आईएसएफ (भारतीय सुरक्षा बल) द्वारा नियमित रूप से गश्त किया जाता है। 65 पीपी में से, 26 पीपी (यानी पीपी नंबर 5-17, 24-32, 37, 51,52,62) में हमारी उपस्थिति प्रतिबंधात्मक या आईएसएफ (भारतीय सुरक्षा बलों) द्वारा गश्त नहीं करने के कारण खो गई हैं। बाद में चीन, भारत को यह तथ्य स्वीकार करने के लिए मजबूर करता है कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से आईएसएफ या नागरिकों की उपस्थिति नहीं देखी गई है। जबकि उन क्षेत्रों में चीनी मौजूद थे। इससे भारतीय सीमा की ओर आईएसएफ के नियंत्रण वाले सीमा क्षेत्र में बदलाव होता है। ऐसे सभी पॉकेट को बफर जोन बना दिया जाता है, जिससे भारत इन क्षेत्रों पर नियंत्रण खो देता है। इंच दर इंच जमीन हड़पने की पीएलए की इस चाल को 'सलामी स्लाइसिंग' के नाम से जाना जाता है।

## पीएम मोदी से माली ने की 44 दिनों की मजदूरी दिलवाने की मांग, गणतंत्र दिवस पर मिला था विशेष आमंत्रण

### ठेकेदार ने मजदूरी देने से इनकार कर दिया था



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की परेड को देखने के लिए दर्शक दीर्घा की पहली लाइन में इस बार कई श्रमिकों को विशेष तौर पर आमंत्रित कर बिठाया गया था। सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण कार्य और इंडिया गेट के आसपास और कर्तव्य पथ के रखरखाव गतिविधियों में लगे कई श्रमिकों और मजदूरों को परेड में भाग लेने के लिए विशेष पास प्रदान किए गए थे। इनमें से एक पेशे से माली सुख नंदन भी थे। सुख नंदन पीएम मोदी को पास से देखकर काफी खुश तो हुए, लेकिन उन्होंने पीएम से अब एक खास अपील की है। मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के रहने वाले नंदन से प्रधानमंत्री मोदी ने बाड़े के करीब जाकर हाथ हिलाकर अभिवादन किया था, जिससे वे काफी खुश हैं। 44 वर्षीय माली ने कहा, मैं समारोह का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहा था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे विशेष मेहमानों के बीच चुना जाएगा। माली से जब पूछा गया कि अगर उन्हें पीएम से बात करने का अवसर मिलता तो वे क्या पूछते। उन्होंने कहा, "मेरे आखिरी ठेकेदार ने 44 दिनों के काम के लिए मजदूरी देने से इनकार कर दिया था और मैं अब पीएम मोदी से अनुरोध करूंगा कि वे मुझे मेरी मजदूरी दिलाने में मदद करें।" बता दें कि नंदन पिछले दो महीने से इंडिया गेट स्थित बागवानी विभाग में कार्यरत थे। इससे पहले, वह एक ठेकेदार के तौर पर आंध्र भवन में कार्यरत थे। नंदन अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ इंडिया गेट के पास अस्थायी टेंट में रहते हैं। माली ने कहा कि मेरे पास उपस्थिति रजिस्टर की एक प्रति है जो साबित करती है कि मैं उन 44 दिनों में मौजूद था, इसके बावजूद, ठेकेदार मेरा वेतन देने को तैयार नहीं है।

## हम आए-गए वाले नेता नहीं, राजद से डील पर क्यों नहीं बोलते

### उपेंद्र कुशवाहा की नीतीश को कसम खाने की चुनौती



**पटना।** उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश कुमार पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इन दो साल में मेरी कोई बात नहीं सुनी गई। मुख्यमंत्री की भी और मेरी भी संतान है। नीतीश कुमार कसम खाए कि हम झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया को हम बीच में नहीं लेकर आए हैं। मैंने सीएम से मिलकर सारी बातें बताई थी कि कैसे पार्टी कमजोर हुई है। हमको लगा सीएम एक्शन लेंगे, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। इन दो साल में मेरी बात नहीं सुनी गई। इसके बजाय मुख्यमंत्री ने कहा कि आप तो बीजेपी में जाना चाहते हैं। सीएम के इस बयान से मुझे बहुत दुख हुआ।

नीतीश कुमार के पार्टी में आए-गए वाले बयान पर कुशवाहा ने कहा कि हम आए-गए वाले नेता नहीं है। मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल में ही कई ऐसे नेता हैं, जो दूसरी पार्टी से आए हैं। कितने लोगों ने कई बार पार्टी बदली है। उन्होंने कहा कि जब मैंने पार्टी ज्वाइन की थी, तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कहा था कि जेडीयू कमजोर हो रही है। हमने सीएम से मिलकर सारी बातें बताई थी कि कैसे पार्टी कमजोर हुई है। हमको लगा सीएम एक्शन लेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। नीतीश कुमार ने उपेंद्र कुशवाहा को नसीहत दी थी कि वो पार्टी के मंच पर बात करें। इस पर कुशवाहा ने पलटवार करते हुए कहा कि हमारी मांग है कि पार्टी बैठक बुलाए। वे बैठक बुलाएंगे, तभी तो बात करेंगे। जब बैठक ही नहीं बुला रहे हैं तो किससे बात करें। अभी भी बैठक होगी तो हम जाने को तैयार हैं। हमारी मांग है कि पार्टी के कार्यकारिणी अध्यक्ष अविलंब बैठक बुलाएं।

## सीबीएफसी की अनुमति के बिना थियेटर में नहीं आती फिल्म

### 'पठान' को लेकर चल रहे विवाद के बीच बोले अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। देशभर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल समेत कई संगठन 'पठान' फिल्म का बॉयकाट करने की अपील कर रहे हैं। कई स्थानों से थियेटर में तोड़फोड़ की खबरें भी सामने आ चुकी हैं। इसी बीच केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का शुक्रवार को एक बयान सामने आया। जिसमें उन्होंने कहा कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की अनुमति के बाद ही फिल्म थियेटर में आती है। अनुराग ठाकुर ने मुंबई में फिल्मों पर बात करते हुए कहा कि भारत सरकार ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन बना रखा है। ऐसे में कोई भी फिल्म थिएटर में जाएगी तो वो वहां से पास होकर ही जाएगी। उन्होंने कहा कि सीबीएफसी सभी पहलुओं पर नजर रखता है और वहां से अनुमति के बाद ही फिल्म थिएटर में आती है। पूरी उन्होंने कहा कि हमारी फिल्में आज दुनिया में अपना नाम बना रही हैं। तब इस (बॉयकाट) प्रकार की बातें आने से वातावरण पर प्रभाव पड़ता हैं। वातावरण खराब करने के लिए कई बार पूरी जानकारी के बिना भी लोग कमेंट करते हैं तो उसका भी नुकसान होता है, ये नहीं होना चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा देश का माहौल बदलने के लिए राहुल की छवि सुधारने के लिए नहीं : उमर अब्दुल्ला

## नेकां नेता ने दावा किया कि राहुल गांधी ने निजी उद्देश्यों के चलते यह यात्रा शुरू नहीं की



**बनिहाल।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला बनिहाल में राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान, उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का मकसद राहुल गांधी की छवि सुधारना नहीं, बल्कि देश के मौजूदा हालात को बदलना है।

हालांकि, उमर ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के संबंध में कांग्रेस के रुख पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इसमें नहीं पड़ना चाहते। उमर ने कहा, हम किसी एक व्यक्ति की छवि के लिए नहीं, बल्कि देश की छवि के लिए इसमें हिस्सा ले रहे हैं। नेकां नेता ने दावा किया कि राहुल गांधी ने निजी उद्देश्यों के चलते यह यात्रा शुरू नहीं की, बल्कि उन्होंने देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की कथित कोशिशों पर अपनी चिंताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया। श्रीनगर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बनिहाल पहुंचने के बाद संवाददाताओं से मुखातिब उमर ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा का मकसद राहुल गांधी की छवि सुधारना नहीं, बल्कि देश के मौजूदा हालातों में बदलाव लाना है। उन्होंने कहा, यह सरकार भले ही अरब देशों के साथ दोस्ती कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि इस सरकार में देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय का कोई प्रतिनिधि नहीं है। उमर ने कहा, आजादी के बाद यह संभवतः पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल से मुस्लिम समुदाय का कोई भी संसद सदस्य नहीं है। यह उनके रुख को दर्शाता है। साल 2016 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान के बारे में पूछे जाने पर उमर ने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी इस अभियान पर सवाल नहीं उठाए। नेकां नेता ने कहा, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। हमने न तो कभी सर्जिकल स्ट्राइक (की सत्यता) पर सवाल उठाए हैं, न ही उठाएंगे। उमर ने कहा, हम अनुच्छेद-370 की बहाली के लिए अदालत में मुकदमा लड़ेंगे। सरकार संबंधित याचिका पर सुनवाई से जिस तरह से पीछे भाग रही है, उससे पता चलता है कि हमारा मुकदमा काफी मजबूत है। जम्मू-कश्मीर में चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि इसे आठ साल हो चुके हैं। नेकां नेता ने कहा, आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुए थे। यह जम्मू-कश्मीर में दो चुनावों के बीच सबसे लंबा अंतराल है। घाटी में आतंकवाद के चरम पर होने के दौरान भी ऐसा नहीं हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चाहती है कि जम्मू-कश्मीर के लोग चुनाव के लिए गिड़गिड़ाएं। उमर ने कहा, हम भिखारी नहीं हैं और हम इसके लिए भीख नहीं मांगेंगे।

### पाकिस्तान में विपक्ष के नेता फवाद चौधरी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी को यहां की एक अदालत ने एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ हिंसा को उकसावा देने के आरोप में शुक्रवार को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी फवाद को बुधवार को लाहौर में उनके आवास पर मारे गये छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सचिव की शिकायत पर इस्लामाबाद के कोहसर पुलिस थाने में उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किये जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद जिला एवं सत्र अदालत ने फवाद (52) को एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ हिंसा को उकसावा देने के आरोप में 14 दिनों के लिए अडियाला जेल भेज दिया। अदालत ने फवाद की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद बुधवार रात उन्हें दो दिनों के लिए पुलिस की रिमांड में भेज दिया था।



भारत में कैद 17 पाकिस्तानी नागरिकों को अटारी-वाघा सीमा के रास्ते उनके देश भेज दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिहा किए गए 17 कैदियों में से 12 मछुआरे हैं और पांच सिविल कैदी हैं। इनमें से कुछ मछुआरे कैदी साल 2013 में पकड़े गए थे, जो पानी में मछली पकड़ते हुए पाकिस्तान की सीमा पार कर गए थे।

# उमरे मुख्यालय में 74 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



ध्वजारोहण के बाद तिरंगे की सलामी लेते उमरे महाप्रबंधक



उमरे के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** 26 जनवरी 2022 को, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राष्ट्र का 74वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाप्रबंधक सतीश कुमार द्वारा झंडा फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 23 रेलवे कर्मियों को सम्मानित भी किया। 74 वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने वाले रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों में श्रीमती सुनीता सिंह, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक, शिखा, महिला पर्यवेक्षक, विक्रमजीत पटेल, मुख्य नियंत्रण, जितेन्द्र कुमार, एसएसई, मनीष कुमार, एसएसई /झाँसी, बिपिन बिहारी, कनिष्ठ अभियंता सिग्नल, शुभम कुमार कनिष्ठ अभियंता/ डीजल यांत्रिक, विरेंद्र सिंह यादव, स्टेशन अधीक्षक, सुलेमान खान, वरि. टेक्नीशियन, प्रतिज्ञा प्रकाश, की-मैन, अनुज पटेल, ट्रैकमैन- IV/ललितपुर, उमाशंकर, ट्रैकमैन- III/चित्रकूट, रोहित कुमार, ट्रैक मेन्टेनर IV /ग्वालियर, जगत राम राजपूत, लोको पायलट पैसेंजर /बांदा, अभिषेक जॉन, विधुत सिग्नल मेन्टेनर, राजेंद्र सिंह, ट्रैकमैन- III/ मथुरा, हरफूल मीना, सहायक लोको पायलट, वीनेश कुमार मीना, टेक्नीशियन III, रवि कुमार ,सहायक (कर्षण वितरण), सुमित कुमार सिंह, कार्य प्रबंधक , हेमंत चौबे, टेक्नीशियन क, अनिल दिनकर, वरिष्ठ टेक्नीशियन, सुमंत कुमार, वरिष्ठ टेक्नीशियन/अलीगढ़ शामिल थे।

इस अवसर पर सतीश कुमार ने गणतंत्र दिवस के बैनर के साथ तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े। समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने हमारे महान राष्ट्र के 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। 74 वें गणतंत्र दिवस पर महाप्रबंधक का संदेश यू-ट्यूब लिंक www.youtube.com/c/CPRONCR का उपयोग करते हुए ऑनलाइन भी उपलब्ध कराया गया। पुरस्कार समारोह के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुओ इसमें देश भक्ति गीत है प्रीत जहाँ की रीत सदा रंजीत गुप्ता, संदीप कुमार, रमाशंकर यादव, आकाश कुमार द्वारा, : सुश्री मंजू जोशी के निर्देशन में स्काउट एवं गाइड द्वारा तथा श्रीमती चंचल गुप्ता के निर्देशन में टेंडरफीट के बच्चों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए।

इन रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को देश भक्ति की भावना से भरते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नाजरेथ अस्पताल में मनाया गया 74वाँ गणतंत्र दिवस



ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण

**प्रयागराज।** दिनांक 26 जनवरी 2023 को नाजरेथ अस्पताल में 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन सुबह 9:00 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में विशेष अतिथि माननीय राजेश मिश्रा, उपश्रमायुक्त, प्रयागराज एवं माननीय कुँवर पंकज, मुख्य राजस्व अधिकारी, प्रयागराज की उपस्थिति में एक आत्मा जागृत प्रार्थना गीत के साथ शुरू हुआ। रेव0 फादर विपिन डिसूजा, प्रशासक, नाजरेथ अस्पताल ने माननीय अतिथियों को सौहार्दपूर्ण रूप से स्वागत किया। तदुपरान्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं नाजरेथ परिवार की उपस्थिति में माननीय विशेष अतिथियों ने ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय गान सभी उपस्थित जनों के द्वारा उत्साहपूर्वक रूप से गाया गया ।

माननीय विशेष अतिथियों ने उपस्थित लोगों को इस पर्व के महत्व को अपने भाषण के माध्यम से बताते हुए कहा कि हम सभी को भारतीय होने और देश के सभी क्षेत्रों में अपार उपलब्धि और विकास पर गर्व करना चाहिए। बाबा भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धानमन के साथ याद किया गया और उनकी भारतीय संविधान की रचना को सराहा जिसके कारण हम सब भारतीयों को इस संविधान से सभी मूल अधिकार प्राप्त हुए और प्रत्येक भारतीयों की अपनी कार्यशैली एवं योगदान से हमारा भारत आज विश्व प्रसिद्ध देश बन गया है।

विशेष अतिथियों को डॉ0 आर पी शुक्ला एवं अखिल पटनायक, अतिरिक्त प्रशासक ने विशेष अतिथियों को उनके सम्मान में एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। नाजरेथ अस्पताल के गायक मण्डली द्वारा एक सुन्दर देशभक्ति गीत गाया गया। सिस्टर अल्विना सीएसएन, प्रधानाचार्या, नाजरेथ स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के तदुपरान्त जलपान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## बसंत पंचमी स्नान पर्व पर पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी स्नान पर्व के अवसर पर स्वामी गिरिनार बाबा महाराज शिविर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें साधु संतों के साथ- साथ काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया त्रिवेणी मार्ग स्थित श्री श्री 1008 स्वामी गिरिनार बाबा महाराज के कृपा पात्र शिष्य भैरव महाराज ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी ने साधु संतों को दान दक्षिणा देकर शिविर से विदा किया । भैरव महाराज ने बताया कि गुरु की परंपरा को निर्वहन कर रहे हैं जो हर वर्ष इसी तरह मेला शिविर में परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है वही परंपरा आज भी चलती आ रही है तथा ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम श्रीराम पुरवार के सौजन्य से आज का कार्यक्रम संपन्न कराया गया है जिसमें काफी संख्या में मेले के साधु संत पहुंचकर प्रसाद को ग्रहण किए हैं इस कार्यक्रम में ज्यादातर साधु संत मध्य प्रदेश जिले से कई अन्य क्षेत्रों से आए हुए हैं ।









# माघ मेला क्षेत्र के क्रियायोग शिविर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र स्थित त्रिवेणी रोड पुल नंबर दो पर स्थित सेवारत क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान का शिविर बनाया गया है जिसमें गुरुवार को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर क्रियायोग शिविर में अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने समस्त साधकों व मेला क्षेत्र में मौजूद आए हुए श्रद्धालुओं के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। तथा मौजूद श्रद्धालुओं व साधकों के साथ के झंडारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस के बारे में समझाएं। तथा वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देते हुए भारतीय राष्ट्रगान जन गण मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता गीत गायन किए । राष्ट्रगीत से क्रियायोग शिविर परिसर गुंजायमान हो उठा । इसके पश्चात अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु शिविर में मौजूद सभी साधकों को क्रियायोग ध्यान कराएं।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में झंडारोहण करते अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम्


































































# चोरों ने नकदी सहित डेढ़ लाख रुपये के गहनों पर किया हाथ साफ



**सरकी।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत सुरतपुर प लिया गांव में बीती रात चोरी हो गई। चोर गांव के लालजी यादव के घर से तीन बक्सा उठा ले गए, जिसमें दो हजार रुपए नकद और अनेक सोने चांदी के जेवर थे। सबेरे घर से करीब 5 सौ मीटर दूर एक गन्ने के खेत में टूटा बक्सा और कुछ कपड़े पड़े मिले।

जानकारी के अनुसार चोर घर के पीछे से छत के रास्ते आंगन में उतर गए और एक कमरे में सो रहे उनके बेटे के कमरे की बाहर से कुण्डी लगाकर बंद कर दिया। बगल के कमरे से तीन बॉक्स उठा ले गए। लालजी ने बताया कि बॉक्स में उनकी पत्नी और बहुओं के सोने के चांदी के जेवर थे। लालजी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी सबेरे हुई। सूचना पर केराकत कोतवाली और सरकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। घर से करीब 5 सौ मीटर दूर एक गन्ने के खेत में तीनों बॉक्स टूटे पड़े मिले। चोर गहने और नकदी ले गए जबकि कपड़े और आधार कार्ड आदि कागज छोड़ गए। लालजी की बहू मंजू यादव ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में रोष है। लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त नहीं करती है। यदि करती तो चोरियां नहीं होतीं।

# रीतिक प्रथम, रिंशु द्वितीय, आदित्य और आंचल को तृतीय पुरस्कार

**आयोजन**

वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विभिन्न विभागों से 20 छात्र एबेसडर मनोनीत किये गए



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय संकाय भवन के कान्फ्रेंस हाल में शुक्रवार को जी-20 के संबंध में एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय था स्वास्थ्य पर्यावरण एवं आत्मनिर्भर भारत। इस अवसर पर रीतिक पांडेय प्रथम, रिंशु सिंह द्वितीय और आदित्य और आंचल सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला।

इस अवसर पर जी-20 की नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए 20 छात्र अंबेसडर मनोनीत किए गए।

छात्र उद्देश्य सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। इस अवसर पर अंबेसडर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि दुनिया में भारत आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से ताकतवर हुआ है। इसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जी-20 का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत है। आने वाले अतिथियों को हम अपने अच्छे होने का परिचय दें। अंबेसडर डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष एक क्रमिक अध्यक्षता में आयोजित किया जाता है। शुरुआत में जी-20 व्यापक आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित था, परंतु बाद में इसके एजेंडे में विस्तार करते हुए इसमें अन्य बातों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और भ्रष्टाचार-विरोध शामिल किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में जज के रूप में डॉक्टर रसिकेश और डॉक्टर अनु त्यागी थी। संचालन हिदायत फात्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अशोक पांडेय, किशन जायसवाल, रिद्धि दूबे, सृष्टि विश्वकर्मा, महक सोनी, आदित्य जायसवाल अभय शिवांगी मिश्रा आदि ने प्रतिभाग किया।

### पीयू में रज्जू भैया की जयंती पर कार्यक्रम 28 को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में 28 जनवरी को राजेंद्र सिंह रज्जू भैया जीवन व दर्शन पर व्याख्यानमाला-5 का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यानमाला राजेंद्र सिंह रज्जू भैया की जयंती के अवसर पर आयोजित की गई है। इसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. आरएन त्रिपाठी और मुख्य वक्ता केबीपी कॉलेज के इतिहास विभाग के डॉक्टर कुलदीप पांडेय होंगे। इसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह करेंगे।

# वेंडरों को सम्मानित कर दिया गया प्रमाण-पत्र



वेन्डर को सम्मानित करते ईओ

**बदलापुर।** मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा वेन्डर संदीप कुमार गुप्ता को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया।

वहीं वेन्डर द्वारा बताया गया कि इस योजना से हम सभी को पारिवारिक जीवन में बेहतर जीवन शैली के साथ रोजगार मिला है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई मित्रों को ट्रैक सूट इत्यादि वितरण करने के साथ इंदिरा चौक के पास बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कराते हुए पौधरोपण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा आमजन से अपील की कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करें और न करने दें। नगर को सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। इस मौके पर कार्यालय के कर्मचारी प्रवेश कुमार सिंह, जितेंद्र, विकास, राजकुमार तथा सफाई मित्र आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो रिक्शा ने साइकिल में मारी टक्कर, दो छात्रों की मौत

**गभिरन।** गुलालपुर ब्रजेश इंटरमीडिएट कॉलेज के समीप खुटहन-जौनपुर मार्ग पर गुरुवार को ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्र कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया। दोनों छात्रों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों में चीख-पुकार मच गई।



छात्रों की मौत के बाद विलाप करते परिजन

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पोटरिया गांव निवासी मोहम्मद हसन इंटरमीडिएट कॉलेज में परिचारक पद पर कार्यरत विद्वान गौतम का 20 वर्षीय पुत्र विपुल गौतम, शंकर गौतम का बेटा 21 वर्षीय विनय ब्रजेश इंटरमीडिएट कॉलेज गुलालपुर में पढ़ते थे। दोनों छात्र कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वापस घर साइकिल से लौट रहे थे। तभी खुटहन-जौनपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन घायल छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रोना-बिलखना देख ग्रामीणों की आंखें भर आईं। गांव का माहौल भी गमगीन हो गया।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गभिरन।** खुटहन थाना पुलिस ने दुराचार के मुकदमे में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थाने के एसआइ विनोद कुमार राय व उनके हमराहियों ने युवती के अपहरण, दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी के आरोपित धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम शेरापट्टी को गुरुवार को मिले सुराग पर बनुआडीह तिराहा के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# जंगली सूअर के हमले से किसान की मौत

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर पुलिस चौकी के अन्तर्गत आने वाले दुधौड़ा ग्राम पंचायत में जंगली सूअर के हमले से एक किसान की अस्पताल पहुंचते मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक उक्त ग्राम पंचायत निवासी गया यादव के 41 वर्षीय पुत्र राजकुमार यादव अपने घर के बगल खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान सरसों के खेत से अचानक एक जंगली सूअर निकला और राजकुमार के सीने पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर स्वजन दौड़े तब वह उन्हें छोड़कर भाग निकला। आनन-फानन में उन्हें लेकर बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे कि रास्ते में ही राजकुमार यादव की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटे हुए है।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**जौनपुर।** नगर के मखदूम शाह अढ़न स्थित आर.एल. चिल्ड्रेन जू. हा. स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्य मधू सिंह ने ध्वजारोहण कर छात्रों को देश की आजादी और महापुरूषों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न वेशभूषा से सुसज्जित बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल से अध्यापकों ने अपने विचारों को व्यक्त किया। उक्त अवसर पर गरिमा चौरसिया, अजय सिंह, आफरीन मंसूरी, फरक जहरा, लीला तिवारी, चंचल, शिल्पी सोनी, फजीला सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया ध्वजारोहण

**चंदवक।** क्षेत्र के श्री गणेश राय पीजी व इंटर कॉलेज डोभी में सचिव/प्रबन्धक डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, आचार्य बलदेव ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कोपा में प्रबंधक अनिल कुमार यादव मैनेजमेंट गुरु, सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य घनश्याम सिंह, क्षेत्र पंचायत डोभी में प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह व खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी, भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज विशुनपुर में प्रबंधक अरविंद सिंह सोनू, सुमित्रा शिक्षा संस्था में प्रबंधक अनुपम सिंह, प्राथमिक विद्यालय चंदवक में आलोक सिंह, मां दुर्गा गर्ल डिग्री कॉलेज मूर्खा में प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया।

## संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी, प्रस्तुत किया ताइक्वांडो कार्यक्रम



**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के भलुआही में स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र -छात्राओं द्वारा 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गयी। इसके बाद बिभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने के दौरान ढोल नगाड़े की धुन पर स्कूल से प्रभातफेरी निकालकर इंदिरा चौक पहुंचे। इस दौरान उक्त स्कूल के प्रबंधन डॉ. थामस जोसेफ और प्रिंसिपल फादर स्टालिन के द्वारा इंदिरा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा इंदिरा चौक के समीप ताइक्वांडो सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डायरेक्टर वल सम्मा वर्की, वाइस प्रिंसिपल संजय यादव, अध्यापक नजरुलबारी, संदीप सिंह, राम सागर यादव, संजय सिंह, धर्मेंद्र यादव, संतोष कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### संस्कार भारती ने आयोजित किया आराधना दिवस पर भारत माता पूजन

**शाहगंज।** संस्कार भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पुराना चौक में संस्थापक पदम श्री बाबा के 100वें जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजन में बच्चों द्वारा भारत माता की भव्य आरती की गयी। आनंद जी प्रेमी द्वारा शंखनाद बाद स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। स्व. मिठाई लाल गुप्त, स्व. मिट्ठू लाल अग्रहरी, स्वर्गीय छेदीलाल अग्रहरी, स्व. अभय राम गुप्त, स्व. संत वक्स साव आदि स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक अग्रहरी, विशिष्ट अतिथि अजेंद्र अग्रहरी एवं विनय रहे। अध्यक्षता सरस्वती शिशु मन्दिर प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक सिम प्रकाश अग्रहरि सिंपू रहे। संचालन वीरेंद्र योगी ने किया। अंत में संस्था के अध्यक्ष अमित जायसवाल ने आभार प्रकट गया। कार्यक्रम में हनुमान अग्रहरि, सुनील अग्रहरि टप्पू, मुकेश जायसवाल, शिव शंकर जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल, राम अवतार अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

### यातायात माह के अंतर्गत छात्रों को दिलाई गई शपथ



**गौराबादशाहपुर।** पिलखीनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को एक रैली निकालकर लोगों से वाहन प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानी तथा यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। इसके पूर्व महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थाना अध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने छात्र छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित कैसे चले इसके नियम बताए तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। जिसमें हेलमेट तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करना तथा हमेशा वाहन को अपनी बाएं लेन में चलाना इत्यादि शामिल रहे। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी राय, संरक्षक राहुल सिंह, थाने के उपनिरीक्षक रमाशंकर पांडे इत्यादि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस

**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र के बिभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया गया। खुटहन चौराहे पर विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने 70 फुट ऊँचा तिरंगा ध्वज फहराया। ब्लाक पर बीडीओ बीरभानु सिंह, सीएचसी पर डा. रोहित लाल, ग्राम विकास इंटर कालेज में संयुक्त रूप से प्रबंधक डा. रमेश यादव व प्रधानाचार्य डा. अरविन्द कुमार, आदर्श गोस्वामी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय शहाबुद्दीनपुर पर प्रधानाचार्य कुसुम कली त्रिपाठी व टिकेयू पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य देवेश उपाध्याय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज रुस्तमपुर प्रबंधक कृष्ण पांडे द्वारा, सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल पट्टीनरेंद्रपुर द्वारा दो दर्जन से भूत पूर्व सैनिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शाहगंज रमेश सिंह व विशिष्ट अतिथि द्वय सेवा मुक्त प्रधानाचार्य रणजीत सिंह व सुइथा कला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चन्द्र तिवारी रहे। बीआरसी पर बीईओ पंकज यादव व प्राथमिक विद्यालय पर सुशील यादव, पूर्वांचल एग्रो संस्थान पर प्रधान अरुण यादव ने तिरंगा फहराया। छात्रों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### 12 किमी तिरंगा दौड़ लगा शहीद स्तंभ को किया नमन



**चंदवक।** क्षेत्र के युवाओं ने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विकास कल्याण समिति डोभी के तत्वावधान में 12 किमी लंबा तिरंगा दौड़ लगा सेनापुर स्थित शहीद स्तंभ को नमन किया। तिरंगा यात्रा दौड़ चंदवक स्थित गांधी पार्क से महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन करने के पश्चात सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति के संस्थापक अजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दर्जनों की संख्या में शामिल युवा हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते हुए 12 किमी की दूरी तय कर काफिले के साथ पहुंच कर सेनापुर स्थित शहीद स्तंभ को नमन किया। इस यात्रा में पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, सुजीत सिंह, डिम्पल सिंह, राहुल यादव, सोनू राजभर, श्यामवीर सहित अन्य लोग शामिल थे।

### गणतंत्र दिवस पर नवयुवकों ने निकाली प्रभात फेरी



**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के रामपुर बाजार में नवयुवकों ने पंकज यादव और डिम्पल यादव के नेतृत्व में तिरंगा के साथ प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी रामपुर बाजार से मुफ्तीगंज गांधी चबूतरा होते हुए गड़वारे बीर डीह बाबा होते हुए रामपुर चौराहे पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में नवयुवकों ने बंदे मातरम भारत माता की जय के नारे से पूरा बाजार गूंज गया। इस अवसर पर सिरताज शर्मा, राकेश चौहान, जलनिगम, सौरभ चौहान, विशाल चौहान, सूरज, शुभम यादव, कल्लू कुमार, बल्लू कुमार, लाला, रबि आदि लोगों ने तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली।

# धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस

**कार्यक्रम**

## राज्यमंत्री ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली, डीएम ने दिलायी शपथ

**जौनपुर।** जनपद में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में झंडारोहण किया गया और समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा झंडारोहण के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महापुरुषों के द्वारा दी गई कुर्बानियां के कारण ही देश आजाद हुआ और प्रगति के पथ पर दिन रात आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान ने देश के सभी व्यक्तियों को समान अधिकार दिया है, संविधान के प्रति हम सभी को श्रद्धा रखनी चाहिए और हम सभी की संविधान के प्रति आस्था होनी चाहिए। संविधान के बिना हमारा अस्तित्व नहीं है। संविधान हम सभी का पथ प्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने कर्तव्यों पथ पर ईमानदारी से चलें और आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श बने, अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करे यही हमारे महापुरुषों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि शासन के द्वारा हम सभी को बड़ा लक्ष्य दिया गया है कि जनता की सेवा करना है, अगर सच्ची निष्ठा और लगन से हम कार्य करेंगे तो भारत का भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने कहाकि गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम सभी लोग उन महान विभूतियों को याद करें जिनकी कुबार्नी के कारण हमे आजादी मिली है। जनक कुमारी की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया गया। सभी छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष त्रिपाठी ने किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा विकास भवन ग्राउंड फ्लोर पर संघ भवन ग्राम्य विकास मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उ.प्र. कार्यालय का जीणोद्धार/सौन्दर्यकरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर.डी. यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





गणतंत्र दिवस पर शपथ दिलाते जिलाधिकारी मनीष वर्मा



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते राज्यमंत्री गिरीश यादव

गणतंत्र दिवस समारोह पर पुलिस लाइन में भव्य परेड का आयोजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव, पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा परेड का निरीक्षण किया गया। राज्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन शहीदों को नमन करते है। गणतन्त्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है। वर्ष 2023 में भारत का 74वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर, 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे संविधान को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। इस अवसर पर महिला पुलिस, बाइक दस्ता, स्क्वायड दस्ता, क्राइम ब्रांच दस्ता, आर्म्ड पुलिस के दस्ते परेड में शामिल रहे। इसके अलावा अग्निशमन विभाग तथा पुलिस लाइन के स्कूली बच्चों ने भी परेड में विशेष प्रदर्शन किया। परेड के बाद पुलिस लाइन में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### गणतंत्र दिवस पर निकली सुंदर झांकियां

**नेवढ़िया।** टीएनएस ड्रीमलैण्ड एकेडमी के स्कूली बच्चों ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सुंदर झांकियां निकाली जिसमें पहले मार्शल आर्ट के बच्चों ने सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया और लोगों को जागरूक किया। दूसरे में भारत माता और कमांडो की झांकी थी। तीसरी में हमारे देश के फ्रीडम फाइटर की झांकी थी। चौथी झांकी में अलग अलग राज्य के परिधानों को प्रदर्शित किया गया। पांचवी में हमारे देश की तीनों सेनाओं को प्रदर्शित किया गया। छठवीं झांकी में मिसाइल को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान टीएनएस ड्रीमलैण्ड एकेडमी के एमडी त्रिभुवननाथ सिंह, प्रधानाचार्य दिलीप रघुवंशी और शिक्षक शिक्षिकाएं जिसमें सौरभ श्रीवास्तव, विनय सिंह, शिव पांडेय, सुनील पटेल, उर्मिला प्रसाद, अर्चना श्रीवास्तव, रिंकू पटेल, आकांक्षा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी चोब सिंह कोतवाल सदानंद राय सलामी लेते हुए

**शाहगंज।** सरकारी अर्द्ध सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने झंडारोहण किया। कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी चोब सिंह ने ध्वजारोहरण किया। इसी क्रम में नगर पालिका परिषर में अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डा. रफीक अहमद, आरपीएफ पोस्ट पर प्रभारी निरीक्षक अनुप सिंहा, बसंती देवी आईटीआई में अध्यक्ष डा. राज कुमार मिश्र, ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल पर प्रधानाचार्या डा. अनामिका मिश्रा ने झण्डारोहण किया। आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। वहीं अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कालेज में मिर्जा अनवर बेग चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में पतंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह रहे जिसमें क्रमशः साहिल, फरहान अहमद, अस्खान विजेता रहे। फरीदुल हक मेमोरियल डिग्री कालेज में प्राचार्य डा. तवरेज आलम, सर सैयद अहमद इंटर कालेज में प्रधानाध्यापक शाहीद नईम, मिर्जा अनवर बेग इंटर कालेज में प्रधानाध्यापक नौशाद अहमद खान, अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कालेज में मिर्जा अजफर बेग, न्यू देलही पब्लिक स्कूल में प्रबंधक कहकशां खान, कम्पोजिट विद्यालय सबरहद में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रधानाध्यापक अशोक कुमार व ग्राम प्रधान मुकेश राजभर, कम्पोजिट विद्यालय नटौली में अखिलेश चन्द्र मिश्र ने झंडारोहण किया। अनीता हॉस्पिटल एंड लैप्रोस्कोपिक सेंटर पर भाजपा नेता अनीता रावत, बाल शिक्षा निकेतन पर प्रबंधक विशाल साहू, ज्योत्सना भवन पर डा. एसएल गुप्ता, लायंस क्लब द्वारा शाहगंज पैलेस पर अध्यक्ष मो. अब्बास, व्यापार मंडल द्वारा अनिल मोदनवाल ने स्वामी विवेकानंद तिराहे पर विद्या चाइल्ड केयर हास्पिटल पर डा. देवी प्रसाद पुष्पजीवी, सबरहद गांव में पूर्व प्रधान राशिद व नदीम, गांधी नगर कलक्टरगज फड़ पर वीरेंद्र सिंह बंटी व रुपेश जायसवाल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पर प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, सेन्ट जेवियर्स स्कूल पर डायरेक्टर हिमांशु झा, कृषि उत्पादन मंडी समिति में सचिव गुलाब सिंह ने ध्वजारोहण किया।

### धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के विद्यालयों में बड़ी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। थाने पर थाना अध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने ध्वज फहराया तो ग्रामोदय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विनोद राय ने तिरंगा झंडा फहराया। मदरसा रफीकुल इस्लाम में प्रधानाचार्य राहिल ने झंडारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य कमलेश ने तथा प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधान नवीन साहू ने झंडारोहण किया। सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में डॉ. अरविंद सिंह ने झंडारोहण किया। बीडी इंटर कॉलेज गोविंदपुर मनिहा में प्रधानाचार्य अजय सिंह ने झंडारोहण किया। आसपास के क्षेत्र के आम जन ने भी अपने-अपने आवास हंसा प्रसिद्ध प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झंडा फहराया तथा आपस में मिठाइयां भी बांटी।

# 74वें गणतंत्र दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

## बसंत पंचमी पर सिटी पब्लिक स्कूल में हुआ सरस्वती पूजन

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद ईओ मीनाक्षी चतुर्वेदी, थाना परिसर में थाना प्रभारी विवेक तिवारी तथा विकासखंड कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह (फंटू) ने ध्वजारोहण किया और आजादी के वीर सपूतों के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इसी क्रम में प्रो. रामनाथ पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रकाश पांडेय ने ध्वजारोहण किया। सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज कटरा में डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के पूर्व में विद्यालय के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी पूजा गुप्ता ने संयुक्त रूप से बसंत पंचमी के उपलक्ष में मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। विद्यालय के अध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता का महत्व बताया। इसी क्रम में जंघई रोड स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विशंभर दुबे, आदर्श बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रोड में प्रबंधक उमाकांत केसरी, केडी पब्लिक स्कूल सराय रुस्तम में प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद, शुभाकृति कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर उमाशंकर गुप्ता, तारा सरिया औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया में मैनेजर दिलीप कुटिया, अपराधियों थाना कमेटी के अध्यक्ष विक्की गुप्ता, राधेश्याम पैलेस के डायरेक्टर डॉ. सौरभ पांडेय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार, शिवम मैरिज हाल के डायरेक्टर विजेंदर जायसवाल, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राजीव केसरी, सर्वजनिक पीजी कॉलेज के डायरेक्टर उदय सिंह व द्विवेदी पैराडाइज के प्रबंधक प्रभाकर द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर आन, बान व शान से फहराया गया तिंरगा



**खेतासराय।** पूरे भारत में गुरुवार को बड़े धूमधाम से 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इसी क्रम में स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विभिन्न सरकारी भवनों विभिन्न संस्थाओं में आन, बान व शान के साथ तिंरगा फहराया गया वहीं शिक्षण संस्थानों में भी हर्षोल्लास के साथ झण्डा फहराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली में प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय, नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल खेतासराय में अधिशासी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह, खेतासराय थाना में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह, अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज में प्रबंधक कहकशां खान आदर्श भारती महाविद्यालय में प्राचार्य विनय सिंह, सोंधी ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर चिकित्साप्रभारी डॉक्टर रमेश चंद्रा ने झण्डा फहराया जेडी कान्वेंट स्कूल में उपनिरीक्षक महंगू यादव ने झंडा फहराया इसके उपरांत इस देश के लिए कुर्बानी देने वाले अमर शहीदों को याद किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉक्टर मसूद खान, अखिलेश चन्द्र मिश्र, श्यामजीत पाण्डेय, दिनेश कुमार गुप्ता, कैप्टन राजेश यादव, विनोद मिश्रा, रेखा यादव, मनीष कुमार गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# स्पोर्ट्स

## पहली बार किसी आईसीसी टूनार्मेंट के लिए सिर्फ महिला अधिकारी शामिल, इनमें भारत से भी तीन नाम



अगले महीने महिला टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले इस टूनार्मेंट में भारत समेत 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। आईसीसी इस टूनार्मेंट को सुपरहिट बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अब काउंसिल ने टूनार्मेंट के लिए मैच अधिकारियों का भी एलान कर दिया है। आईसीसी ने अपने किसी टूनार्मेंट के लिए पहली बार सिर्फ महिला रेफरी और अंपायरों की घोषणा की है। महिला टी20 विश्व कप में सिर्फ महिला रेफरी और अंपायर ही दिखेंगी। यह आईसीसी की ओर से महिला सशक्तिकरण की ओर लिया गया अहम कदम है।रेफरी और अंपायरों के पैनल में भारत से भी तीन नाम शामिल हैं। महिला टी20 विश्व कप में जीएस लक्ष्मी, वृंदा राठी और जननी नारायणन की भारतीय तिकड़ी भी दिखेंगी। आईसीसी के पैनल में तीन मैच रेफरी और 10 अंपायर समेत कुल 13 महिला अधिकारियों की टीम है।

# अंडर-19 महिला विश्व कप : भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया, फाइनल में बनाई जगह

## यहां भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा



**नई दिल्ली ।** भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। यहां भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 108 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे टीम इंडिया ने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत के लिए सबसे ज्यादा तीन विकेट परशवी चोपड़ा ने लिए। वहीं, उपकप्तान श्वेता सेहरावत ने नाबाद 61 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने भारत के सामने 108 रन का लक्ष्य रखा है। शेफाली वर्मा, ऋचा घोष और श्वेता सहरावत जैसी विस्फोटक बल्लेबाजों से भरी टीम इंडिया के लिए यह लक्ष्य ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर फाइनल में जगह बनाना चाहेगी।

इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत बेहद खराब रही।

तीन रन के स्कोर पर टीम का पहला विकेट गिरा और पांच रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गईं। एना ब्राउनिंग ने एक और एमा मैक्लॉयड ने दो रन बनाए। इसके बाद जॉर्जिया प्लिमर ने एक छोर संभाला और इसाबेल ने 22 गेंद में 26 रन बनाकर कीवी टीम की मैच में वापसी कराई। कप्तान शार्प भी 13 रन बनाकर आउट हो गईं और 74 रन पर न्यूजीलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद एमा इरविन तीन, केट इरविन दो, लॉगनेबर्ग चार और नताशा तीन रन बनाकर आउट हुईं। इस बीच प्लिमर भी तेजी से रन बनाने के चक्कर में 32 गेंद में 35 रन बनाकर आउट हो गईं।

नाइट ने 12 रन की पारी खेल न्यूजीलैंड का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। अंत में न्यूजीलैंड की टीम नौ विकेट खोकर 107 रन बनाने में सफल रही। भारत के लिए परशवी चोपड़ा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। तितास साधू, मन्नत कश्यप, शेफाली वर्मा और अर्चना देवी को एक-एक विकेट मिला।

## न्यूजीलैंड ने भारत को 177 रन का लक्ष्य दिया, अर्शदीप ने 20वें ओवर में 27 रन लुटाए



न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 177 रन का लक्ष्य दिया है। 20 ओवर में कीवी टीम ने छह विकेट गंवाकर 176 रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने मैच में खराब गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर के कोटे में 51 रन लुटाए और सिर्फ एक विकेट लिया। 20वें ओवर में अर्शदीप गेंदबाजी के लिए आए और 27 रन लुटा दिए। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने सबसे ज्यादा 30 गेंदों में नाबाद 59 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा अर्धशतक रहा। वहीं, डेवोन कॉनवे ने 35 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का नौवां अर्धशतक रहा। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। वहीं, अर्शदीप, कुलदीप और शिवम मावी को एक-एक विकेट मिला।

## स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी शादी के बंधन में बंधे



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट केएल राहुल ने बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी के साथ शादी की। अब उनके बाद स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी शादी के बंधन में बंध गए हैं। अक्षर ने अपनी मंगेतर मेहा पटेल के साथ सात फेरे लिए। अक्षर पटेल की शादी गुरुवार (26 जनवरी) को गुजरात के वडोदरा में हुई। अब इस शादी समारोह की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। तस्वीरों में अक्षर और मेहा नक्काशीदार सफेद रंग के लिबास में बेहद खूबसूरत नजर आ रहे हैं। यहां अक्षर पारंपरिक पगड़ी बांधे दिखाई दे रहे हैं। मेहा भी शादी के जोड़े में बेहद प्यारी लग रही हैं। अक्षर और मेहा के फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मेहंदी, हल्दी, संगीत सेरेमनी से लेकर सात फेरों तक के कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। आपको बता दें कि 28 साल के अक्षर पटेल और मेहा एक-दूसरे को काफी लंबे समय से डेट कर रहे थे। पिछले साल ही मेहा और अक्षर की सगाई हुई। अब दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। अक्षर पटेल ने विंटेज कार पर अपनी बारात निकाली। अक्षर-मेहा की शादी में मोहम्मद कैफ, जयदेव उनादकट समेत कई क्रिकेटर भी पहुंचे।

# 'कभी नहीं सोचा था कि...' अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार के बाद भावुक हुई सानिया मिर्जा

## सानिया का अपने ग्रैंडस्लैम करियर का अंत खिताब के साथ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया




**मेलबर्न।** भारत की स्टार खिलाड़ी सानिया मिर्जा और उनके जोड़ीदार हमवतन रोहन बोपन्ना को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट के मिश्रित युगल में हार का सामना करना पड़ा। इस तरह से सानिया का अपने ग्रैंडस्लैम करियर का अंत खिताब के साथ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं।

सानिया और बोपन्ना की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी रोड लेवर एरेना में खेले गए फाइनल में लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस की ब्राजीलियाई जोड़ी से 6-7 (2) 2-6 से हार गई। सानिया ने अपने करियर में तीन महिला युगल और इतने ही मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। बयालीस वर्षीय बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन के रुप में मिश्रित युगल का एक ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है।

खेल के समापन के बाद सानिया ने ब्राजील की जोड़ी को बधाई दी। जीत के लिए उनकी सराहना की लेकिन, जैसे ही उन्होंने अपनी यात्रा के बारे में बोलना शुरू किया टेनिस स्टार अपने आंसुओं को रोक नहीं पाई। सानिया ने कहा कि मेरा प्रोफेशनल करियर मेलबर्न में शुरू हुआ। मैं अपने करियर को समाप्त करने के लिए इससे बेहतर नहीं सोच सकती थी। रोड लेवर मेरी जिंदगी में खास रहा है। कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने बेटे के सामने ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल पाऊंगी। यह सानिया के करियर का 11वां ग्रैंड स्लैम फाइनल था।

## हॉकी विश्व कप में नाकामी के बाद कोच ग्राहम रीड ने कहा, उनके अनुबंध की समीक्षा होगी



**राउरकेला।** भारत के मुख्य कोच ग्राहम रीड का अनुबंध भले ही 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक तक है लेकिन हॉकी विश्व कप में मेजबान टीम के जल्दी बाहर हो जाने के बाद उनके करार की समीक्षा किए जाने की संभावना है। भारतीय टीम 22 जनवरी को भुवनेश्वर में खेले गए क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड से पेनल्टी शूटआउट में हार गई थी जिससे वह विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में जगह नहीं बना पाई। कई हॉकी दिग्गज टीम की इस नाकामी के लिए रीड को जिम्मेदार मानते हैं। भारत की गुरुवार को क्लासिफिकेशन मैच में एशियाई खेलों के चैंपियन जापान पर 8-0 से बड़ी जीत के बाद रीड ने कहा कि उनके अनुबंध की समीक्षा की जाएगी। रीड को 2019 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। रीड से पूछा गया कि क्या वह इस साल होने वाले एशियाई खेलों तक टीम के साथ बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उन्होंने कहा, मैंने पेरिस ओलंपिक तक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन मुझे लगता है कि विश्वकप के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। पर अभी मैं अपना ध्यान अगले मैच पर केंद्रित कर रहा हूं। किसी बड़े टूनार्मेंट के बाद अनुबंध की समीक्षा करना सामान्य बात है लेकिन महत्वपूर्ण है कि ऑस्ट्रेलिया के रहने वाले रीड ने सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त नहीं की। भारत अब नौवें से 12वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

# त्रिकोणीय श्रृंखला : भारतीय महिला क्रिकेट टीम को फाइनल से पहले बल्लेबाजी में आक्रामकता लाने की जरूरत



**ईस्ट लंदन।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला के मैच में अपने रवैए में आक्रामकता लानी होगी। वेस्टइंडीज के पहले तीनों मैच गंवाने के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही फाइनल में जगह बना चुके हैं। ऐसे में दो फरवरी को होने वाले फाइनल से पहले यह मैच उसकी 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। अगर स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुभवी जोड़ी ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से नहीं निभाई होती तो भारतीय टीम पिछले लीग मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रतिस्पर्धी स्कोर नहीं बना पाती। इन दोनों खिलाड़ियों से जहां निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद की जा रही है वहीं कप्तान को युवा खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज कर रही यास्तिका भाटिया पावरप्ले में आक्रामक रवैया अपनाने में नाकाम रही है। अभी तो भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से हो रहा है लेकिन विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ इस तरह का रवैया टीम को मुश्किल में डाल सकता है। शेफाली की तरह अंडर-19 विश्व कप में खेल रही रिचा घोष की अनुपस्थिति में भारत को मध्यक्रम में एक 'पावर हिटर' की कमी खल रही है। अमनजीत कौर ने अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह उसे दोहराने की कोशिश करेगी। जेमिमा रोड्रिग्स की खराब फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से ही जारी है और वह अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले कुछ रन अपने नाम लिखवाना चाहेगी। इस मैच से हरलीन देओल को भी अपना प्रभाव छोड़ने का मौका मिलेगा क्योंकि वह पिछले दो मैचों में नाकाम रही थी। ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण अभी तक कोई मैच नहीं खेल पाई है लेकिन वह शनिवार को अंतिम एकादश में जगह बना सकती है। भारतीय टीम में वापसी करने वाली शिखा पांडे से भी गेंदबाजी में टीम को अच्छी शुरूआत की जरूरत है। वह वापसी के बाद अपने पहले मैच में विकेट नहीं ले पाई थी। दक्षिण अफ्रीका टूनार्मेंट के पहले मैच में भारत से हार गया था और वह फाइनल से पहले इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की थी।

*टीम इस प्रकार हैं :*

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, सभिनेनी मेघना, स्नेह राणा और शिखा पांडे।

**दक्षिण अफ्रीकाः** सुने लुस (कप्तान), क्लो ट्राईटन (उपकप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्क्सन, लारा गुडॉल, शबनीम इस्माइल, सिनालो जाफ्ता, मरिजैन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, टेबोगो मचेके, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, डेल्मी टकर और लौरा वोल्वार्ड्ट। मैच भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे शुरू होगा।

## वनडे वर्ल्ड कप से पहले वेस्टइंडीज का बड़ा फैसला ब्रायन लारा को 'परफॉर्मेंस मेंटर' नियुक्त किया



**सेंट जोंस (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा बतौर 'परफॉर्मेंस मेंटर' टीम के साथ काम करेंगे और वह दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले जिम्बाब्वे में टीम से जुड़ जाएंगे। क्रिकेट के सर्वकालिक महान क्रिकेटरों में शुमार लारा ने 1990 से 2006 के बीच अपने 16 साल के करियर में टेस्ट क्रिकेट में 11,000 से ज्यादा रन जुटाये हैं। उनके नाम टेस्ट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी कायम है जो उन्होंने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन की पारी खेलकर बनाया था। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने गुरूवार को लारा की नियुक्ति की घोषणा की और कहा कि वह वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय टीमों और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी सभी के साथ जुड़े रहेंगे। वेस्टइंडीज की टीम चार फरवरी से बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलेगी। लारा ने क्रिकेट वेस्टइंडीज को दिए बयान में कहा, मेरा मानना है कि मैं खिलाड़ियों को खेल के मानसिक पहलू और रणनीति पर मदद कर सकता हूं ताकि वे ज्यादा सफल हो सकें। बोर्ड के क्रिकेट निदेशक जिमी एडम्स ने कहा, ₹लारा सभी कोचों की मदद करेंगे और खिलाड़ियों को तकनीकी सलाह देंगे, ताकि उनका खेल सुधर सके। वनडे विश्व कप को देखते हुए उनकी नियुक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि उनके निर्देशन में हमारी टीमें अच्छा करेंगी।

# अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पिछले पांच साल में सामने आए डोपिंग के सिर्फ आठ मामले, सतर्क रहेगा एफआईएच



**भुवनेश्वर।** हॉकी डोपिंग के मामले में सबसे स्वच्छ खेलों में से एक है जिसमें पिछले पांच वर्षों में इससे संबंधित अपराधों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ियों को निलंबित हुए है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) हालांकि इस मामले में सतर्कता बनाये रखना चाहता है। जनवरी 2017 से डोप उल्लंघन (प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष) के 14 मामले रिपोर्ट किए गए हैं, जिनमें से आठ खिलाड़ियों को निलंबन की सजा दी गई है। इसमें लगभग सभी मामले नशीले पदार्थों से संबंधित है न कि प्रदर्शन बढ़ाने वाले पदार्थों से। एफआईएच के मुताबिक 2021 में डोपिंग नियमों के उल्लंघन (एडीआरवी) से जुड़ा सिर्फ एक मामला सामने आया लेकिन इसमें भी किसी को निलंबित नहीं किया गया। एफआईएच के वरिष्ठ संचार प्रबंधक निकोलस मैनगोट ने कहा, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप, एफआईएच एक स्वच्छ खेल संचालन की अपनी प्रतिबद्धता को बेहद गंभीरता से लेता है और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करता है कि डोपिंग से जुड़े परीक्षण और शिक्षा में कोई कमी ना रहे। हॉकी में हालांकि एथलेटिक्स, तैराकी, भारोत्तोलन और यहां तक कि फुटबॉल जैसे अन्य खेलों की तुलना में एक वर्ष में किए गए डोप परीक्षणों की संख्या बहुत कम है। मौजूदा विश्व कप में क्रॉसओवर मैचों के अंत तक लगभग 20 नमूने एकत्र किए गए थे, जो एक वैश्विक टूनार्मेंट के लिए बहुत कम है। क्रॉसओवर चरण तक विश्व कप के 44 में से 28 मैच खेले जा चुके है। इसकी तुलना में कतर में 2022 फीफा विश्व कप में 1,600 से अधिक डोप नमूने एकत्र किए गए थे। एफआईएच ने हालांकि कहा कि बाकी मैचों (16 मैचों) में अधिक नमूने एकत्र किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पहले भी परीक्षण किया जा चुका है। इस विश्व कप में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों द्वारा नमूने एकत्र किए जा रहे है। मैनगोट ने कहा, सभी टीमों का पहले ही परीक्षण किया जा चुका है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का परीक्षण पहले किया जा चुका है। यह एनएडीओ (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन) द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा, इस प्रक्रिया का प्रबंधन आईटीए (अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) करता है लेकिन नमूना संग्रह के लिए भारत का एनएडीओ जिम्मेदार है। हॉकी में 2021 में 177 खिलाड़ियों के 200 नमूने एकत्र किए गए, जिनमें से 127 प्रतियोगिता के दौरान के थे और 73 प्रतियोगिता से बाहर थे। इसमें मूत्र के नमूनों की संख्या 183 थी, जबकि 17 रक्त के नमूने थे। इस में 51 प्रतिशत नमूने पुरुष खिलाड़ियों के थे। उन्होंने कहा, एफआईएच ने जुलाई 2015 से नियम बनाया है कि उसकी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को एक अनुमोदित डोपिंग रोधी शिक्षा कार्यक्रम को पूरा करना होगा। ऐसे खिलाड़ी जिनके पास वैध डोपिंग रोधी प्रमाणपत्र (दो वर्ष के लिए वैध) नहीं है, उसे प्रतियोगिता में तब तक खेलने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि वे इसे हासिल नहीं कर लेता।

# एलजीएम : एमएस धोनी के प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म की हुई घोषणा




**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी के प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की पहली फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' की घोषणा की है। तमिल में बनने जा रही इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हरीश कल्याण, इवाना, नदिया और योगी बाबू होंगे। फिल्म का निर्देशन रमेश तमिलमणि करेंगे और इसकी शूटिंग 27 जनवरी से शुरू हो जाएगी।

काफी समय से खबरें थीं कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। क्रिकेट जगत में नाम कमाने के बाद अब वह फिल्मों में पारी खेलने को तैयार हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट लॉन्च किया है और इसके बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म की घोषणा भी हो गई है। फिल्म का नाम लेट्स गेट मैरिड है, जिसका मोशन पोस्टर जारी हुआ है। प्रोडक्शन हाउस की तरफ से ट्विटर पर फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। यह एक तमिल फिल्म होगी। कैप्शन में लिखा है, 'हम धोनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही पहली फिल्म के नाम लेट्स गेट मैरिड की घोषणा कर बेहद उत्साहित हैं। बता दें कि इस फिल्म में नादिया, हरीश कल्याण और अभिनेत्री इवाना लीड रोल में नजर आएंगी, वहीं योगी बाबू भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी रमेश थमिलमणि को सौंपी गई है। सबसे पहले बात करते हैं नादिया की। वह तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। नादिया अपने शादार प्रदर्शन के लिए फिल्मफेयर और नंदी पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। दूसरी ओर हरीश एक तमिल एक्टर हैं। फिल्म प्यार प्रेम काधल से उन्हें लोकप्रियता मिली। तमिल और मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री इवाना की पिछले साल फिल्म लव टुडे आई थी, जो हिट रही थी, वहीं योगी तमिल फिल्मों के जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन हैं। अक्टूबर, 2022 में धोनी के इस प्रोडक्शन हाउस का ऐलान हुआ था। इसी के साथ यह जानकारी दी गई थी कि इसके बैनर तले सबसे पहले एक तमिल फिल्म का निर्माण किया जाएगा। इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम धोनी की पत्नी साक्षी रावत संभाल रही हैं। निर्देशक थमिलमणि ने इस पर कहा था, इस फिल्म का कॉन्सेप्ट साक्षी का है, जो खास है और मुझे बेहद पसंद आया है।